

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0:

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 5 अंकः 39 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 19 नवम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

आठ साल की कानूनी लड़ाई के बाद जेल से बाहर आए आजम खान, बोले- सहने की बहुत क्षमता है

डासना जेल से काली स्कॉर्पियो में बैठकर रामपुर रवाना हुए सपा नेता, बेटे अदीब ने कहा- आज हमारे लिए ईद का दिन

गाजियाबाद। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान बुधवार, 18 नवंबर को गाजियाबाद की डासना जेल से रिहा हो गए। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बाद उनकी रिहाई का आदेश जेल प्रशासन पहुंचा। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उन्हें जेल से बाहर जाने की अनुमति दी गई।

जेल से बाहर निकलते ही आजम खान काली स्कॉर्पियो में सवार होकर रामपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने संक्षिप्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'सहने की बहुत क्षमता है।' उन्होंने अपने पुराने बयान को दोहराते हुए कहा कि शिक्षा का मंदिर एक मुसलमान ने बनाया है और यही उसकी सजा है।

आजम खान की रिहाई की खबर मिलते ही जेल के बाहर समर्थकों की भीड़ जुट गई।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अंतिम दौर में, कानूनी मसौदे पर बातचीत लगभग पूरी

अमेरिकी टैरिफ नीति पर स्पष्टता के बाद होंगे औपचारिक हस्ताक्षर, दोनों देशों के बीच अधिकांश अहम मुद्दों पर बनी सहमति

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर बड़ी प्रगति हुई है। समझौता अब अंतिम चरण में पहुंच गया है और दोनों देशों के बीच अधिकांश महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बन चुकी है। इतना ही नहीं, समझौते के कानूनी मसौदे को लेकर बातचीत भी लगभग पूरी हो गई है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए संकेत दिया कि दोनों देश जल्द से जल्द इस समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, औपचारिक हस्ताक्षर की प्रक्रिया अमेरिका की नई टैरिफ व्यवस्था को लेकर स्पष्टता मिलने के बाद ही पूरी हो सकेगी।

फिक्की की वार्षिक आम बैठक एवं वार्षिक सम्मेलन के प्रस्तावना कार्यक्रम में आयोजित ह्यइंडियाज नेक्स्ट लीपः रिफॉर्म्स, कॉम्पिटिटिवनेस एंड ग्रोथह्न विषयक पैनल चर्चा में वाणिज्य सचिव ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार



समझौते पर वार्ता काफी आगे बढ़ चुकी है। दोनों पक्षों ने ज्यादातर जरूरी मुद्दों को सुलझा लिया है और अब कानूनी दस्तावेज को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि लंबे समय से प्रतीक्षित यह समझौता जल्द ही निर्णायक मोड़ पर पहुंच सकता है।

कई देशों के साथ व्यापार वाताओं में तेजी

वाणिज्य सचिव ने बताया कि भारत केवल अमेरिका के साथ ही नहीं, बल्कि कई अन्य देशों और व्यापारिक क्षेत्रों के साथ भी समझौतों को लेकर बातचीत कर रहा है। कुछ समझौतों की समीक्षा की जा रही है, जबकि अन्य वाताओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। आने वाले सप्ताहों और महीनों में इन प्रयासों में और तेजी आने की उम्मीद है। सरकार का उद्देश्य भारतीय उद्योग, निर्यातकों और कारोबारियों के लिए वैश्विक बाजारों में नए अवसर तैयार करना है।

30 से 40 अरब डॉलर रह सकता है सोने का आयात

वाणिज्य सचिव ने सोने के आयात को लेकर भी अहम जानकारी दी। उनके अनुमान के मुताबिक, चालू वर्ष में भारत का स्वर्ण आयात 30 से 40 अरब डॉलर के बीच रह सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा आयात शुल्क व्यवस्था का सोने के आयात को नियंत्रित करने में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है। हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में आई नरमी को भी उन्होंने सकारात्मक संकेत बताया। हालांकि, वैश्विक स्तर पर सोने का व्यापक व्यापार होने के कारण इसके आयात को पूरी तरह नियंत्रित करना आसान नहीं है। सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने की संभावना से जुड़े सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में निर्णय लेना राजस्व विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है और वह इस विषय पर आधिकारिक टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं हैं।

व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिहाज से अहम समझौता

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को दोनों देशों के आर्थिक संबंधों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके अंतिम रूप लेने से द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और बाजार तक पहुंच के नए अवसर खुल सकते हैं। फिलहाल दोनों देशों की नजर अमेरिकी टैरिफ नीति पर स्पष्टता और कानूनी मसौदे को अंतिम मंजूरी मिलने पर टिकी है। (इनपुटः आईएएनएस)

अमेरिकी टैरिफ नीति बनी सबसे बड़ी चुनौती

समझौते पर हस्ताक्षर की समय-सीमा फिलहाल अमेरिका की भविष्य की टैरिफ नीति पर निर्भर है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व शुल्क व्यवस्था को निरस्त किए जाने के बाद वहां नई टैरिफ नीति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। भारत सरकार यह स्पष्ट रूप से समझना चाहती है कि अमेरिका की नई शुल्क व्यवस्था किस स्वरूप में लागू होगी और उसका भारतीय निर्यात पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इसी स्थिति के स्पष्ट होने के बाद समझौते को औपचारिक रूप देने की दिशा में आगे बढ़ा जा सकेगा।

पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारत की आर्थिक रफ्तार बरकरारः राजनाथ सिंह



समाज जागरण

टोक्यो। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की आर्थिक विकास दर करीब 7.8 प्रतिशत बनी हुई है। बुधवार को टोक्यो में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े 12 वर्षों में करीब 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और देश का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि अक्टूबर में यूपीआई से 31.53 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ। वहीं, भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर करीब 40 हजार करोड़ रुपये और रक्षा उत्पादन 1.80 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में तीनों सेनाओं के प्रदर्शन को भी भारतीय सैन्य क्षमता का प्रमाण बताया। (इनपुटः आईएएनएस)

बांग्लादेश में वेतन वृद्धि को लेकर श्रमिकों का प्रदर्शन

39 कपड़ा फैक्ट्रियां अनिश्चितकाल के लिए बंद

समाज जागरण

ढाका। बांग्लादेश के गाजीपुर में अधिक वेतन की मांग को लेकर कपड़ा उद्योग के श्रमिकों का प्रदर्शन तेज हो गया है। बुधवार को श्रमिकों ने ढाका-मयमनसिंह राजमार्ग जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। औद्योगिक क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक अमजद हुसैन के अनुसार, 10 फैक्ट्रियों में छुट्टी घोषित की गई है, जबकि 39 फैक्ट्रियों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। इससे पहले मंगलवार को विभिन्न औद्योगिक इलाकों में श्रमिकों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान ईंट-पत्थर फेंके गए और पुलिस ने आंसू गैस तथा साउंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। झड़पों में पुलिसकर्मियों, श्रमिकों और पत्रकारों समेत कई लोग घायल हुए थे। प्रशासन ने अशांति रोकने के लिए पहले 70 फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया था। (इनपुटः आईएएनएस)

यूपी में विधानसभा चुनाव के बाद होंगे ग्राम पंचायत चुनाव, प्रशासकों का कार्यकाल फिर छह महीने बढ़ा

योगी कैबिनेट ने पंचायत राज संशोधन अध्यादेश को दी मंजूरी, पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट आने तक जारी रहेगी प्रशासनिक व्यवस्था

समाज जागरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायत चुनावों को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। प्रदेश में अब विधानसभा चुनाव के बाद ही ग्राम पंचायतों के चुनाव कराए जाने की संभावना है। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश पंचायत राज संशोधन अध्यादेश के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके तहत ग्राम पंचायतों में नियुक्त प्रशासकों का कार्यकाल एक बार फिर छह



महीने बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। दरअसल, वर्ष 2021 में गठित ग्राम पंचायतों का पांच साल का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो गया था। इसके बाद निवर्तमान ग्राम प्रधानों को सामान्य प्रशासनिक और नियमित कार्यों के संचालन के लिए प्रशासक नियुक्त किया गया था। इन प्रशासकों का मौजूदा कार्यकाल 26 नवंबर 2026 को समाप्त हो रहा था। सरकार का कहना है कि पंचायतों में प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने और पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट का इंतजार करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। आयोग का गठन 18 मई 2026 को किया गया था और उसकी रिपोर्ट अभी आनी बाकी है।

आईएएस शिखर अग्रवाल की याचिका पर कल उच्च न्यायालय में सुनवाई

गोयल फैशंस कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने और पद के दुरुपयोग का आरोप, जांच की सरकारी मंजूरी को भी दी है चुनौती

जयपुर। राजस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शिखर अग्रवाल से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में नया घटनाक्रम सामने आया है। उनकी याचिका पर राजस्थान उच्च न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई होगी। सुनवाई से ठीक पहले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस घटनाक्रम के बाद मामले की सुनवाई पर सबकी निगाहें टिक गई हैं।

शिखर अग्रवाल ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की प्रारंभिक जांच और राज्य सरकार की ओर से जांच की अनुमति दिए जाने को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। उन्होंने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के



अंतर्गत दी गई अनुमति को निरस्त करने की मांग की है। याचिका में उनका कहना है कि जांच की अनुमति देने से पहले उनका पक्ष नहीं सुना गया और निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना निर्णय लिया गया। उन्होंने न्यायालय से अनुरोध किया है कि याचिका का निस्तारण होने तक प्राथमिकी दर्ज करने और किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड को कथित रूप से अनुचित लाभ पहुंचाने और पद के दुरुपयोग के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव (उद्योग) के पद पर रहते हुए शिखर अग्रवाल ने कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाया।

अब प्राथमिकी दर्ज होने के बाद गुरुवार को होने वाली सुनवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। न्यायालय में जांच की अनुमति और संबंधित कानूनी प्रक्रिया को लेकर उठाए गए सवालों पर सुनवाई होगी।

अब यूपी की पहचान दंगा-कर्फ्यू नहीं, विकास है; 2029-30 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्यः योगी

मुख्यमंत्री बोले- भाजपा कार्यकताओं और सुशासन के दम पर लड़ेगी विधानसभा चुनाव, तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का भरोसा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अब प्रदेश की पहचान दंगा, कर्फ्यू और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े सवालों से नहीं, बल्कि विकास और सुशासन से हो रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना है।

उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में अपने कार्यकताओं की ताकत और सरकार के विकास कार्यों के आधार पर जनता के बीच जाएगी तथा तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षा में सेंध की कोशिश नाकाम, सीआईएसएफ ने भाग रहे युवक को दबोचा

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की सतर्कता से सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश नाकाम हो गई। एक युवक ने बुधवार को सुरक्षा जांच से बचकर टर्मिनल-3 में जबरन प्रवेश करने का प्रयास किया। इस दौरान उसने सीआईएसएफ के एक उपनिरीक्षक को झटका देकर भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क जवानों ने तत्काल पीछा कर उसे पकड़ लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक अचानक सुरक्षा अधिकारी को धक्का देकर टर्मिनल के भीतर भागने लगा। हालांकि, मौके पर तैनात सीआईएसएफ कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे कुछ ही देर में दबोच लिया। इसके बाद युवक को हिरासत में लेकर हवाई अड्डा पुलिस के हवाले कर दिया गया।

दरगाह के पास दीप जलाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मदुरै स्थित तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम का पारंपरिक दीपक जलाने को लेकर विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। तमिलनाडु सरकार ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगाने की मांग की है, जिसमें दरगाह के पास स्थित प्राचीन पत्थर के स्तंभ पर दीपक जलाने की अनुमति देने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से आशंका जताई गई कि यदि इस स्तंभ पर दीपक जलाने की अनुमति दी जाती है, तो देशभर में मौजूद हजारों सर्वेक्षण स्तंभों को धार्मिक स्वरूप देने के दावे शुरू



यूपी की सियासी बिसात पर ठाकुर नेताओं की नई लामबंदी


उत्तर प्रदेश की राजनीति में जातिगत समीकरण हमेशा से सत्ता की चाबी रहे हैं। लेकिन नवंबर 2026 की सर्द हवाओं के बीच प्रदेश के सियासी गलियारों में एक नई गर्माहट महसूस की जा रही है। यह गर्माहट किसी एक राजनीतिक दल के दफ्तर से नहीं, बल्कि धार्मिक मंचों, व्यक्तिगत सुख-दुख के आयोजनों और बेबाक बयानों से निकल रही है। केंद्र में हैं कैसरगंज से पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और प्रतापगढ़ की कुंडा रियासत के दिग्गज नेता व जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के प्रमुख रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया। हाल ही में कुंडा में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की रामकथा के मंच से बृजभूषण शरण सिंह द्वारा राजा भैया के समर्थन में दिए गए बयान और उन्नाव कांड में सजायाफ्ता पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के परिवार के पक्ष में खड़े होने के ऐलान ने एक बड़े राजनीतिक विमर्श को जन्म दे दिया है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले उत्तर प्रदेश में ठाकुर (क्षत्रिय) नेतृत्व राजनीतिक दलों की सीमाओं से ऊपर उठकर एक नई सामाजिक और राजनीतिक गोलबंदी कर रहा है?

इस पूरे घटनाक्रम की सबसे ताजा तस्वीर प्रतापगढ़ जिले के कुंडा में देखने को मिली। कुंडा विधायक राजा भैया के संयोजन में आयोजित बागेश्वर महाराज की रामकथा में जब पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहुंचे, तो मंच का नजारा केवल धार्मिक नहीं रह गया। मंच से बृजभूषण शरण सिंह ने राजा भैया का हाथ पकड़कर भीड़ की ओर इशारा करते हुए कहा कि राजा भैया का दबदबा पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने दोनों नेताओं के बीच दरार डालने की कोशिश करने वालों को भी कड़ा संदेश दिया। राजनीतिक विश्लेषकों के लिए यह दृश्य बेहद महत्वपूर्ण है। कुछ समय पहले तक सोशल मीडिया और सियासी गलियारों में इस बात पर बहस छिड़ी हुई थी कि पूर्वांचल और अवध की राजनीति में ठाकुरों का सबसे बड़ा चेहरा कौन है बृजभूषण शरण सिंह या राजा भैया? जनवरी 2026 में गोंडा में बृजभूषण शरण सिंह द्वारा आयोजित राष्ट्रकथा में जब राजा भैया नहीं पहुंचे थे, तब दोनों के बीच अघोषित प्रतिस्पर्धा की अटकलें लगाई गई थीं। लेकिन कुंडा पहुंचकर बृजभूषण ने न केवल उन अटकलों पर विराम लगाया, बल्कि यह स्पष्ट कर दिया कि वे राजा भैया को अपना सुख-दुख का साथी मानते हैं। इस मंच पर पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जैसे नेताओं की मौजूदगी ने इस जमावड़े को और भी खास बना दिया।

कुंडा के कार्यक्रम के ठीक आसपास बृजभूषण शरण सिंह का एक और बयान सुर्खियों में आया, जिसने राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया। उन्नाव दुष्कर्म कांड में सजा काट रहे पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के परिवार को लेकर बृजभूषण ने खुले तौर पर कहा कि यदि सेंगर के परिवार से कोई भी व्यक्ति चुनाव मैदान में उतरता है, तो वे पूरी मजबूती के साथ उसके साथ खड़े होंगे और समर्थन करेंगे। इससे पहले भी जब सेंगर को कोर्ट से राहत या जमानत से जुड़ी खबरें आई थीं, तब बृजभूषण ने उनके समर्थन में बयान देते हुए कहा था कि सेंगर के खिलाफ उसी तरह षड्यंत्र रचा गया, जैसा उनके (बृजभूषण) खिलाफ रचा गया था। बृजभूषण का यह रुख कई मायनों में अहम है। कुलदीप सिंह सेंगर को भाजपा पहले ही पार्टी से निष्कासित कर चुकी है, और मुख्यधारा के राजनीतिक दल इस मामले पर खुलकर बोलने से बचते हैं। ऐसे में भाजपा के ही एक दिग्गज पूर्व सांसद द्वारा सेंगर परिवार के लिए चुनावी समर्थन का ऐलान करना इस बात का संकेत है कि यह राजनीति पार्टी लाइन से हटकर 'बिरादरी और व्यक्तिगत संबंधों' के आधार पर आगे बढ़ रही है। यह बयान सीधे तौर पर उन्नाव और आसपास के क्षेत्रों के क्षत्रिय मतदाताओं को एक भावनात्मक संदेश देने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में ठाकुर नेताओं की यह एकजुटता केवल बृजभूषण शरण सिंह और राजा भैया तक सीमित नहीं है। पिछले एक साल के भीतर हुए विभिन्न पारिवारिक, सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में पूर्वांचल से लेकर मध्य यूपी तक के कई प्रभावशाली ठाकुर चेहरे एक साथ नजर आए हैं। जौनपुर के पूर्व सांसद और पूर्वांचल की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाले धनंजय सिंह इस पूरे समीकरण की एक अहम कड़ी हैं। गोंडा में बृजभूषण शरण सिंह की राष्ट्रकथा में धनंजय सिंह की प्रमुख मौजूदगी ने यह दिखाया कि पूर्वांचल और देवीपाटन मंडल के ये दोनों दिग्गज एक ही धुरी पर खड़े हैं। वाराणसी और चंदौली क्षेत्र में प्रभाव रखने वाले पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह और एमएलसी विनीत सिंह जैसे नेताओं का भी इन दिग्गजों से गहरा सामाजिक जुड़ाव रहा है। गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह (जो समाजवादी पार्टी से बगावत कर चुके हैं) और मिजार्पुर व आसपास के जिलों के कई क्षत्रिय जनप्रतिनिधि भी समय-समय पर इन सामाजिक मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे हैं। हालांकि धनंजय सिंह और अभय सिंह के बीच पुरानी राजनीतिक अदावत रही है, लेकिन व्यापक बिरादरी के मंचों और बृजभूषण जैसे वरिष्ठ नेताओं के साथ इन सभी के व्यक्तिगत समीकरण मजबूत दिखाई देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि बृजभूषण शरण सिंह भाजपा में रहते हुए भी समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की तारीफ करने से नहीं चूकते। वहीं राजा भैया अपनी अलग पार्टी (जनसत्ता दल) चलाते हैं, धनंजय सिंह जदयू से जुड़े रहे हैं, और अभय सिंह सपा के बागी विधायक हैं। इसके बावजूद इन सभी नेताओं के बीच का संवाद और एक-दूसरे के प्रति समर्थन बेहद सहज है।

इस सवाल का जवाब उत्तर प्रदेश की बदलती सामाजिक-राजनीतिक संरचना में छिपा है। 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद से ही उत्तर प्रदेश में सवर्ण और विशेष रूप से ठाकुर मतदाताओं की नाराजगी या असंतोष की खबरें चर्चा में रही हैं। पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक कई क्षत्रिय पंचायतों का आयोजन हुआ, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा समाज की अनदेखी का मुद्दा उठाया गया। बृजभूषण शरण सिंह, राजा भैया, धनंजय सिंह और कुलदीप सेंगर जैसे नेताओं के समर्थकों के बीच यह धारणा गहरी होती जा रही है कि विभिन्न राजनीतिक दल जरूरत पड़ने पर इन नेताओं का उपयोग करते हैं, लेकिन संकट के समय या टिकट बंटवारे में इन्हें किनारे कर दिया जाता है। उदाहरण के लिए, 2024 के लोकसभा चुनाव में बृजभूषण शरण सिंह का टिकट कटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को दिया गया। कुलदीप सेंगर का परिवार राजनीतिक हाशिए पर है, और धनंजय सिंह को भी कानूनी व राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसी पृष्ठभूमि में इन नेताओं ने अपनी सियासी प्रासंगिकता और 'दबदबा' बनाए रखने के लिए एक नया रास्ता अख्तियार किया है। यह रास्ता है गैर-राजनीतिक मंचों के जरिए राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन। रामकथा, राष्ट्रकथा, जन्मदिन समारोह और पारिवारिक आयोजनों के बहाने ये नेता एक मंच पर जुटते हैं, शक्ति प्रदर्शन करते हैं और अपने समाज को यह संदेश देते हैं कि वे एकजुट हैं। हाल ही में योगी सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर द्वारा धनंजय सिंह, बृजेश सिंह और अभय सिंह को लेकर दिए गए विवादित बयान ('दरबारी' कहने) पर जिस तरह से ठाकुर समाज और इन नेताओं के समर्थकों में तीखी प्रतिक्रिया हुई, उसने भी इस एकजुटता को हवा दी है।इसमें कोई दो राय नहीं है कि उत्तर प्रदेश में ठाकुर राजनीति इस समय एक नए मोड़ पर खड़ी है। बृजभूषण शरण सिंह का कुंडा जाकर राजा भैया के कसीदे पढ़ना और कुलदीप सेंगर के परिवार को खुला समर्थन देना महज संयोग नहीं है। यह एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य किसी एक राजनीतिक दल का पिछलग्गू बनने के बजाय अपनी स्वतंत्र राजनीतिक ताकत और सौदेबाजी की क्षमता को बढ़ाना है।



संजय सक्सेना

बीजेपी का अखिलेश से बेहतर योगी वाला नैरेटिव



उत्तर प्रदेश की राजनीति में अगले वर्ष की शुरूआत के विधानसभा चुनावों की आहट के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बीच सीधा मुकाबला और तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी इस चुनावी जंग को 'अखिलेश से बेहतर योगी' के नैरेटिव पर ले जाने की तैयारी कर रही है, जहां एक तरफ योगी सरकार के कामकाज और कड़क प्रशासनिक छवि को रखा जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ पूर्ववर्ती सपा सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों और विभिन्न दलों के बयानों के आधार पर देखें तो यह लड़ाई दो बिल्कुल अलग कार्यशैलियों, विचारधाराओं और राजनीतिक रणनीतियों का टकराव बन गई है। भाजपा और योगी समर्थकों का मानना है कि आमने-सामने की इस सियासी लड़ाई में योगी आदित्यनाथ के पास अपनी उपलब्धियां गिनाने के लिए कामकाज की एक लंबी फेहरिस्त है। योगी सरकार के समर्थक एक्सप्रेसवे नेटवर्क के विस्तार, नए हवाई अड्डों, निवेश सम्मेलनों और अयोध्या व काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसे सांस्कृतिक व बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों को अपनी बड़ी सफलता के रूप में पेश करते हैं। इसके विपरीत, भाजपा नेताओं का आरोप है कि विकास के मोर्चे पर अखिलेश यादव सरकार का रिकॉर्ड सीमित रहा और वे केवल आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे या लखनऊ मेट्रो जैसे कुछ चुनिंदा प्रोजेक्ट्स का ही जिक्र कर पाते हैं। हालांकि, समाजवादी पार्टी के समर्थक और स्वयं अखिलेश यादव इस दावे को खारिज करते हैं। उनका कहना है कि उनके शासनकाल में शुरू की गई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, डायल-100 पुलिस सेवा और लैपटॉप वितरण जैसी योजनाओं ने ही आधुनिक उत्तर प्रदेश की नींव रखी थी।

कानून-व्यवस्था और माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई का मुद्दा इस पूरी राजनीतिक बहस के केंद्र में है। भाजपा की ओर से यह आरोप लगातार लगाया जाता रहा है कि 2012 से 2017 के बीच अखिलेश यादव के शासनकाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी, सपा नेताओं की गुंडागर्दी और जमीनों पर अवैध कब्जों की घटनाओं ने आम जनता को परेशान किया था और माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था। आलोचकों के अनुसार, यह छवि आज भी अखिलेश यादव का पीछा नहीं छोड़ रही है। इसके ठीक विपरीत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'माफिया को मिट्टी में मिलाने' और भू-माफियाओं पर शिकंजा कसने की नीति को अपनी सरकार की सबसे बड़ी पहचान बनाया है। माफियाओं की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति ने योगी की छवि एक सख्त और निर्णायक प्रशासक की बनाई है, जिसे भाजपा 'सुरक्षा और सु-शासन' के मॉडल के रूप में प्रचारित करती है। दूसरी ओर, अखिलेश यादव और विपक्षी दल बुलडोजर कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे असंवैधानिक बताते हैं और वर्तमान सरकार पर दलितों व अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार तथा फर्जी मुठभेड़ों के आरोप लगाते हैं। धार्मिक और सामाजिक समीकरणों के मोर्चे पर भी दोनों नेताओं की रणनीतियां स्पष्ट रूप से बंटी हुई दिखाई देती हैं। भाजपा और उसके समर्थक अखिलेश यादव पर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हैं। उनका कहना है कि सपा की राजनीति एक विशेष वर्ग के वोट बैंक के इर्द-गिर्द घूमती है और अल्पसंख्यकों के सही-गलत हर कदम पर आंखें मूंद लेने की प्रवृत्ति ने बहुसंख्यक समाज में नाराजगी पैदा की है। इसके अलावा, राम मंदिर निर्माण के दौरान चंदा चोरी जैसे आरोपों को लेकर भाजपा समर्थक सपा पर हिंदू आस्था और धर्म को बदनाम करने की कोशिश करने का आरोप मढ़ते हैं। भाजपा का मानना है कि हिंदू वोटों को जातियों में बांटने के लिए ही अखिलेश यादव ने 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का नारा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर तीखा हमला बोलते हुए पीडीए को 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी' तक करार दिया है और आरोप लगाया है कि सपा की राजनीति केवल एक परिवार के विकास तक सीमित रही है।

हालांकि, अखिलेश यादव की इस पीडीए रणनीति को राजनीतिक गलियारों में एक सोची-समझी काट के रूप में भी देखा जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश में 37 सीटें जीतने के बाद सपा खेमे का उत्साह बढ़ा है और वह इसे अपने सामाजिक न्याय के फॉर्मूले की जीत मानता है। अखिलेश यादव का तर्क है कि भाजपा की '80 बनाम 20' की राजनीति अब '95 बनाम 5' में बदल चुकी है, जहां 95 प्रतिशत पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग अपने अधिकारों और आरक्षण की रक्षा के लिए एकजुट हो रहे हैं। वे योगी सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली जैसे बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए हिंदुत्व का सहारा लेने का आरोप लगाते हैं। वहीं, योगी आदित्यनाथ के समर्थक मानते हैं कि हिंदुत्व और विकास का उनका एजेंडा जातिगत राजनीति से कहीं ऊपर है। भाजपा का दावा है कि मुफ्त राशन, आवास योजना और स्वास्थ्य बीमा जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी जाति या धर्म के भेदभाव के समाज के हर वर्ग को मिला है, जिससे जातीय ध्रुवीकरण की राजनीति कमजोर पड़ी है। योगी की कड़क प्रशासनिक शैली, धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार और निवेश आकर्षित करने की नीतियों के सामने भाजपा समर्थक अखिलेश यादव को काफी पीछे मानते हैं। कुल मिलाकर, उत्तर प्रदेश की राजनीति आज दो स्पष्ट ध्रुवों पर खड़ी नजर आती है। एक तरफ योगी आदित्यनाथ का राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सख्त कानून-व्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास का दावा है, तो दूसरी तरफ अखिलेश यादव का सामाजिक न्याय, पीडीए गठबंधन और सरकार की कथित विफलताओं को उजागर करने का अभियान है। आने वाले समय में जनता किसके दावों पर भरोसा करती है, यही तय करेगा कि लखनऊ की सत्ता की चाबी किसके हाथ में रहेगी।



अजय कुमार

निराशा से बढ़कर कोई शत्रु नहीं, श्रम, संकल्प सबसे बड़े दोस्त।



मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता'

संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार

विधान सभा चुनावों के लिए भाजपा ने कसी कमर उपद्रव नहीं अब उत्सव है प्रदेश की पहचान

उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव -2027 की सरगर्मियां तेज हो गई हैं । इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और संगठन बल के साथ अपनी तैयारियों को अंतिम स्वरूप प्रदान करने में जुट गई है। भाजपा ने युवा, महिला, किसान व गरीब समाज को साधने के लिए सरकारी खजाना खोल दिया है। समाज के प्रत्येक वर्ग तक अपनी पहुँच को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ याजनाओं की बहार ला रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा तब और अब के अंतर को बताते हुए जनता के मध्य उतर चुकी है। मुख्यमंत्री योगी अब हर उत्सव के दौरान जनमानस को यह बता रहे हैं कि उपद्रव से उत्साह की यात्रा नए उप्र की पहचान बन चुकी है। प्रदेश सरकार वर्तमान समय में जहां अपने संकल्प पत्र को पूर्णता प्रदान करने की ओर अग्रसर है वहीं नये लक्ष्यों का भी संकल्प लिया जा रही है। योगी आदित्यनाथ हिन्दू समाज को एकजुटता प्रदान करने का कोई अवसर नहीं चूक रहे हैं।

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल से युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत दूसरे चरण में 25 लाख टैबलेट वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर और हरदोई के 300 से अधिक शिक्षण संस्थानों के 50 हजार से अधिक युवाओं को टैबलेट दिया। मुख्यमंत्री योगी ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं से अपना नाम मतदाता सूची मे दर्ज करवाने की अपील करते हुए उनसे बजरंग बली की तरह अपनी शक्ति पहचानने का आह्वान भी किया। साथ ही मुख्यमंत्री योगी अपनी सरकार में 2019 से अभी तक युवाओं के लिए हुए कार्यों की जानकारी देते हुए अगली सरकार में युवाओं के लिए किए जा रहे संकल्पों की झलक भी दिखाई। योगी ने युवाओं से वादा किया कि आगामी 26 जनवरी तक युवाओं को एक लाख नौकरियां और दी जाएंगी। पहले चरण में अभी तक 60 लाख युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन दिए जा चुके हैं। इनमें इन्फोसिस के सहयोग से अनेक पाठयक्रमों की डिजिटल सामग्री मुफ्त उपलब्ध कराई है। इनमें योग से लेकर एआई और डीपटेक जैसे आधुनिक विषय शामिल हैं। युवा साथी ऐप के माध्यम से छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पीएम और सीएम इंटर्नशिप, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान और पीएम मुद्रा सहित केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी मिलेगी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती अवसर पर यह योजना प्रारंभ की गई थी और दो करोड़ युवाओं को डिजिटल उपकरण देने का संकल्प लिया गया था। आईआईएम लखनऊ से कराए गए अध्ययन में इसके उत्साहजनक परिणाम सामने आए और अब युवाओं को स्मार्टफोन की जगह टैबलेट दिए जा रहे हैं।

इस समय उत्तर प्रदेश भारत का सबसे युवा प्रदेश है, जहां 56 से 60 प्रतिशत आबादी युवा वर्ग की है। देश की राजधानी दिल्ली में नीट की परीक्षा में धांधली को लेकर छात्रों का आक्रोश भारत सरकार ने झेला था तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पद त्याग भी करना पड़ा था। कॉकरोच जनता पार्टी ने स्कूल -कालेजों की बदहाली के नाम पर उत्तर प्रदेश में भी युवाओं को भड़काने का असफल प्रयास किया किंतु प्रदेश सरकार की सतर्कता के कारण अराजक तत्व प्रदेश के युवाओ को भड़काने में नाकाम रहे। प्रदेश सरकार युवाओं को यह भी बता रही है कि 2017 से पूर्व प्रदेश में युवाओं के समक्ष पहचान का संकट था जबकि आज वे गर्व से खुद को उत्तर प्रदेश का निवासी बताते हैं। मुख्यमंत्री योगी यह बात भी अवश्य बताते हैं कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में अब तक प्रदेश में 9.50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है।आठ हजार लेखपालों और 32 हजार पुलिस कर्मियों की भर्ती पूरी हो चुकी है।सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है।अगले दस दिनों में 42 हजार होमगार्डों को भी नियुक्ति पत्र देने की तैयारी है। शिक्षा विभाग, लोकसेवा आयोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से भी बड़ी संख्या में नियुक्तियां होंगी। अभी तक शिक्षा विभाग के 3,568 पंचायती राज विभाग के 1,375 खेल कोटे के 470 फोरेंसिक विभाग के 28, पुलिस के 4,543 उपनिरीक्षकों और राजस्व विभाग के 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं।

आत्मकथा का दौर, वास्तविकता मचाए शोर

आत्मकथा लिखों तो, गलतियों
का हिसाब लगाओ,

पकड़े जाने का डर हो, वहाँ क्षमा
का पैबंद लगाओ।

थोड़ा त्याग-थोड़ा संघर्ष एवं
संवेदना मिलाते जाओ,

अपनी हरेक नाकामी, समाज
सेवा बतलाते जाओ।

बचपन की "गरीबी" लिखना,
चाहे जेब में माल रहा,

साइकिल पंचर का किस्सा,
जीवन का सवाल रहा।

फ्लैशबैक में जा लिखना, कैसे
मुश्किल दिन गुजारे,

सत्तर-अस्सी के फिल्मी किस्से,
क्यों संघर्ष में उतारे।

कॉलेज की यादें रंगीन, किस्सों में
थोड़ी मिठास भरो,

इश्क हो या ना हुआ हो, बेवफाई
को भी खास करो।

हर गलती का कारण ऐसा,
जिसमें दर्शन निकल पड़े,

पाठक पढ़ सोच में पड़े, त्याग के
संस्करण आन पड़े।

कुछ पन्नों पर आँसू रख देना,
कुछ पन्नों पर मुस्कान,

अपनी तारीफ खुद ही करके,
दूसरों से पाए सम्मान।

लेकिन इतना ध्यान रखना, सच
कहीं झाँक न जाए,

आत्मकथा बाहर निकले, पुराना
राज ना खुल जाए।

कल तक जो मौन रहे थे, वे भी
तो अपना पक्ष रखेंगे,

आपके लिखे किस्सों पे, संस्मरण
अलग ही लिखेंगे।

आत्मकथा का संकट,
लिखनेवाला खुद भगवान बने,

पाठक "वाह-वाह" करता जाए,
परिचित परेशान बनें!

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

जनगणना-2027 की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी सख्त, अधिकारियों को लगाई फटकार

ड्यूटी ग्रहण नहीं करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश, सभी विभागों को आज ही अधीनस्थ कर्मचारियों की स्वगणना कराने का आदेश

समाज जागरण



गौतमबुद्धनगर, 18 नवंबर। जनगणना-2027 के तहत स्वगणना अभियान की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को ड्यूटी आवंटित कराने में देरी होने पर उन्होंने चार्ज अधिकारियों को फटकार लगाई। साथ ही जनगणना की ड्यूटी ग्रहण नहीं करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना-2027 की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वगणना की धीमी रफ्तार पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनगणना कार्य में शिथिलता बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत सभी कर्मचारियों की स्वगणना आज ही पूरी कराना सुनिश्चित करें। जिन कर्मचारियों की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाई गई है, उन्हें अपने आवंटित क्षेत्रों में परिवारों से संपर्क स्थापित कर अधिक से अधिक लोगों की स्वगणना कराने के लिए निर्देशित किया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय और पूरी जिम्मेदारी के साथ अभियान को गति दें, ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। इसके लिए प्रत्येक स्तर पर कार्यों की नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी, एडीसीपी क्राइम आर.के. गौतम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं जिला जनगणना अधिकारी अजीत सिंह, ओएसडी नोएडा इंदु प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए नेहा सिंह, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी परवेज अली, जिला प्रभारी जनगणना प्रदीप कुमार सहित संबंधित चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

किसान दिवस में फार्मर रजिस्ट्री और फसल बीमा के प्रति किसानों को किया जागरूक

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की निर्बाध प्राप्ति के लिए ई-केवाईसी और अधूरी जानकारी अपडेट कराने की अपील, कई समस्याओं का मौके पर हुआ निस्तारण

समाज जागरण



गौतमबुद्धनगर, 18 नवंबर। किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से बुधवार को विकास भवन स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक कृषि विवेक दुबे ने की। इसमें किसानों को फार्मर रजिस्ट्री, फसल बीमा और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

किसान दिवस में प्रगतिशील किसानों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री, परिवार पहचान पत्र तथा फसल बीमा के संबंध में जागरूक किया। साथ ही बताया गया कि निकट भविष्य में खाद खरीदने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य किए जाने की व्यवस्था के संबंध में किसानों को जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी कि वे खेतों में खाद का प्रयोग मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दी गई सिफारिशों के अनुसार ही करें, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और फसलों का बेहतर उत्पादन हो सके।

कार्यक्रम में फसल बीमा के महत्व की जानकारी देते हुए किसानों को भारतीय कृषि बीमा कंपनी के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि फसल बीमा प्राकृतिक आपदाओं और अन्य जोखिमों की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक है।

वहीं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्तों का निर्बाध लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को ई-केवाईसी पूरी कराने और अभिलेखों में दर्ज अधूरी या छूटी हुई जानकारी को अद्यतन कराने के लिए जागरूक किया गया।

किसानों की सहायता के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में सिंचाई, ऊर्जा, कृषि, उद्यान, दुग्ध उत्पादन एवं पशुपालन सहित कृषि उत्पादन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान फार्मर रजिस्ट्री और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित किसानों की कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

अंत में उप निदेशक कृषि विवेक दुबे ने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और किसान दिवस के समापन की घोषणा की।

सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

सेक्टर-105 में बीएलओ की अनुपस्थिति से मतदाता परेशान, आरडब्ल्यूए ने जिलाधिकारी से मांगा हस्तक्षेप

लंबित मतदाता पहचान पत्रों के शीघ्र वितरण और वैकल्पिक बीएलओ की नियुक्ति की मांग, आरडब्ल्यूए को भी मिले बीएलओ के दौरे की पूर्व सूचना

समाज जागरण संदीप गर्ग



नोएडा। सेक्टर-105 में मतदाता संबंधी कार्यों में आ रही परेशानियों को लेकर सेक्टर-105 आरडब्ल्यूए ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय ने जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम को पत्र सौंपकर अनुपस्थित बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की जगह वैकल्पिक अधिकारियों की नियुक्ति कराने तथा लंबे समय से लंबित मतदाता पहचान पत्रों का वितरण शीघ्र सुनिश्चित कराने की मांग की है।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने पत्र में बताया कि सेक्टर की भाग संख्या 766 में बीएलओ भारती सिंह अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं, लेकिन शेष भाग संख्याओं के बीएलओ लंबे समय से अनुपस्थित हैं। इन स्थानों पर वैकल्पिक बीएलओ की नियुक्ति नहीं होने से मतदाताओं को नए पहचान पत्र बनवाने, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और विवरण में संशोधन कराने में परेशानी हो रही है।

उन्होंने बताया कि कई निवासियों ने महीनों पहले आवेदन किया था, लेकिन अभी तक उन्हें मतदाता पहचान पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं। इससे विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और कामकाजी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने निर्वाचन विभाग और आरडब्ल्यूए के बीच समन्वय की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि जब भी बीएलओ अपने कार्य के लिए सेक्टर में आते हैं, तो उनके आने की तिथि, समय और निर्धारित स्थान की पूर्व सूचना आरडब्ल्यूए को नहीं दी जाती। इसके कारण आरडब्ल्यूए समय रहते निवासियों को जानकारी नहीं दे पाती और कई लोग आवश्यक कार्यों से वंचित रह जाते हैं।

उन्होंने सुझाव दिया कि बीएलओ के सेक्टर भ्रमण का कार्यक्रम पहले से आरडब्ल्यूए को उपलब्ध कराया जाए, ताकि सूचना विभिन्न माध्यमों से सभी निवासियों तक पहुंचाई जा सके। इससे मतदाताओं को सुविधा मिलने के साथ निर्वाचन संबंधी कार्यों में भी तेजी आएगी।

दिव्य कृष्णात्रेय ने जिलाधिकारी से सेक्टर की सभी प्रभावित भाग संख्याओं में सक्रिय एवं वैकल्पिक बीएलओ की नियुक्ति कराने, लंबित मतदाता पहचान पत्रों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने तथा बीएलओ के दौरे की पूर्व सूचना आरडब्ल्यूए को देने की व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन इस समस्या का शीघ्र समाधान करेगा, जिससे सेक्टर के निवासियों को मतदाता संबंधी कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुगम हो सके।

102 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

इकोटेक प्रथम पुलिस ने ओपो बिजलीघर सर्विस रोड के पास की कार्रवाई, आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

समाज जागरण संदीप गर्ग



गौतमबुद्धनगर। अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना इकोटेक प्रथम पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 102 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की है। आरोपी की पहचान राजवीर (24 वर्ष) पुत्र धनपाल निवासी ग्राम गुरैना, थाना कासगंज, जिला कासगंज के रूप में हुई है। वह वर्तमान में कालीचरण मार्केट, कस्बा एवं थाना कासना, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था।

पुलिस के अनुसार, 17 नवंबर 2026 को थाना इकोटेक प्रथम पुलिस ने स्थानीय खुफिया सूचना और बीट पुलिसिंग की सहायता से ओपो बिजलीघर सर्विस रोड के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 102 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद हुई।

इस मामले में थाना इकोटेक प्रथम में मुकदमा अपराध संख्या 124/2026 के तहत आबकारी अधिनियम की धारा 60 में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

जिलाधिकारी ने सूरजपुर जनसुविधा केंद्र का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

बैठने, पेयजल और स्वच्छता का लिया जायजा, परिसर में पर्याप्त रोशनी नहीं मिलने पर प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने को कहा

समाज जागरण



गौतमबुद्धनगर, 18 नवंबर। आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने बुधवार को सूरजपुर स्थित जनसुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर नागरिकों को मिल रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र पर आने वाले लोगों के बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल तथा विभिन्न सेवाओं के संचालन की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुविधा केंद्र आमजन और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण संपर्क माध्यम हैं। इसलिए यहां आने वाले प्रत्येक नागरिक को सहज, सुगम और बेहतर सेवाएं मिलनी चाहिए। केंद्र पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं व्यवस्थित रखी जाएं तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी भी नागरिक को परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं पाए जाने पर जिलाधिकारी ने प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र संचालकों से व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने और नागरिकों को सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने को कहा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

डेढ़ करोड़ रुपये का गांजा बरामद, दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

बादलपुर पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त कार्रवाई, ट्रक के टूल बॉक्स के पास गुप्त जगह बनाकर छिपाया था 177 किलो 790 ग्राम गांजा

समाज जाागरण संदीप गर्ग



गौतमबुद्धनगर। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की थाना बादलपुर पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के बड़े मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 177 किलो 790 ग्राम अवैध गांजा और तस्करी में प्रयुक्त बिना बॉडी का एक ट्रक बरामद किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, 18 नवंबर 2026 को स्थानीय खुफिया सूचना और मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से संयुक्त टीम ने अंबेडकर पार्क के सामने से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान इरफान पुत्र बसीर (31 वर्ष) और आसिफ पुत्र सगीर (20 वर्ष) निवासी सांचोली, थाना सोहना, जिला गुरुग्राम, हरियाणा के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से ट्रक संख्या HR38AB2007 भी बरामद किया है।

ट्रक में गुप्त जगह बनाकर छिपाते थे गांजा

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले हैं। इरफान ट्रक का मालिक होने के साथ चालक का काम करता है, जबकि आसिफ उसके साथ सहायक के रूप में काम करता है। दोनों ओडिशा से गांजा लेकर गुरुग्राम जा रहे थे। गांजे को ट्रक के निचले हिस्से में टूल बॉक्स के पास विशेष गुप्त जगह बनाकर छिपाया गया था। यह जगह देखने में डीजल टैंक जैसी प्रतीत होती थी। आरोपियों की योजना गांजे की खेप को ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर पहुंचाने की थी।

पहले भी एनडीपीएस मामले में जा चुके हैं जेल

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में यह भी जानकारी मिली है कि दोनों आरोपी पूर्व में असम राज्य में एनडीपीएस अधिनियम से जुड़े एक मामले में जेल जा चुके हैं। इस संबंध में पुलिस विस्तृत जानकारी जुटा रही है। इस मामले में थाना बादलपुर में मुकदमा अपराध संख्या 367/2026 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20/60 में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास और मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अन्य संपर्कों की जानकारी जुटाने में लगी है।

डॉ. उज्ज्वला शिव शर्मा शिंदे बनीं महिला उन्नति संस्था की महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष

महिला संगठन के विस्तार और सशक्तिकरण अभियान को मिलेगी नई गति, राष्ट्रीय नेतृत्व ने जताया भरोसा

समाज जाागरण संदीप गर्ग





महाराष्ट्र। महिला उन्नति संस्था ने महाराष्ट्र की वरिष्ठ समाजसेविका एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली डॉ. उज्ज्वला शिव शर्मा शिंदे को महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से प्रदेश में संस्था के संगठनात्मक विस्तार और महिला सशक्तिकरण से जुड़े अभियानों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

डॉ. उज्ज्वला शिव शर्मा शिंदे की नियुक्ति पर महिला उन्नति संस्था परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। संस्था के राष्ट्रीय नेतृत्व ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव, कुशल नेतृत्व और समाजसेवा के प्रति समर्पण से महाराष्ट्र में संगठन को मजबूती मिलेगी।

राष्ट्रीय नेतृत्व के अनुसार, उनके नेतृत्व में महिला शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे। साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा।


संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग की महिलाओं को सहयोग प्रदान करना तथा उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

महिला उन्नति संस्था परिवार ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि डॉ. उज्ज्वला शिव शर्मा शिंदे अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगी तथा महाराष्ट्र में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

सेक्टर-78 की ग्रीन बेल्ट से अवैध अतिक्रमण हटाया, जेसीबी पर हमला करने वाले हिरासत में

नोएडा प्राधिकरण की ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान हुआ विरोध, सरकारी मशीन क्षतिग्रस्त; उपद्रवियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी

समाज जागरण



नोएडा, 18 नवंबर। नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-78 स्थित ग्रीन बेल्ट में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। इस दौरान टीन शेड, दुकानों और अन्य अस्थायी निमार्णों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध करते हुए हंगामा किया और प्राधिकरण की सरकारी जेसीबी मशीन पर हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने उपद्रव करने वाले लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के निर्देश पर वर्क सर्किल-6 की टीम ने भू-विभाग और नोएडा पुलिस के सहयोग से यह अभियान चलाया। प्राधिकरण के अनुसार, ग्रीन बेल्ट की भूमि पर अवैध रूप से टीन शेड, दुकानें और अन्य अस्थायी निर्माण किए गए थे, जिन्हें हटाने की कार्रवाई की गई।

ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान कुछ व्यक्तियों ने विरोध करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया। इसी दौरान प्राधिकरण की सरकारी जेसीबी मशीन पर हमला किया गया, जिससे मशीन क्षतिग्रस्त हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने विरोध एवं उपद्रव करने वाले व्यक्तियों को हिरासत में लिया। घटना के संबंध में संबंधित लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि उसकी भूमि, ग्रीन बेल्ट और सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान आगे भी जारी रहेगा।

नोएडा प्राधिकरण ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी है कि सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा न करें और सरकारी कार्य में बाधा डालने या सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से बचें। ऐसा करने वालों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण के साथ दंडात्मक एवं कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

प्राधिकरण ने कहा कि अवैध अतिक्रमण और गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

मोटरसाइकिल से करते थे रेकी, घरों के बाहर रखे मोबाइल उड़ाने वाले दो चोर गिरफ्तार

बीटा-2 पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन और दो अवैध चाकू किए बरामद, नंबर प्लेट हटाकर देते थे वारदात को अंजाम

समाज जागरण



ग्रेटर नोएडा। थाना बीटा-2 पुलिस ने चोरी की घटनाओं में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट हटाकर मकानों की रेकी करते थे और खिड़की तथा दरवाजों के पास रखे मोबाइल फोन चोरी कर लेते थे।

पुलिस के अनुसार, 18 नवंबर 2026 को स्थानीय खुफिया सूचना और बीट पुलिसिंग की सहायता से दोनों आरोपियों को यथार्थ गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान अंकित पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी थाना कुरावली, जनपद मैनपुरी, वर्तमान पता तुलसी विहार कॉलोनी, थाना दादरी तथा फिरोज पुत्र मसाकू निवासी दादरी, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं। उन्होंने करीब एक माह पहले अल्फा कमर्शियल बेल्ट से पैशन प्रो मोटरसाइकिल चोरी की थी। इसके बाद मोटरसाइकिल से नंबर प्लेट हटाकर आसपास के मकानों की रेकी करते थे। मौका मिलने पर खिड़की और दरवाजों के पास रखे मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो जाते थे।

इस मामले में थाना बीटा-2 में मुकदमा अपराध संख्या 457/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 317(2), 317(5) तथा आयुध अधिनियम की धारा 4/25 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

मनुष्य का भविष्य उसके पुरुषार्थ एवं कर्मों में है-अतुल सहगल

समाज जागरण



गाजियाबाद,बुधवार 18 नवम्बर 2026,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में फलित ज्योतिष का बढ़ता प्रपंच विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 811 वाँ वेबीनार था।

वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने बताया कि प्राचीन वैदिक ज्योतिष का वास्तविक उद्देश्य खगोल विज्ञान, काल-गणना एवं पंचांग निर्माण था,लेकिन समय के साथ इसमें फलित ज्योतिष के नाम पर अंधविश्वास और भ्रामक मान्यताएँ जुड़ गईं।उन्होंने कालसर्प दोष, मांगलिक दोष और साढ़ेसाती जैसी धारणाओं के माध्यम से लोगों में भय उत्पन्न कर महंगे रत्न,ताबीज एवं कर्मकांड बेचने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की।उनके अनुसार,ग्रह-नक्षत्र मनुष्य के भाग्य को नियंत्रित नहीं करते। वैदिक दर्शन कर्मवाद,पुरुषार्थ और आत्म निर्भरता में विश्वास रखता है।श्री सहगल ने युवाओं एवं समाज से महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों को अपनाने,वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा अंधविश्वास से दूर रहने का आह्वान किया।वेबिनार का मुख्य संदेश मनुष्य का भविष्य उसके कर्मों और पुरुषार्थ से निर्धारित होता है,न कि ग्रहों एवं नक्षत्रों की कथित दशाओं से।सत्य को अपनाएँ और असत्य एवं अंधविश्वास का त्याग करें।

मुख्य अतिथि ओम प्रकाश यजुवेर्दी एवं अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने अपने विचार व्यक्त किए राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया।

गायिका कौशल्या अरोड़ा जनक अरोड़ा संतोष धर सुधीर बंसल आदि के मधुर भजन हुए.

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौतः एक घायल

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर

मंडावर। मंगलवार की देर रात एक बजे करीब लक्ष्मी पुत्र छोटे लाल उम्र 45 वर्ष गांव नांगल सोती व अरुण पुत्र घसीटा उम्र 41वर्ष गांव शेरपुरा थाना नागल दोनो युवक बाइक से बिजनौर से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक शहबाजपुर के पास पहुंची तो चंदक की ओर जा रहा गना उठाने वाला लोडर ओवरटेक करते समय उनकी बाइक से टकरा गया। जिसमें दोनों बाइक सवार युवक घायल हो गए राहगीरो ने मंडावर थाना पुलिस व डायल 112 पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायल युवको को जिला अस्पताल बिजनौर भिजवाया। लोडर चालक लोडर को छोडकर मौके से फरार हो गया।उपचार के दौरान लक्ष्मी पुत्र छोटेलाल की मौत हो गई। लक्ष्मी की मौत सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया, मंडावर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया की पुलिस की तरफ से अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

बाइक की टक्कर से विक्की चालक वृद्ध की मौत

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर

नगीना। बाइक की टक्कर से विक्की चालक वृद्ध की मौत हो गई बुजुर्ग मृतक दवाई लेने अस्पताल आ रहा था की अस्पताल के सामने बाइक की टक्कर लगने से मौत हो गई।
थाना क्षेत्र के ग्राम माहरतपुर कला उर्फ पुरैनी निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग राम सिंह सैनी बुधवार की दोपहर 2 बजे अपनी लूना विक्की से सवार होकर राष्ट्रीय राजमार्ग नगीना धामपुर स्थित पुरैनी से सेटी पीएचसी दवाई लेने जा रहा था जब वह पीएचसी के गेट के सामने पहुंचे तभी सामने से एक बाइक पर सवार दो युवक तीव्र गति से धामपुर की ओर जा रहे थे के अनियंत्रित होकर अज्ञात बाइक चालक ने लुना को जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर लगने से बुजुर्ग राम सिंह कि मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सुनकर महारतपुर कला उर्फ पुरैनी व पुरैनी खास के सैकड़ो लोग इकट्ठा हो गए सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची बुजुर्ग को नगीना सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सा कौन है उसे म्रत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक के पुत्र हेतराम सैनी ने घटना की तहरीर पुलिस को नहीं दी है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

विद्युत लाइन चपेट में आकर 14 वर्षीय किशोरी बुरी तरह झुलसी

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

नगीना। छत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन चपेट में आकर 14 वर्षीय किशोरी बुरी तरह झुलसी, उपचार के लिए सीएचसी मैं भर्ती कराया है। सीओ सर्किल क्षेत्र के ग्राम सरदारपुर छायली निवासी सोनी 14 वर्ष पुत्री संजय कुमार सोमवार की शाम 6 बजे करीब किसी कार्य से छत पर गई थी। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन की चपेट में आने से उसका माथा,हाथ और आंख बुरी तरह झुलस गए, सोने के चीख पुकार सुनकर परिजन घबरा गए और छत की और दौड़ पड़े और बुरी तरह झुलसी सोनी को परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे,जहां से चिकित्सकों ने चिंताजनक हालत में उसे जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। घटना से विद्युत विभाग के प्रति परिजनों में आक्रोश व्याप्त है।

विवाहिता की तहरीर पर पति सहित आधा दर्जन दहेज लोभियों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर

नगीना। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति सहित आधा दर्जन दहेज लोभियों पर अपाची बाइक और पांच लाख रुपये की मांग करने,मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।
पीड़िता अलका पत्नी अंकित कुमार पुत्र मगन सिंह निवासी खासपुरा हल्दौर ने पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई को दिए शिकायती पत्र में कहां है कि उसका तीन वर्षीय पुत्र भी है,लेकिन पति कई कई महीने तक बाहर रहने के दौरान उसका और बच्चे का खर्च नहीं उठाता। आरोप है कि ससुराल पक्ष उसे जलाकर मारने का प्रयास भी कर चुका है।
पीड़िता अलका ने प्रार्थना पत्र देकर पति अंकित कुमार,ससुर राकेश,सास आशा निवासी तेलीपुरा थाना नगीना तथा ननद पूजा,सविता और नंदोई अंकुर व गौरव निवासी नांगल सोती आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उपरोक्त पति सहित सभी ससुराल पक्ष के लोग शादी के बाद से दहेज में 5 लख रुपए नगद और अपाची मोटरसाइकिल की मांग करते चले आ रहे हैं मेरे मन करने पर कि भैया मांग पूरी नहीं कर सकते जिसको लेकर मानसिक शारीरिक उत्पीड़न करते आ रहे हैं,, दहेज लोभी ससुराल पक्ष के लोग एक मर्तबा जलाकर मारने का प्रयास भी कर चुके हैं। पीड़ित विवाहिता ने दहेज लोभी पति सहित अन्य सुसराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर,कानूनी कार्रवाई करने और अपनी व बच्चे की सुरक्षा की मांग की है। नगीना पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

राशन कार्ड में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं और युवतियो का वोट बनाने के दिए शख्त आदेश

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो
शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर



नगीना। नगर पूर्ति अधिकारी अनुज कुमार ने ब्लॉक और नगर के सरकारी संस्ता गल्ला विक्रेताओं को राशन कार्ड में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं और युवतियो का वोट बनाने के शख्त निर्देश दिए।
बुधवार की दोपहर को ब्लॉक और नगर क्षेत्र के सस्ता गल्ला विक्रेताओं की एक आवश्यक बैठक अपने कार्यालय परिसर में लेकर नगर पूर्ति अधिकारी अनुज कुमार ने कहा कि एस आई आर के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान मैं एक भी वोट बनने से न छूटे यह शासन के सख्त आदेश है। नगर पूर्ति अधिकारी ने कहां की राशन कार्ड में जिन युवाओं और यक्तियो नाम अंकित है और उनकी आयु 18 वर्ष हो गई हो उन सभी के घर घर जाकर वोट बनाऐ, और जिन की मत्यु हो गई हो या फिर अपना पुश्तैनी आवास छोड़कर बाहर चले गए हो उन सभी के वोट कैंसिल करे । उन्होंने साफ कहा कि शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में जरा भी कोताई व लापरवाही को बर्दाश नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए जुट जाएं।

इस मौके पर सरकारी संस्ता गल्ला संघ अध्यक्ष शुहेब इकबाल, नफीस अहमद, टिकेंद्र बिश्नोई, गोपाल शर्मा, गुलजार अहमद, शमीम अहमद मंझेडा, सहित सभी 194 राशन डीलर मौजूद रहे।

रेणु शर्मा ने जगमालवाली मंडल में चलाया जनसंपर्क अभियान, मुख्यमंत्री के आगमन का दिया निमंत्रण

नशे को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर आगे आना होगा : रेणु शर्मा

समाज जागरण

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती रेणु शर्मा ने आज मंडल जगमालवाली के विभिन्न गांवों में प्रवास कार्यक्रम के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के 22 नवंबर को प्रस्तावित कालांवाली आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। जनसंपर्क अभियान के तहत रेणु शर्मा ने गाँव ओढ़ां, चोरमार, तप्पी, पिपली, हासू, नौरंग तथा चट्ठा फूल्लो में ग्रामीणों से मुलाकात की और मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को 22 नवंबर को कालांवाली में आयोजित होने वाली युवा शक्ति - विकसित हरियाणा यूथ मैराथन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी भी शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान को सफल बनाने के लिए



युवाओं, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों को मिलकर आगे आना होगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों से 22 नवंबर को कालांवाली पहुंचकर यूथ मैराथन में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा नशामुक्त हरियाणा के संकल्प को मजबूत करने की अपील की। इस अवसर पर चेयरमैन, हरियाणा बीज विकास निगम श्री देव कुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष श्री नवदीप सिंह सरा, श्री सतिंदर गर्ग एवं श्री अजय सिंह देसूजोधा, पूर्व सरपंच बलवीर सिंह हस्सू पैक्स चेयरमैन खोखर सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

नवागत जिलाधिकारी बिजनौर जोगिंदर सिंह को एमआर पाशा ने गुलदस्ता भेंट कर दी बधाई

दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो
शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर



बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने अपने पुरी टीम के साथ बुधवार को जिला अधिकारी बिजनौर कार्यालय में पहुंचकर नवागत जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह को राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने गुलदस्ता देकर बधाई दी। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने जिला अधिकारी बिजनौर जोगिंदर सिंह को दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी सरकारी कार्यालय व पुलिस थानों तथा सीओ कार्यालयों में रैंप नहीं है। दिव्यांगों की सुविधा के लिए रैम्प बनवाए जाएं। दिव्यांगों का सभी सरकारी कार्यालय व पुलिस थानों में उत्पीड़न बंद किया जाए। सभी विभागों के कार्यालय में सम्मान दिया जाए। और उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए। जो दिव्यांग अपना जीवन यापन कर सके। जिला अधिकारी बिजनौर जोगिंदर सिंह ने एम आर पाशा को आश्वासन दिया कि जल्द ही आपकी सभी समस्याओं निस्तारण किया जाएगा

प्रतिनिधि मंडल में मिलने वालों में शाह आलम, इकराम ठेकेदार, सनावर अली, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, शमशेर अली बबली, समीर आदि मौजूद रहे

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में की बैठक, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो
शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर



नजीबाबाद। दिनांक 18 नवंबर 2026 को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा तहसील परिसर नजीबाबाद में तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक में क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। इस दौरान किसानों की समस्याओं के समाधान, गन्ने का भाव 600 रुपये प्रति कुंतल किए जाने, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र की अन्य जनसमस्याओं के निस्तारण की मांग की गई। इसके उपरांत संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि किसानों की समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेकर उनका शीघ्र समाधान कराया जाए। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारी एवं अनेक किसान साथी उपस्थित रहे।

बहल में खंड स्तरीय कला उत्सव एवं टैलेंट सर्च कार्यक्रम का भव्य आयोजन

विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य, नाटक और चित्रकला सहित आठ विधाओं में दिखाई प्रतिभा
खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना श्योराण ने कहा- हर बच्चे में छिपी होती है विशेष प्रतिभा, उसे निखारने के लिए सही मंच जरूरी

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



बहल। खंड स्तरीय कला उत्सव एवं टैलेंट सर्च कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती दर्शना श्योराण ने की। इस अवसर पर खंड के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे विद्यार्थियों ने अपनी कला, प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। टैलेंट सर्च में छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने लिया भाग कार्यक्रम के तहत टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने दृश्य कला, नृत्य, रंगमंच और संगीत की विभिन्न विधाओं में एकल प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, आत्म विश्वास और समर्पण के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं कला उत्सव के अंतर्गत आठ विधाओं- गायन, वाद्य संगीत, एकल नृत्य, समूह नृत्य, रंगमंच, एकल दृश्य कला, समूह दृश्य कला और पारंपरिक कहानी वाचन में विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों में भारतीय कला, संस्कृति, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक देखने को मिली। प्रतिभा को पहचानने और निखारने के लिए मंच जरूरी : दर्शना श्योराण कार्यक्रम के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना श्योराण ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा छिपी होती है। आवश्यकता केवल उसे पहचानने, निखारने और सही मंच प्रदान करने की है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेना भी अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण सीखने की भावना, निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों की छिपी प्रतिभा, रचनात्मकता और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना भी है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, मार्गदर्शक अध्यापकों और आयोजन में सहयोग देने वाले सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संदेश रहा- "हर बच्चे में है एक विशेष पहचान, उसे अवसर दें और बनने दें उसकी प्रतिभा की नई उड़ान।"

बीआरसीएम में नॉर्थ जोन महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का रंगारंग शुभारंभ, विभिन्न राज्यों के 22 विश्वविद्यालयों से 300 खिलाड़ियों ने की सहभागिता

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

बहल-भिवानी, 18 नवंबर। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी एवं एआईयू द्वारा बीआरसीएम एजुकेशन सोसाइटी, बहल में नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल महिला चैंपियनशिप 2026-27 का भव्य शुभारंभ आज बीआरसीएम विद्या ग्राम कैंपस, बहल में हुआ। चैंपियनशिप 18 से 21 नवंबर तक चलेगी। चैंपियनशिप का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी एशियन गेम्स श्रीमती उर्मिला सांगवान, विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.के. सिन्हा निदेशक बीआरसीएम एवं कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. भावना शर्मा कुलसचिव, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, एआईयू आब्जर्वर डॉ हरीश कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। अध्यक्षता कर रही प्रो. भावना शर्मा, कुलसचिव ने कहा कि विश्व विद्यालय महिला सशक्तिकरण के लिए खेलों को बढ़ावा दे रहा है। यह चैंपियनशिप निष्पक्ष, पारदर्शी और अनुशासित वातावरण में आयोजित होगी। यहां से चयनित टीमें ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में नॉर्थ जोन का प्रतिनिधित्व करेंगी। खेल हमारे समग्र विकास और चरित्र निर्माण के मुख्य आधार हैं। हमारे लिए बड़े गर्व एवं हर्ष की बात है कि आज बेटियां खेलों में भी विश्व पटल पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं।उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति एवं मेजबान बीआरसीएम संस्थान की सराहना की। खेल में हार जीत होती रहती है इसलिए खिलाड़ियों को खेल को खेल की सदभावना के साथ खेलना चाहिए। बतौर मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी श्रीमती उर्मिला सांगवान ने कहा कि हैंडबॉल केवल खेल नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व का प्रतीक है। आज इस मैदान पर खड़ी लगभग 300 बेटियां देश की भविष्य की चैंपियन हैं। मैंने भी इसी तरह की यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप से एशियन



गेम्स तक का सफर तय किया है। अनुशासन और टीम भावना से ही जीत मिलती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.के. सिन्हा, निदेशक बीआरसीएम ने कहा बीआरसीएम के लिए यह गौरव का क्षण है कि हमें इस राष्ट्रीय स्तर के खेल महाकुंभ की मेजबानी का अवसर मिला है। खेलों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था ने खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन, चिकित्सा, सुरक्षा और बेहतर स्तर के हैंडबॉल कोर्ट की सर्वोत्तम व्यवस्था की है। हम बेटी बचाओ-बेटी खिलाओ के संकल्प को साकार कर रहे हैं। आयोजन सचिव प्रो. (डॉ.) सुरेश कुमार मलिक ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि इस चैंपियनशिप में उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों के लगभग 22 विश्वविद्यालयों की 350 महिला खिलाड़ी, 80 कोच एवं मैनेजर भाग ले रहे हैं। विश्वविद्यालय की खेल परिषद और बीआरसीएम आयोजन समिति ने सभी टीमों का स्वागत एवं अभिनंदन किया है। धन्यवाद एवं आभार स्पोर्ट्स काउंसिल के उपाध्यक्ष डॉ वजीर सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की म्यूजिक एवं विजुअल आर्ट की छात्राओं ने हरियाणवी लोक गीतों पर नृत्य कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समाँ बांधा।

कार्यक्रम में स्पोर्ट्स काउंसिल उपाध्यक्ष डॉ वजीर सिंह, डॉ लखा सिंह,बीआरसीएम से प्राचार्य डॉ अनुज शर्मा,डॉ सुनील शुक्ला,राजेश झंझडिया,संदीप टंडन, रजिस्ट्रार श्री पवन पंघाल, डॉ संजय गौड़, ऋषि शर्मा पीआर सेल कॉर्डिनेटर, ,सुपरवाइजर रविंद्र शर्मा, कोच मंजीत ढांडा,अजमेर कोच,प्रोग्रामर राकेश यादव, राम घनघस, अंजू, रजत,अमित, संजू ,मनीष सहित सीबीएलयू एवं बीआरसीएम के स्टाफ, शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा हेतु आवेदन हुए लाईव, 27 नवंबर तक अभ्यर्थी कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

- 28 व 29 नवंबर को विवरणों में कर सकते हैं ऑनलाइन संशोधन

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 18 नवंबर, 2026 : निदेशालय, सैकेण्डरी शिक्षा विभाग हरियाणा, पंचकुला के निदेर्शानुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा 26 व 27 दिसंबर, 2026 को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2026 (एचटेट) लेवल-1, 2 व 3 का आयोजन करवाया जा रहा है। हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2026 के लिए 18 नवंबर, 2026 से आवेदन फार्म लाईव कर दिए गए हैं। परीक्षा से संबंधित सूचना बुलेटिन (Information Bulletin) बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.inपर उपलब्ध हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ० शंकर लाल धूपड़ एवं सचिव श्री दीपक बाबूलाल करवा, भा.प्र.से. ने संयुक्त रूप से आज यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए इच्छुक अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर दिए गए लिंक के माध्यम से महत्वपूर्ण निदेर्शों को ध्यान से पढकर/समझकर 27 नवंबर, 2026 (रात्रि 23:59 बजे) तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा हेतु अभ्यर्थी यदि एक लेवल के लिए आवेदन करता है तो उसे 1200/-रुपए, दो लेवलों के लिए 2000/-रुपए तथा तीनों लेवलों के लिए 2600/-रुपए शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसी प्रकार हरियाणा के अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित तथा दिव्यांग अभ्यर्थी यदि एक लेवल के लिए आवेदन करता है तो उसे 700/-रुपए, दो लेवलों के लिए 1100/-रुपए तथा तीनों लेवलों के लिए 1400/-रुपए शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा।
उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी सूचना बुलेटिन ((Information Bulletin)



में दर्शाए गए महत्वपूर्ण निदेर्शों को ध्यान से पढकर/समझकर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। ऑनलाइन आवेदन व परीक्षा शुल्क के सफलतापूर्वक जमा करने के बाद अभ्यर्थी पुष्टिकरण पृष्ठ (Confir mation Page) का प्रिंट लेना सुनिश्चित कर लें। उन्होंने आगे बताया कि अभ्यर्थी अपने विवरण अर्थात नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि,फोटोयुक्त पहचान-प्रमाण-पत्र, आधार नंबर और विषय के चयन (लेवल 2 व 3) में 28 व 29 नवंबर, 2026 को ऑनलाइन संशोधन कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि निर्धारित अवधि उपरांत ऑनलाइन संशोधन की अनुमति नहीं होगी व इस सन्दर्भ में कोई भी प्रार्थना/प्रतिवेदन किसी भी माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन आवेदन उपरांत लेवल,जाति वर्ग, गृह राज्य व शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण विकल्प में कोई परिवर्तन/शुद्धि करने की अनुमति नहीं होगी। ई-मेल,पत्र व अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि यदि कोई अभ्यर्थी एक पंजीकरण उपरान्त अन्य लेवल की परीक्षा देने का इच्छुक है, तो उसी पंजीकरण के अन्तर्गत ही दूसरे लेवल के लिए आवेदन कर सकता है। यदि कोई अभ्यर्थी एक लेवल के लिए एक से अधिक आवेदन करता है, तो उसका आवेदन/पात्रता रद्द कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी नवीनतम अपडेट के लिए वेबसाइटwww.bseh.org.in का नियमित तौर पर अवलोकन करते रहें ताकि वे किसी भी महत्वपूर्ण व अति-आवश्यक जानकारी/सूचना से वंचित न रहें। उन्होंने बताया कि आवेदक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा किये बिना आवेदन प्रक्रिया तत्काल पूर्ण करें। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करते समय किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई उत्पन्न होती है तो मोबाइल नंबर 9001837558 व ई-मेल आई.डी. htethelpd esk2026@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं।

कालांवाली ट्रक यूनियन मार्केट में बिजली की तारें बनीं परेशानी का सबब, हादसे की आशंका से दुकानदार चिंतित

नीचे लटकती बिजली की तारों से बढ़ा खतरा, दुकानदारों ने संबंधित विभाग से ऊंचाई बढ़ाने और समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की

समाज जागरण



कालांवाली 18 नवम्बर (सुरेश जोरासिया) कालांवाली की ट्रक यूनियन मार्केट में बिजली की तारों की ऊंचाई कम होने के कारण दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानों के आगे से गुजर रही नीचे लटकती बिजली की तारों के चलते किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। दुकानदारों का कहना है कि मार्किट में वाहनों और सामान की आवाजाही लगातार बनी रहती है। ऐसे में बिजली की तारें कम ऊंचाई पर होने से बड़े वाहनों के गुजरने के दौरान खतरा पैदा हो सकता है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है।
दुकानदारों ने संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों को अनुरोध भी किया हुआ हैकविभाग से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर बिजली की तारों को उचित ऊंचाई पर किया जाए, ताकि दुकानदारों, राहगीरों और वाहन चालकों को किसी प्रकार के हादसे का सामना न करना पड़े। अगर इस समस्या का स्थाई हल नही किया गया तो सभी दुकानदार 22 नवम्बर को मुख्यमंत्री के सम्मुख रखे गए। अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग दुकानदारों की इस समस्या पर कब संज्ञान लेता हैं। वर्जनः एसडीओ विक्रमजीत इस बारे में बिजली विभाग के एसडीओ कालांवाली से फोन के माध्यम संपर्क किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाता इस मौके पर मुंशी जगमोहन सिंह, गुरसेवक सिंह, सुखबीर सिंह, इंद्रजीत सिंह, अमित, मोहन सिंह, परमजीत, जगतार सिंह, काला सिंह आदि मौजूद रहे।

वेतन बजट की कमी से जूझ रहे अनुदानित पॉलिटेक्निक कर्मचारी, बड़ौत में हुई बैठक, प्रेस वार्ता में उठाई मांग

समाज जागरण



बड़ौत। बड़ौत शहर के बड़का रोड स्थित दिगंबर जैन पॉलिटेक्निक कॉलेज में अनुदानित पॉलिटेक्निक कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडेड पॉलिटेक्निक संस्थानों में कई वर्षों से वेतन मद में कम बजट मिलने के कारण वेतन वितरण की समस्या बढ़ती जा रही है, इस मुद्दे पर चर्चा हुई। बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में महामंत्री डॉ. दीपक गौतम ने कहा कि जिन संस्थाओं में शासन-निदेशालय की स्वीकृति से 8 से 10 वर्ष पूर्व पद भरे गए, वहां की स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि संस्थानों में प्रवेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किए जाते हैं। कोई भी संस्था छात्र का प्रवेश सीधे नहीं कर सकती, परंतु इसके लिए निदेशालय-शासन द्वारा संस्थाओं को जवाबदेह ठहराते हुए कार्रवाई की जाती है। संगठन का कहना है कि सरकार द्वारा अब कुछ संस्थानों में पद भरने की कार्रवाई की जा रही है। पद भरे जाएं, परंतु तभी भरे जाएं जब बजट की व्यवस्था पहले से कर ली जाए, क्योंकि वर्तमान समय में ही कार्यरत कर्मचारियों को बजट पूर्ण नहीं हो पा रहा है। डॉ. दीपक गौतम ने कहा कि प्राविधिक शिक्षा के डिप्लोमा संस्थानों के कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में रसोइया व अन्य दैनिक भोगी कर्मचारियों को भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा दी गई है, परंतु उन्हें कैशलेस सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। इस मुद्दे को लेकर शिक्षकों में रोष पनपता जा रहा है।

9 हजार में से चुने गए बागपत के 6 यंग चैंपियन, अब लखनऊ में दिखाएंगे दम

समाज जागरण



बागपत। विकास भवन सभागार में बुधवार को हुई विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 की जनपद स्तरीय चैंपियनशिप में बागपत के युवाओं ने अपनी सोच से सबको हैरान कर दिया। जिले में 9 हजार युवाओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 46 फाइनलिस्ट हुए और आखिर में 6 युवाओं का चयन हुआ। अब ये 6 चैंपियन राज्य स्तर पर लखनऊ में बागपत का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर आयोजित इस चैंपियनशिप में क्विज राउंड में करीब 9 हजार और निबंध राउंड में 900 युवाओं ने भाग लिया। इनमें से चयनित 46 युवाओं ने फाइनल राउंड में विकसित भारत से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे। शानदार प्रस्तुतीकरण के दम पर शिवम, आर्यवर्त त्यागी, गुनगुन शर्मा, कुणाल चौहान, अदिति तोमर और दीक्षा का चयन राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए हुआ।दूसरे नंबर पर आए आर्यवर्त त्यागी ने इस तरह की प्रतियोगिता में पहली बार प्रतिभाग किया है, जिनसे आयोजकों को काफी उम्मीदें हैं। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने उनके विचार सुनकर उनकी प्रशंसा की और उनको जनपद के विकास में आगे आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा चर्चा एआई और मौलिक सोच को लेकर हुई। प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सत्यवीर सिंह ने कहा कि एआई के दौर में तकनीक सीखना जरूरी है, लेकिन अपनी मौलिक सोच को जिंदा रखना उससे भी ज्यादा जरूरी है। तकनीक का इस्तेमाल विवेक से करो, उसके गुलाम मत बनो। उन्होंने चयनित युवाओं को नियमित अभ्यास, विषय की गहरी समझ और प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण का मंत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के विचार स्थानीय समस्याओं से जुड़े होने चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन की चुनौतियों का व्यावहारिक समाधान ही असली विकास है। बता दें, इस मंच के राष्ट्रीय महोत्सव में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं के विचार सुनते हैं। जनवरी 2026 में बागपत के यूथ लीडर अमन कुमार ने टीम यूपी के ग्रुप कैप्टन के रूप में 79 युवाओं की अगुवाई कर प्रदेश में बागपत का नाम रोशन किया था।

इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सोनू कुमार, शिप्रा सिंह, जिला युवा अधिकारी अनिकेत शर्मा, पूर्व ग्रुप कैप्टन अमन कुमार और निर्णायक मंडल में डॉ. सत्यवीर सिंह, डॉ. गीता, तनु सूर्यान मौजूद रहे।

अंतरमहाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मेजबान जेवी कॉलेज बड़ौत का दबदबा

-दो दिवसीय प्रतियोगिता के छात्र व छात्रा दोनों वर्गों में जेवी कॉलेज बना ओवरऑल चैंपियन

-एचएलएम कॉलेज गाजियाबाद ने दोनों वर्गों में हासिल किया दूसरा स्थान

समाज जागरण



बड़ौत । नगर के जनता वैदिक (जेवी) महाविद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो (महिला व पुरुष) प्रतियोगिता (2026-27) का बुधवार को पुरस्कार वितरण के साथ भव्य समापन हो गया। प्रतियोगिता के छात्र व छात्रा दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान जेवी कॉलेज बड़ौत ने ओवरऑल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया, जबकि एचएलएम कॉलेज गाजियाबाद दोनों वर्गों में उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए छात्रा वर्ग के मुकाबलों में 57 किग्रा वर्ग में सलमा (जेवीसी बड़ौत) ने स्वर्ण, वैष्णवी बड़ोला (आईईटीएम गाजियाबाद) ने रजत तथा तान्या (एचएलएम) व पायल (आईएनएम) ने कांस्य पदक जीता। 62 किग्रा वर्ग में चांदनी वर्मा (जेवीसी बड़ौत) प्रथम, दीपांशी यादव (एचएलएम) द्वितीय तथा ज्योति नेगी (वीएमएलजी) व पल्लवी (एमएमएच गाजियाबाद) तृतीय रहीं। इसके अलावा 67 किग्रा वर्ग में तनीषा तोमर (जेवीसी बड़ौत) और 73 किग्रा वर्ग में आयुषी (जेवीसी बड़ौत) ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, छात्र वर्ग के 54 किग्रा भार वर्ग में सुजल मेहरा (एचएलएम) ने स्वर्ण, कुणाल (एनसीपीई नोएडा) ने रजत तथा निखिल कुमार (मेरठ कॉलेज) व दीपांशु नैन (स्यादवाद) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 58 किग्रा वर्ग में उमंग शर्मा (एचएलएम) प्रथम, रमन (एनसीपीई नोएडा) द्वितीय तथा अंकुश (जनहित) व आर्यन भाटी (एमएमएच गाजियाबाद) तृतीय रहे। 63 किग्रा वर्ग में संदीप बिंद (जेवीसी बड़ौत) ने स्वर्ण, आयुष शर्मा (एचएलएम) ने रजत तथा प्रियांशु (मेरठ कॉलेज) व आर्यन धनकड़ (गोपीचंद) ने कांस्य पदक हासिल किया। 68 किग्रा वर्ग में दीपांशु नैन (गोपीचंद एम बागपत) प्रथम, निखिल कुमार (जनहित) द्वितीय तथा आदित्य दीक्षित (डीजे कॉलेज बड़ौत) व फरहान रजा अंसारी (लॉयड लॉ कॉलेज ग्रेटर नोएडा) तृतीय रहे। 74 किग्रा वर्ग में सूरज यादव (जेवीसी बड़ौत) ने स्वर्ण, भव्य शर्मा (शंभू दयाल कॉलेज गाजियाबाद) ने रजत व कुणाल नागर (एनसीपीई नोएडा) ने कांस्य पदक जीता। 80 किग्रा वर्ग में तनिष भाटी (एसएच द्रोणाचार्य) प्रथम, समीर आलम (जेवीसी बड़ौत) द्वितीय तथा अमन (एचएलएम) व ऋषभ चौहान (जेएस मेरठ) तृतीय रहे, जबकि 87 किग्रा वर्ग में सत्यम चौधरी (जेवीसी बड़ौत) ने स्वर्ण व कृष सांगवान (मेरठ कॉलेज) ने रजत पदक प्राप्त किया। समापन अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने विजेता टीमों और पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों का आभार जताया। अंत में खेल प्रभारी डॉ. अनंत कालखंडे ने प्रतियोगिता के विधिवत समापन की घोषणा की।

सिद्धचक्र महामंडल विधान में 16 अर्घ्य चढ़ाकर की पारस प्रभु की आराधना

बड़ागांव के प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु, मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ पूजन

समाज जागरण



बागपत। बड़ागांव स्थित पारस प्रभु अतिशय क्षेत्र के प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान में बुधवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पारस प्रभु की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने 16 अर्घ्य समर्पित कर भगवान के गुणों का गुणगान किया। धार्मिक आयोजन में सैकड़ों जैन धर्मावलंबियों ने शामिल होकर धर्म लाभ उठाया। विधान का शुभारंभ सुबह सात बजे भगवान के अभिषेक और अमृतधारा के साथ हुआ। इसके बाद मंत्रित जल और पीली सरसों से मंडप की शुद्धि की गई। कष्ट निवारण और आचार्य निमंत्रण की धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराई गईं। विधानाचार्य पंडित ब्रह्मचारी ने मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। श्रद्धालुओं ने 16 अर्घ्य अर्पित कर भगवान पारस प्रभु की भक्ति की। विधानाचार्य ने बताया कि सिद्धचक्र महामंडल विधान में सिद्ध भगवान के गुणों का वर्णन और गुणगान किया जाता है। सिद्ध भगवान वे हैं, जिन्होंने समस्त कर्मों का क्षय कर सिद्धशिला पर स्थान प्राप्त किया है। विधान के प्रथम दिन आठ गुणों की आराधना की गई थी, जबकि बुधवार को 16 गुणों का गुणानुवाद करते हुए 16 अर्घ्यों के माध्यम से पूजा-अर्चना की गई। उन्होंने बताया कि जैन धर्म में नैमित्तिक पूजा, सर्वतोभद्र पूजा और अष्टान्हिका पूजा सहित अनेक धार्मिक विधान बताए गए हैं। अष्टान्हिका पर्व वर्ष में तीन बार आता है। इन दिनों आठवें नंदीश्वर द्वीप में चारों निकाय के देव पहुंचकर भगवान जिनेंद्र की भक्ति और आराधना करते हैं।

इस दौरान सुभाष चंद जैन, संजीव, उषा, राजरानी, मंजू, मनन, अशोक, प्रभात, स्वाति, सम्यक और अमित सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

सेवा, समर्पण और अनुशासन का संकल्प लेकर विदा हुए स्काउट-गाइड

डीके कॉन्वेंट स्कूल में तीन दिवसीय भारत स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का दीक्षांत समारोह संपन्न, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

समाज जागरण



कैराना। डीके कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय भारत स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का दीक्षांत समारोह बुधवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में छात्र-छात्राओं ने अनुशासन, सेवा, समर्पण और सामूहिक कार्य भावना का परिचय देते हुए राष्ट्र एवं समाज की सेवा करने का संकल्प लिया।विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार सेन ने ध्वजारोहण कर स्काउट-गाइड को प्रतिज्ञा दिलाई। मुख्य प्रशिक्षिका गीता रानी ने नवप्रवेशित स्काउट-गाइड को ध्वज के नीचे विधिवत दीक्षा दिलाते हुए देश, समाज एवं विद्यालय की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने और प्रतिदिन एक अच्छा कार्य करने का संकल्प दिलाया।

तंबू निर्माण में दिखाई रचनात्मकता और कौशल

शिविर के दूसरे सत्र में विभिन्न टोलियों ने आकर्षक तंबुओं का निर्माण कर अपनी रचनात्मकता, कौशल और सामूहिक कार्यक्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि देवी उमराव कौर वैदिक इंटर कॉलेज, बनत के प्रधानाचार्य डीपी राणा एवं भारत स्काउट-गाइड शामली के जिला सचिव डॉ. हीरा सिंह ने तंबुओं का निरीक्षण किया। तीसरे सत्र का शुभारंभ मां शारदा के चित्र के सम्मुख डीपी राणा, डॉ. हीरा सिंह, सत्य प्रकाश गर्ग, सेवानिवृत्त सैनिक अशोक कुमार गर्ग, डॉ. ओमपाल सिंह गुरुजी एवं प्रधानाचार्य राजकुमार सेन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

सेवा, अनुशासन और संस्कारों को जीवन में अपनाएं विद्यार्थी

समारोह के अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड के इतिहास से अवगत कराते हुए अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को प्रतिदिन सूर्योदय से पूर्व उठने तथा माता-पिता एवं गुरुजनों की आज्ञा का पालन करने की प्रतिज्ञा दिलाई। उन्होंने कहा कि माता बेटियों की सबसे अच्छी मित्र होती हैं, इसलिए छात्राओं को अपनी प्रत्येक बात माता के साथ साझा करनी चाहिए।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए सम्मानित विभिन्न स्पधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सत्य प्रकाश गर्ग, अशोक कुमार गर्ग, डॉ. ओमपाल सिंह गुरुजी, प्रधानाचार्य राजकुमार सेन, मुख्य प्रशिक्षिका गीता रानी एवं कार्यक्रम समन्वयक कमलेश शर्मा ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

अंत में स्काउट-गाइड ध्वज को सम्मानपूर्वक उतारा गया तथा राष्ट्रगान के साथ तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का गरिमामय समापन हुआ।

डॉ रामकुमार शर्मा बने आयुष एसोसिएशन बागपत के जिलाध्यक्ष

समाज जागरण

बागपत। आयुष चिकित्सकों के अधिकारों और समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठने के लिए आयुष डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन जनपद बागपत की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। आयुष चिकित्सकों की बैठक में बागपत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामकुमार शर्मा को सर्वसम्मति से बागपत का जिला अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष डॉ श्रवण गोस्वामी, महामंत्री डॉ राजीव गोला, संगठन मंत्री डॉ असलम, कोषाध्यक्ष डॉ संजय ढाका को दायित्व दिया गया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार शर्मा ने आयुष चिकित्सकों को एकजुट करने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि संगठन आयुष डॉक्टर के हितों का संरक्षण करेगी और उनके अधिकारों की आवाज उचित मंच पर उठायगा। यह संगठन बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी काम करेगा। डॉ रामकुमार शर्मा के आयुष डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन का जिला अध्यक्ष बनने पर उन्हें अनेक डॉक्टरो ने बधाई दी है।



किसान की फसल उजाड़ने के मामले में पुलिस का शिकंजा, दो और आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण



कैराना ।क्षेत्र के गांव नगला राई में किसान की फसल और खेत की मेड़ों पर लगे पेड़ों को नष्ट करने तथा विरोध करने पर धमकी देने के मामले में कैराना पुलिस ने दो और वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस प्रकरण में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के अनुसार, गांव नगला राई निवासी शहनवाज पुत्र शमीम ने आरोप लगाया था कि 12 अक्टूबर 2026 को गांव के ही यूसुफ, जुनैद, मेहरबान, इस्तकार और मुस्तकीम ने उसके खेत में बोई गई धनिया एवं मूली की फसल तथा मेड़ों पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को ट्रैक्टर और रोटावेटर चलाकर नष्ट कर दिया था। आरोप है कि शहनवाज और उसकी मां ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए धमकी दी थी। पीड़ित की शिकायत के आधार पर कैराना कोतवाली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

लगातार दूसरे दिन पुलिस ने की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के आदेशानुसार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में बुधवार को पुलिस ने मेहरबान और इस्तकार पुत्रगण ताहिर निवासी नगला राई को गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व मंगलवार को पुलिस ने इसी मामले में मुस्तकीम पुत्र हाशिम और जुनैद पुत्र यूसुफ को गिरफ्तार किया था।गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार एवं मुख्य आरक्षी हरेन्द्र शर्मा शामिल रहे।

रालोद सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सचिव बने गौरव बेसला

हस्तिनापुर क्षेत्र की जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

समाज जागरण

बागपत। राष्ट्रीय लोकदल ने संगठन विस्तार के तहत बागपत के घिटोरा गांव निवासी गौरव बैंसला को सहकारिता प्रकोष्ठ में हस्तिनापुर क्षेत्र का क्षेत्रीय सचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के रालोद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। राष्ट्रीय लोकदल के सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकुमार चेयरमैन ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देश और प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चौधरी अमरजीत सिंह बिड्डू के अनुमोदन पर गौरव बैंसला को नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति पत्र में उनसे पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह के बताए मार्ग पर चलते हुए संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा जताई गई है। साथ ही पार्टी के प्रति निष्ठा, ईमानदारी, मेहनत और अनुशासन के साथ संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी गई है। गौरव बेसला ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया।



राहुल अवाना ने किया रटौल का दौरा, मेधावी छात्राओं को दिया निमंत्रण

समाज जागरण

चांदीनगर। रटौल में सपा नेता राहुल अवाना ने घर-घर पहुंचकर 22 नवंबर को बागपत कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया और मेधावी छात्राओं को साइकिल देने का वादा किया। रटौल में बुधवार को सपा नेता राहुल अवाना ने तूफानी दौरा किया। सबसे पहले वह रटौल के चौधरी जावेद की मेधावी पुत्री मन मस्सा को 22 नवंबर को बागपत कार्यालय पर आयोजित

साइकिल वितरण कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उसके बाद चौधरी असफाक के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए पढ़ाई-लिखाई बहुत जरूरी है।उसके बाद वह सपा नेता डॉक्टर बाबू खान के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता की और आगामी चुनाव की तैयारी के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के बाद सपा की सरकार बनने जा रही है और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं, जिसके बाद किसानों, मजदूरों, गरीबों के काम किए जाएंगे और भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर परवेज चौधरी, नगर अध्यक्ष अफजल चौधरी, डॉक्टर बाबू खान, नवाब, अवेश खान, जावेद चौधरी, बिलाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

रेणु शर्मा को भाजपा महिला मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह , मीतली गांव में हुआ भव्य स्वागत

समाज जागरण



बागपत। रेणु शर्मा को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस नियुक्ति की खबर मिलते ही क्षेत्र की महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी महिलाएं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व व जिला पदाधिकारियों को धन्यवाद दे रही हैं। इसी उपलक्ष्य में बुधवार को मीतली गांव में रेणु शर्मा का पार्टी की बहनों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने फूल-मालाएं पहनाकर, मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर सभी ने रेणु शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में महिला मोर्चा और अधिक मजबूत होगा। स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने कहा कि रेणु शर्मा लंबे समय से पार्टी के लिए निष्ठा और समर्पण के साथ काम कर रही हैं। गांव-गांव जाकर महिलाओं को पार्टी की नीतियों से जोड़ने में उनकी अहम भूमिका रही है। इसी मेहनत का परिणाम है कि पार्टी ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। रेणु शर्मा ने इस अवसर पर सभी बहनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा को बूथ स्तर तक मजबूत करने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए वह निरंतर काम करेंगी। स्वागत कार्यक्रम में सीमा शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, पूजा शर्मा, प्रीति शर्मा, गीता देवी, विमला देवी, नैना चौहान, पिंकी चौहान, नईमा खान (जिला मंत्री) आदि बहनें मौजूद रहीं।

आग में खाक हुई व्यापारी की रोजी-रोटी, मुआवजे की मांग को लेकर व्यापार मंडल मुखर

विद्युत लाइन में खराबी से हादसे की आशंका, एसडीएम शिवाजी यादव को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण वाजिद अली



कैराना। कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर बुढ़ाना बस स्टैंड के निकट व्यापारी साजिद सिद्दीकी की दुकान में आग लगने से हुई भारी आर्थिक क्षति को लेकर केंद्रीय उद्योग व्यापार मंडल ने पीड़ित व्यापारी को मुआवजा दिलाने की मांग उठाई है। बुधवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कैराना तहसील कार्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी शिवाजी यादव को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया कि 15 नवंबर को विद्युत विभाग की लाइन में आग लगने से व्यापारी की दुकान आग की चपेट में आ गई थी। हादसे में दुकान में रखा व्यापारिक सामान, करीब दो लाख रुपये की नकदी समेत आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए। आग लगने का स्थान विद्युत मीटर से पहले का बताया गया है, जिससे विभागीय लापरवाही की आशंका जताई गई है। केंद्रीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सचिन गोयल ने घटना की उच्च स्तरीय निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने, अग्निशमन विभाग की आधिकारिक रिपोर्ट प्राप्त करने तथा राजस्व विभाग से स्थलीय सर्वे कराकर आर्थिक क्षति का आकलन कराने की मांग की। व्यापार मंडल ने विद्युत विभाग की लापर वाही प्रमाणित होने पर पीड़ित व्यापारी को संपूर्ण क्षति का मुआवजा दिलाने के साथ तत्काल सरकारी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। पदाधिकारियों ने कहा कि संकट की इस घड़ी में व्यापार मंडल पीड़ित व्यापारी के साथ मजबूती से खड़ा है।

जनवरी में बागपत से शुरू होगा विश्व हिंदू महासंघ का सदस्यता अभियान , यूपी में एक लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य

समाज जागरण



बड़ौत। बड़ौत तहसील क्षेत्र के बदरखा गांव में मीडिया से रूबरू होते हुए विश्व हिंदू महासंघ बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि आगामी जनवरी माह में विश्व हिंदू महासंघ बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ द्वारा जनपद बागपत से सदस्यता अभियान की शुरूआत की जाएगी। जिसमें उत्तर प्रदेश के अंदर एक लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों को प्रत्येक जनपद से 1500 कार्यकर्ता जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है। यह अभियान जनवरी माह में मीडिया के माध्यम से प्रेस वार्ता करते हुए चलाया जाएगा, जिसके लिए पहले सदस्यता शिविर छपरौली में लगाकर सदस्यता अभियान की शुरूआत की जाएगी। बदरखा गांव से बड़ौत पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकेंद्र खोखर ने यह जानकारी मीडिया को दी। उनका कहना है कि हिंदुत्व की भावनाओं को एकजुट करते हुए हिंदू समाज के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प भी दिलाया जाएगा।

सदस्यता अभियान में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग भी की जाएगी।

नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह, रवि बैसला ने 12 छात्राओं को साइकिल देकर किया सम्मानित

समाज जागरण

चांदीनगर। नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज फुलेरा में मेधावी छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बागपत के समाजवादी पार्टी के युवा नेता रवि बैसला द्वारा विद्यालय की कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत कुल 12 छात्राओं को साइकिल वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रवि बैसला ने छात्राओं को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने, अनुशासित रहते हुए जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया।विद्यालय के प्रधानाचार्य जयभगवान शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्राओं को साइकिल वितरण करने तथा विद्यालय में समय-समय पर आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग देकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए रवि बैसला का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंधक विजय पाल सिंह यादव ने रवि बैसला का स्वागत करते हुए उन्हें लक्ष्य प्राप्ति हेतु आशीर्वाद दिया तथा सभी छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक और बाहर से आए प्रवीण कुमार प्रधान भगौट, मुकेश प्रधान खैला, नवनीत बंसल डगरपुर, प्रबंध समिति के ब्रह्म प्रकाश कौषाध्यक्ष, जगबीर सिंह फौजी, चमन सिंह प्रधान, अजय कुमार, विवेक शुक्ल, रोहित कुमार, रिंकी, पूनम शर्मा, श्रवण कुमार, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

अब न अपराधियों को अभय, न आतंकियों को अवसर और न ही देश की सुरक्षा से समझौता: मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनएसजी व यूपी पुलिस के व्यापक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

- सीएम योगी ने विपरीत परिस्थितियों में कमांडोज के हैरतअंगेज प्रदर्शनों का भी अवलोकन किया

- देश की आंतरिक सुरक्षा को नई शक्ति व दिशा प्रदान करेगा एनएसजी व यूपी पुलिस का साझा प्रयासः सीएम

- यूपी पुलिस व एटीएस के पराक्रम पर देश को गर्वः मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने बताया कि डकैती में 84 व लूट में 77 फीसदी से अधिक की आई कमी

समाज जागरण

लखनऊ, 18 नवंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहाकि आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर केंद्र व राज्य सरकार की नीति स्पष्ट है। अब न अपराधियों को अभय, न आतंकियों को अवसर और न ही देश की सुरक्षा से कोई समझौता होता है। वैश्विक परिदृश्य में बदलती हुई चुनौतियों के कारण उनका मुकाबला करने के लिए साहस के साथ आधुनिक तकनीक, अचूक रणनीति, त्वरित निर्णय व टीमवर्क के साथ कार्रवाई करने की दक्षता अत्यंत आवश्यक है। एनएसजी व यूपी पुलिस का संयुक्त कार्यक्रम तैयारी की नई धार, आपसी समन्वय को नई शक्ति व सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को पुलिस लाइन में एनएसजी (नेशनल सिक्योरिटी गार्ड) व उत्तर प्रदेश पुलिस के व्यापक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सीएम योगी ने कमांडोज द्वारा आतंकरोधी अभियानों, वीआईपी सुरक्षा, बम विस्फोट से बचाव समेत विभिन्न हैरतअंगेज प्रदर्शनों का भी अवलोकन किया। सीएम ने विश्वास जताया कि एनएसजी व यूपी पुलिस का साझा प्रयास देश की आंतरिक सुरक्षा को नई शक्ति व दिशा प्रदान करेगा।

सुरक्षा बल हर चुनौती से दस कदम आगे रहने की करते हैं तैयारी

सीएम ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नए भारत के उस संकल्प का प्रतीक है, जहां सुरक्षा बल हर चुनौती से दस कदम आगे रहने की तैयारी करते हैं। यह वीर जवानों का पराक्रम करोड़ों माताओं-बहनों के सम्मान की ढाल, भारत की संप्रभुता का कवच और देश की शांति-सुरक्षा को चुनौती देने का दुस्साहस करने वाले राष्ट्रविरोधी ताकतों के लिए काल है।

देश को है यूपी पुलिस व एटीएस के पराक्रम पर गर्व



सीएम ने कहा कि देश को यूपी पुलिस व एटीएस के पराक्रम पर गर्व है। जब एनएसजी के मंच पर 16वीं ऑल इंडिया पुलिस स्टैंड अलोन स्नाइपर प्रतियोगिता में एटीएस कमांडो टीम के दो स्नाइपर अचूक निशाना लगाने के दम पर स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाते हैं। जब एटीएस महिला कमांडो टीम का गठन कर उन्हें स्पॉट का अभिन्न हिस्सा बनाती है तो केवल ऑपरेशनल कदम नहीं, बल्कि उस भारत की हुंकार है, जहां बेटियां दुश्मन के छक्के छुड़ाने वाली रणचंडी के स्वरूप में दिखती हैं। प्रयागराज कुम्भ 2019 व महाकुम्भ-2025 का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि जब करोड़ों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हैं तो स्पॉट के कमांडो और यूपी पुलिस की अभेद्य सुरक्षा के कारण परिंदा पर भी नहीं मार सकता।

कभी दंगों की आग में झुलसता था यूपी, अब कानून का राज

सीएम ने कहा कि वह दौर याद करिए, जब उप्र दंगों की आग में झुलसता था और अपराधियों के हौसले बुलंद थे। चारों ओर अराजकता का साम्राज्य था, लेकिन अब प्रदेश में रूल ऑफ लॉ है। इसे सुनिश्चित करने के लिए पुलिस के इकोसिस्टम को मजबूत किया गया है। पुलिस भर्ती की पारदर्शी व्यवस्था के साथ ही उनकी क्षमता को सुदृढ़ किया गया। पुलिस को बेहतर संसाधन व आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर दिया गया। पुलिस के बजट को तीन से चार गुना किया गया और पुलिसकर्मियों के लिए आधुनिक आवासीय बैरक व बेहतरीन सुविधाएं की गईं।

पुलिस को टेक्नोलॉजी, क्विक रिस्पांस से जोड़ा गया, सुरक्षा बलों को दी गईं अधिक सुविधाएं

सीएम ने कहा कि पुलिस को टेक्नोलॉजी, क्विक रिस्पांस से जोड़ा गया। प्रदेश में साइबर थाने सभी 75 जनपदों में खोले गए। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 15 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे, 112 के रिस्पॉन्स टाइम को 65 मिनट से घटाकर 5-7 मिनट तक पहुंचाने में सफलता पाई गई। स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन कर उन्हें ट्रेनिंग के माध्यम से कैपिसिटी बिल्डिंग पर जोर दिया गया। माफिया के काल एसटीएफ की स्ट्रैंथनिंग, दंगाइयों की काल पीएसी को पुनर्जीवित करने के साथ तीन महिला पीएसी बटालियन का गठन किया गया। देवबंद से लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों तक एटीएस के कमांडो सेंटर, मेट्रो, एयरपोर्ट, न्यायालय परिसरों व प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए यूपीएसएसएफ का गठन कर छह बटालियन को इससे जोड़ा गया। अयोध्या में एनएसजी का रीजनल हब स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई।

डकैती में 84 व लूट में 77 फीसदी से अधिक की आई कमी

सीएम ने कहा कि अपराधियों व माफिया की 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति जब्त व ध्वस्त की गई है। यूपी से कर्फ्यू व दंगा समाप्त हो गया। माफिया जेल या जहन्नुम की यात्रा पर है। प्रदेश में डकैती में 84 व लूट में 77 फीसदी से अधिक की कमी आई है। महिला सुरक्षा व जनविश्वास को पुलिसिंग के केंद्र में रखा गया। पुलिस भर्ती में महिला आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए उनकी संख्या 10 हजार से बढ़ाकर 45 हजार की गई। महिला बीट अधिकारियों से लेकर महिला बटालियन तक महिला सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई। प्रदेश अब लैंड ऑफ लॉ बन गया है। लॉ एंड ऑर्डर के बलबूते प्रदेश मॉडल के रूप में पहचान स्थापित कर चुका है।

समय के साथ दुश्मन के बदले तरीके पर जताई चिंता

सीएम ने समय के साथ दुश्मन के बदले तरीके पर चिंता जताई, कहा कि दुश्मन अब अदृश्य तरीके से वार कर रहा है। हवाला नेटवर्क फेक करेंसी से अर्थव्यवस्था पर चोट कर रहा है। अवैध कन्वर्जन, साइबर क्राइम, क्रिप्टोकरेंसी के जरिए व्यवस्था को खोखला करने की साजिश रच रहा है। यह भारत की अखंडता व प्रदेश की सुरक्षा को नया चैलेंज है।

सीएम ने पुलिस, एटीएस व जांबाजों की हौसलाअफजाई की

सीएम ने यूपी पुलिस, एटीएस व पुलिस के जांबाजों की हौसला अफजाई की। पूरे प्रदेश में एटीएस की 21 फील्ड यूनिट तैनात है। 2017 के बाद इंडो-नेपाल बॉर्डर नक्सल प्रभावित सोनभद्र, चंदौली, मीरजापुर के साथ ही आस्था के केंद्र अयोध्या, प्रयागराज, बहराइच, श्रावस्ती, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर, संभल, नोएडा, झांसी आदि में 10 नई फील्ड यूनिट खड़ी कर सरकार ने सुरक्षा का अभेद्य किला बना दिया है। एटीएस के पास अवैध धर्मांतरण सेल, क्रिप्टो एनालिसिस विंग आदि है। इकॉनमिक एनालिसिस विंग संदिग्ध फाइनेंसियल टेल्स की परतें उधेड़ती हैं।

डार्क वेब या क्रिप्टो वॉलेट के पीछे नहीं छिप सकते आतंकी व देशद्रोही

सीएम ने कहा कि अब कोई आतंकी व देशद्रोही डार्क वेब या क्रिप्टो वॉलेट के पीछे नहीं छिप सकते। स्पॉट कमांडो एनएसजी, बीएसएफ, सीआईएसएफ के साथ अग्निपरीक्षा ज्वाइंट काउंटर टेररिज्म ट्रेनिंग एक्सरसाइज और नेशनल ज्वाइंट काउंटर (आईडी एक्सरसाइज) जैसे संयुक्त अभ्यास कमांडो को हर आपात स्थिति से निपटने को तैयार करते हैं।

भारत ने खुद खींची है सुरक्षा नीति की रेडलाइन

सीएम ने कहा कि 2016 का सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 का बालाकोट एयर स्ट्राइक तथा 2025 में ऑपरेशन सिंदूर भारत की नई रणनीति व ताकत का अहसास कराते हैं। इनके माध्यम से सेना ने नापाक प्रयासों को करारा जवाब दिया है। भारत ने सुरक्षा नीति की रेडलाइन खुद खींची है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत हर आतंकी घटना का मुंहतोड़ जवाब देता है। दुनिया को दिखा दिया है कि तीनों सेनाओं की सिनर्जी, स्वदेशी टेक्नोलॉजी और जीरो टॉलरेंस की इच्छाशक्ति मिलती है तो दुश्मन के पास छिपने का रास्ता नहीं बचता।

सुरक्षित भारत ही समर्थ भारत की नींव

सीएम ने कहा कि सेना सीमा पर ऑपरेशन और पुलिस-एटीएस-एनएसजी देश के भीतर आतंकी साजिश व गद्दार की कमर तोड़ती है। हमारा लक्ष्य भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहना है। ऐसी सुरक्षा व्यवस्था विकसित करनी है, जो तकनीक में आधुनिक, रणनीति में अचूक, समन्वय में मजबूत और कार्रवाई से निर्णायक हो। सुरक्षित भारत ही समर्थ भारत की नींव है।

इस दौरान अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, एनएसजी के महानिदेशक भृगु श्रीनिवासन, अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश, एनएसजी के आईजी (ऑपरेशन) मेजर जनरल मुकेश भनवाला, आईजी (एटीएस) प्रेम गौतम आदि मौजूद रहे।

गोरखपुर के हिस्से दर्ज होगी एक और ऐतिहासिक उपलब्धि

- प्रदेश के प्रथम आयुष विश्वविद्यालय के बाद पहले वानिकी विश्वविद्यालय का भी उपहार

- 19 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैंपियरगंज के भारीवैसी में रखेंगे आधारशिला

- 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 491 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा वानिकी विश्वविद्यालय

- नॉलेज कैपिटल : दो यूनिक यूनिवर्सिटी सहित पांच विश्वविद्यालय वाला जिला होगा गोरखपुर

समाज जागरण

गोरखपुर, 18 नवंबर। गोरखपुर केंद्रित पूर्वांचल की शैक्षणिक और विकास की यात्रा में गुरुवार, 19 नवंबर को एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। आयुष चिकित्सा-शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के प्रथम, महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के बाद अब गोरखपुर को उत्तर प्रदेश के पहले और देश के दूसरे 'वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय' (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 नवंबर (गुरुवार) को कैंपियरगंज तहसील के भारीवैसी में इस विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगे। करीब 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 491 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले इस संस्थान की आधारशिला रखे जाने के साथ ही गोरखपुर शिक्षा के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई को स्पर्श करेगा। इस नई उपलब्धि के बाद गोरखपुर प्रदेश का ऐसा अनूठा जिला बन जाएगा, जहां दो विशिष्ट (यूनिक) विश्वविद्यालयों सहित कुल पांच विश्वविद्यालय संचालित होंगे।

वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय के शिलान्यास का अवसर गोरखपुर के लिए इसलिए भी अत्यंत गौरवपूर्ण है क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह जिला बीते कुछ वर्षों में उच्च शिक्षा और शोध के एक बड़े केंद्र के रूप में उभरा है। अब तक जिले में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (राज्य विश्वविद्यालय), मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (राज्य प्राविधिक विश्वविद्यालय), महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय (निजी क्षेत्र) और प्रदेश का पहला महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय (चिकित्सा की पारंपरिक पद्धतियों को समर्पित) मौजूद हैं। अब वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही गोरखपुर के खाते में पांचवां विश्वविद्यालय जुड़ जाएगा। इनमें आयुष विश्वविद्यालय और वानिकी विश्वविद्यालय अपनी विशिष्ट कार्यप्रणाली और पाठ्यक्रमों के कारण पूरे प्रदेश में अनूठे हैं। आयुष विश्वविद्यालय के बाद वानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना गोरखपुर को न केवल 'नॉलेज कैपिटल' के रूप में स्थापित करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश को देश में अग्रणी भूमिका में ला खड़ा करेगी।

गोरखपुर के जिलाधिकारी दीपक मीणा के अनुसार कैंपियरगंज के भारीवैसी क्षेत्र में प्रस्तावित वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य अत्यंत भव्य और आधुनिक मानकों के अनुरूप किया जाएगा। परियोजना के लिए 50 हेक्टेयर (123.55 एकड़) भूमि चिह्नित की गई है, जिस पर विश्वविद्यालय बनाने में 491 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की जाएगी। इस विश्वविद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य वानिकी, कृषि वानिकी, उद्यानिकी और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उच्च स्तरीय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना है। यह संस्थान न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे उत्तर भारत के विद्यार्थियों के लिए वन विज्ञान और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में करियर बनाने के नए द्वार खोलेगा। यह संस्थान प्रदेश में अपनी तरह का पहला प्रमुख केंद्र बनेगा।

प्रभागीय वनाधिकारी शुभम सिंह के मुताबिक गोरखपुर में स्थापित होने वाले वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय में वानिकी एवं औद्यानिकी, वन्य जीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, एग्रोफॉरेस्ट्री, फल एवं बागवानी सहित कई आधुनिक विषयों में स्नातक (बीएससी), परास्नातक (एमएससी) और पीएचडी के साथ ही डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त विद्यार्थियों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य वन सेवा तथा क्षेत्रीय वन अधिकारी के पदों पर क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया जाना भी प्रस्तावित है।

वानिकी विश्वविद्यालय में एक प्रशासनिक भवन, दो शैक्षणिक ब्लॉक, केंद्रीय पुस्तकालय, बहुउद्देशीय सभागार, 895 विद्यार्थियों हेतु छात्रावास, 401 आवासीय यूनिट, किसान कल्याण केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, अतिथि गृह एवं अन्य आधुनिक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

कुल 792 करोड़ की 55 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार (19 नवंबर) को गोरखपुर के कैम्पियरगंज में प्रदेश के पहले वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की आधारशिला रखने के साथ ही 792 करोड़ रुपये से अधिक की कुल 55 विकास परियोजनाओं शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। वह 491 करोड़ की फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी सहित 621.05 करोड़ की 16 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही उनके हाथों 171.13 करोड़ रुपये की 39 परियोजनाओं का लोकार्पण भी होगा।

14 कोसी परिक्रमा करने को अयोध्या में उमड़ पड़ा भक्तों का रेला

-श्रद्धालुओं के लिए योगी सरकार की रही विशेष व्यवस्था, जगह-जगह पेयजल, शौचालय स्वास्थ्य शिविर के रहे प्रबंध

-श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चप्पे चप्पे पर तैनात रहा पुलिस बल, सरयू घाट से लता मंगेशकर चौक तक अधिकारियों ने संभाली रही कमान

समाज जागरण

अयोध्या,18 नवम्बर। रामनगरी अयोध्या में चौदह कोसी परिक्रमा के शुभारंभ के साथ ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। मंगलवार रात से शुरू हुई यह पावन परिक्रमा बुधवार को ब्रह्म मुहूर्त से पहले ही जोरों पर थी। प्रभु श्रीराम की नगरी की धूल में पग रखते हुए बच्चे, बुजुर्ग, युवा और महिलाएं ह्यराम-राम श्री राम जय जय रामह्ण का जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। अनुमान के मुताबिक अब तक लगभग दो लाख श्रद्धालु परिक्रमा पूरी कर चुके हैं।

योगी आदित्यनाथ सरकार की मंशा के अनुरूप श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। एडीजी जोन लखनऊ प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, एएसपी गौरव ग्रोवर और नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार ने सरयू घाट से लेकर लता मंगेशकर चौक तक विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से सीधे बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं का फीडबैक भी लिया।

भारी पुलिस बल के बीच ड्रोन से देखी गई व्यवस्था

प्रशासन की ओर से परिक्रमा मार्ग और प्रमुख स्थलों पर निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए। सीसीटीवी कैमरों के साथ ड्रोन के माध्यम से भी पूरे मेला क्षेत्र पर निरंतर नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली (पीए सिस्टम) के जरिए लगातार दिशा-निर्देश, सुरक्षा उपायों और आवश्यक सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। योगी सरकार के निर्देशों के तहत पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाओं को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

अध्यात्म के पथ पर चले कमिश्नर, साढे छह घंटे में पूरी की परिक्रमा

मंडलायुक्त राजेश कुमार ने लगभग 6 घंटे 30 मिनट में चौदह कोसी परिक्रमा पूर्ण की। उन्होंने सहादतगंज स्थित हनुमानगढ़ी से परिक्रमा का शुभारंभ किया और निर्धारित मार्ग से यात्रा पूरी की। परिक्रमा के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थलों पर रुककर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं से संवाद भी किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं निरंतर चुस्त-दुरुस्त रखी जाएं।

योगी सरकार ने अयोध्या की तो सूरत ही बदल दी है

परिक्रमा मार्ग पर मिले कानपुर निवासी बृजमोहन ने बताया कि मैं पिछले 18 साल से हर साल अयोध्या आता हूं। इस बार सुविधाएं पहले से कहीं बेहतर हैं। पानी के टैंकर हर थोड़ी दूरी पर हैं, रोशनी अच्छी है और पुलिस वाले भी बहुत सहयोग कर रहे हैं। योगी जी की सरकार ने अयोध्या को कितना बदल दिया है, यह साफ दिख रहा है। भगवान राम की कृपा से शरीर में थकान का अहसास ही नहीं हो रहा। पूरा परिवार साथ है।

तीन पीढ़ियों के साथ आई हैं सीता देवी

बिहार के मुजफ्फरपुर से आई 45 वर्षीय सीता देवी ने कहा कि हम तीन पीढ़ियां यहां आए हैं। दादी, मैं और मेरी बेटी। रास्ते में जहां-जहां ठहरने की जगह बनी है, वहां लोग बड़े प्यार से पानी और लस्सी पिला रहे हैं। प्रशासन की व्यवस्था देखकर मन को बड़ा सुकून मिला। योगी सरकार की वजह से अयोध्या अब और भी श्रद्धालु-अनुकूल हो गई है। जब हनुमानगढ़ी से शुरू किया था तो आंखों में आंसू आ गए थे। लगता है मानो राम जी खुद साथ चल रहे हों।

जगह-जगह लग रहे भंडारे व स्वास्थ्य शिविर

जगह-जगह विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने भंडारे का प्रबंध किया है, जहां श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी मेला क्षेत्र में चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों में डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हुए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या का तुरंत समाधान हो सके।

श्रद्धालु कर रहे राम मंदिर और हनुमान मंदिर के दर्शन

परिक्रमा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर और हनुमानगढ़ी स्थित हनुमान मंदिर के दर्शन कर रहे हैं। कई श्रद्धालु परिक्रमा के साथ-साथ दोनों मंदिरों के दर्शन को अपना मुख्य उद्देश्य बता रहे हैं। प्रशासन ने मंदिर परिसर में भी भीड़ प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की है, जिससे श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन मिल रहे हैं।

11 जोन और 21 सेक्टर में विभाजित में परिक्रमा मार्ग में लगे हैं 16 अपर पुलिस अधीक्षक

चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग को 11 जोन और 21 सेक्टर में बांटा गया है। अयोध्याधाम के प्रमुख धार्मिक स्थलों व अतिरिक्त मार्गों को 6 जोन तथा 26 सेक्टर (घाट, नागेश्वरनाथ, हनुमानगढ़ी, कनकभवन व यातायात जोन) में विभाजित कर पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रत्येक जोन में जोनल प्रभारी के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक/उप अधीक्षक तथा सेक्टर प्रभारी के रूप में उप अधीक्षक/निरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। नोडल अधिकारी और महत्वपूर्ण स्थानों पर स्टैटिक ड्यूटी भी तय की गई है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस बल में 16 अपर पुलिस अधीक्षक, 35 उप अधीक्षक, 90 निरीक्षक, 355 उपनिरीक्षक, 35 महिला उपनिरीक्षक, 1320 आरक्षी, 140 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल के अलावा पीएसी की 5 कंपनियां लगाई गई हैं।

नोएडा में बनेगा आईआईटी कानपुर का डीप टेक यू-हब, 281 करोड़ रुपये से अधिक होंगे खर्च

लखनऊ, 18 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश में नवाचार, अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीक आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसके तहत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के नोएडा परिसर में डीप टेक यू-हब की स्थापना एवं भवन निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। इस परियोजना पर कुल 281.03 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी।

24 माह के भीतर कार्य पूरा करने का लक्ष्य

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि परियोजना के तहत ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मोड में भवन निर्माण कराया जाएगा। व्यय वित्त समिति द्वारा मूल्यांकित परियोजना की कुल लागत 28,103.88 लाख रुपये निर्धारित की गई है। निर्माण कार्य को 24 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इसके लिए 100 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है, जिसमें 30 करोड़ रुपये पूंजीगत मद और 70 करोड़ रुपये राजस्व मद में शामिल हैं। शेष वित्तीय आवश्यकता के लिए वित्त विभाग से परामर्श के बाद चरणबद्ध बजटीय प्रावधान की स्वीकृति अलग से प्राप्त की जाएगी। परियोजना में केंद्र सरकार की कोई वित्तीय भागीदारी नहीं होगी।

डीप टेक स्टार्टअप्स को मिलेगा मजबूत इकोसिस्टम

डीप टेक यू-हब प्रदेश में नवाचार आधारित अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीकों के विकास को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके माध्यम से राज्य में कार्यरत स्टार्टअप्स को आवश्यक मार्गदर्शन, तकनीकी सहयोग और दिशा-निर्देशन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे न केवल सफल स्टार्टअप्स की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी गुणवत्ता और तकनीकी क्षमता में भी सुधार आएगा।

सेक्शन-8 कंपनी के रूप में होगा संचालन

डीप टेक यू-हब को सेक्शन-8 कंपनी के रूप में पंजीकृत संस्था के तौर पर स्थापित किया जाएगा। इसका प्रमुख उद्देश्य प्रदेश में नवाचार को बढ़ावा देना, तकनीक आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहित करना और स्टार्टअप्स के विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा। योगी सरकार की इस पहल से प्रदेश में नई तकनीक आधारित कंपनियों और स्टार्टअप्स की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों का विस्तार होने के साथ ही युवाओं के लिए उच्च कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

प्रदेश के छोटे शहरों और धार्मिक-पर्यटन स्थलों की हवाई कनेक्टिविटी को मिलेगी नई उड़ान

- मोडिफाइड उड़ान योजना के तहत केंद्र, यूपी सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच त्रिपक्षीय एमओयू को मंजूरी

- क्षेत्रीय हवाई अड्डों पर विमानन ईंधन पर 1% या उससे कम वैट, मुफ्त अग्निशमन एवं सुरक्षा सेवाएं और रियायती दरों पर मिलेंगी बिजली-पानी जैसी सुविधाएं

- हवाई संपर्क बढ़ने से व्यापार, पर्यटन और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसरों को मिलेगा बढ़ावा

समाज जागरण

लखनऊ, 18 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम-मॉडिफाइड उड़ान (वऊअठ) के अगले चरण के तहत केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) के निष्पादन को मंजूरी प्रदान कर दी है।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि इसमें 80 प्रतिशत राशि केंद्र की जबकि 20% प्रदेश सरकार की व्यय होगी। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 4 जुलाई 2026 को लागू की गई इस योजना का उद्देश्य छोटे शहरों और क्षेत्रीय हवाई अड्डों को बेहतर हवाई संपर्क के जरिये जोड़ना है।

योगी सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के छोटे शहरों के साथ-साथ धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों तक हवाई सेवाओं का विस्तार करने में मदद मिलेगी।

हवाई सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार देगी विशेष सुविधाएं

योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार आरसीएस कन्सेशन एयरपोर्ट्स पर विमानन कंपनियों और हवाई अड्डों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इनमें विमानन ईंधन पर वैट की दर 1 प्रतिशत अथवा उससे कम रखना, अग्निशमन एवं सुरक्षा सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना तथा बिजली, पानी और अन्य जनोपयोगी सेवाएं रियायती दरों पर प्रदान करना शामिल है। इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार भूमि एवं कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के अंतर्गत व्यवहार्यता अंतराल निधियन (वीजीएफ) में राज्य सरकार की ओर से 20 प्रतिशत हिस्सेदारी भी प्रदान की जाएगी।

एमओयू के लिए अधिकारियों को किया गया अधिकृत

कैबिनेट ने त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए उत्तर प्रदेश के निदेशक, नागरिक उड्डयन को अधिकृत किया है। वहीं, समझौते के प्रावधानों के अनुरूप दो नोडल अधिकारियों को नामित करने के लिए नागरिक उड्डयन विभाग के अपर मुख्य सचिव को अधिकृत किया गया है। इसके साथ ही प्रकरण में आवश्यक विचलन अथवा अन्य किसी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अधिकृत किया गया है।

धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुंच होगी आसान

योगी सरकार का यह निर्णय प्रदेश के क्षेत्रीय हवाई संपर्क नेटवर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे छोटे शहरों, धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और प्रमुख पर्यटन केंद्रों तक हवाई यात्रा की संभावनाएं बढ़ेंगी। बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम होगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। क्षेत्रीय हवाई सेवाओं के विस्तार से होटल, परिवहन, पर्यटन, आतिथ्य और अन्य सेवा क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। इससे स्थानीय कारोबारियों, युवाओं और उद्यमियों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

धान के खेत में उतरे डीएम चर्चित गौड़, खुद की क्रॉप कटिंग, किसानों से जानी पैदावार की हकीकत

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ का एक अलग अंदाज देखने को मिला, जब वह धान के खेत में पहुंचकर खुद फसल की क्रॉप कटिंग करने लगे। जिलाधिकारी द्वारा खेत में उतरकर धान काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस दौरान उन्होंने किसानों से फसल की पैदावार, खेती की लागत और प्रति बीघा उत्पादन की जानकारी ली। साथ ही फसल के उचित मूल्य और सरकारी समर्थन मूल्य के अनुरूप किसानों को मिलने वाले लाभ की वास्तविक स्थिति को समझने का प्रयास किया। दरअसल, रॉबर्ट्सगंज तहसील क्षेत्र में धान की क्रॉप कटिंग की कार्रवाई के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर फसल की कटाई की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से पूछा कि एक बीघे में औसतन कितने धान का उत्पादन होता है और खेती में कितनी लागत आती है। क्रॉप कटिंग के माध्यम से फसल की वास्तविक उत्पादकता का आकलन किया जा रहा है, जिससे जनपद में धान उत्पादन के सही आंकड़े जुटाए जा सकें। इस संबंध में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि जनपद सोनभद्र में क्रॉप कटिंग के लिए कुल लगभग 2,288 स्थानों को चिन्हित किया गया है। इन स्थानों पर निर्धारित 10.10 मीटर के प्लॉट में क्रॉप कटिंग कर फसल की उत्पादकता का आंकड़ा एकत्र किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में जिला एवं तहसील स्तर के अधिकारियों की मौजूदगी में धान की कटाई कर प्राप्त उपज का विश्लेषण किया जाता है, ताकि पूरे जनपद की वास्तविक उत्पादकता का सही आकलन किया जा सके। अब तक जनपद में लगभग 400 से 500 स्थानों पर क्रॉप कटिंग की कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस माह के अंत तक पूरे जनपद में क्रॉप कटिंग एवं उत्पादकता विश्लेषण का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी के इस जमीनी निरीक्षण को किसानों की फसल उत्पादन की वास्तविक स्थिति समझने और कृषि संबंधी आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

अरौली में बनेगा 25.18 करोड़ रुपये का मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय, योगी सरकार ने जारी किया बजट, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक एक ही परिसर में मिलेगी शिक्षा, 1500 विद्यार्थियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

समाज जागरण/ अकबर अली



सोनभद्र। योगी सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। इसी कड़ी में सोनभद्र के अरौली में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का निर्माण कराया जाएगा। विद्यालय के निर्माण के लिए शासन ने बजट जारी कर दिया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, वंचित और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिल सकेंगे। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि रॉबर्ट्सगंज तहसील के बड़हर विकासखंड की ग्राम पंचायत अरौली में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण के प्रस्ताव को शासन ने स्वीकृति प्रदान करते हुए बजट जारी कर दिया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी कराकर जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। विद्यालय को लगभग 12 से 15 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित करने की योजना है। इसमें करीब 1500 विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की परिकल्पना के अनुरूप विद्यालय में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक की पढ़ाई एक ही परिसर में होगी। इससे विद्यार्थियों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर तक की पढ़ाई के लिए अलग-अलग संस्थानों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक ही परिसर में शिक्षा की निरंतरता बनी रहेगी और बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सकेगा।

ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा नया आयाम

बताया कि योगी सरकार का उद्देश्य प्रदेश के सरकारी विद्यालयों को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित कर निजी विद्यालयों के समकक्ष शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसी सोच के तहत विद्यालयों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, स्मार्ट शिक्षण व्यवस्था को बढ़ावा देने, बेहतर कक्षाएं और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अरौली में बनने वाला यह विद्यालय आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बड़ा केंद्र बनेगा। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को एक ही स्थान पर प्रारंभिक से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा उपलब्ध होने से काफी सहूलियत मिलेगी। इससे शिक्षा के लिए होने वाला अतिरिक्त खर्च और आवागमन की परेशानी भी कम होगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि यह विद्यालय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगा। आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं और बेहतर वातावरण के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी। सरकार की इस पहल से ग्रामीण अंचल में शिक्षा की गुणवत्ता को नई मजबूती मिलने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

छठ पर्व पर चोरी करने आए शातिर गैंग का भंडाफोड़, छह महिलाओं समेत सात गिरफ्तार

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे



सोनभद्र। जिले में महिलाओं के सोने के आभूषण और चेन चोरी करने वाले एक शातिर गैंग का रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने विशेष ऑपरेशन चलाकर छह महिलाओं और एक पुरुष समेत कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1 लाख 47 हजार रुपये नकद, सोने के लॉकेट, अंगूठियां, टॉप्स, जाला समेत अन्य आभूषण बरामद किए हैं। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली बोलेरो गाड़ी भी बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 11 से 12 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के मुताबिक, पिछले कुछ समय से जिले में ऐसी घटनाएं सामने आ रही थीं, जिनमें महिलाएं ऑटो, टेंपो और अन्य सार्वजनिक वाहनों से उतरते समय अपने सोने के आभूषण और चेन चोरी होने की शिकायत कर रही थीं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए छठ पर्व के दिन रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने विशेष ऑपरेशन चलाया और गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि यह गैंग बोलेरो समेत अन्य वाहनों से अलग-अलग जनपदों में जाता था। खासतौर पर भीड़भाड़ वाले दिनों, मेलों और तीज-त्योहारों के दौरान सार्वजनिक परिवहन तथा मेला स्थलों पर महिलाओं को निशाना बनाता था। आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के आभूषण चोरी करते थे और बाद में उन्हें बेचकर रुपये कमाते थे। एसपी ने बताया कि इस गैंग की संलिप्तता सोनभद्र की कुल पांच चोरी की घटनाओं में सामने आई है। इनमें कुछ घटनाएं ओबरा और कुछ रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र की हैं। इसके अतिरिक्त अन्य जनपदों में भी इसी तरह की घटनाओं के संबंध में संबंधित पुलिस से संपर्क कर जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार, यह गैंग छठ पर्व के दौरान भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की योजना बनाकर सोनभद्र आया था, लेकिन रॉबर्ट्सगंज पुलिस की विशेष रणनीति के चलते वारदात से पहले ही गैंग को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में रॉबर्ट्सगंज थाना प्रभारी और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने सफल ऑपरेशन के लिए पुलिस टीम को 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

विश्व हिन्दू रक्षा परिषद की मासिक बैठक हुई संपन्न

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे



चोपन/ सोनभद्र। विश्व हिन्दू रक्षा परिषद की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष राकेश पाण्डेय की अध्यक्षता मे जिला प्रभारी मनीष प्रताप सिंह के बघनार स्तिथ आवास पर प्रदेश सचीव डा बृजेश सिंह की उपस्थिति मे की गई जहाँ संगठन के आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई साथ ही संगठन को और भी मजबूती प्रदान करने के लिए नगर अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष के गठन को लेकर मंथन किया गया वहीँ शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार सर्वसम्मति से कमल किशोर सिंह को मिजार्पू मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया सह मंडल प्रभारी का दायित्व अरूण सिंह को सौंपा गया विस्व हिन्दू रक्षा परिषद महिला मोर्चा का अध्यक्ष सुप्रसिद्ध कवियत्री एवं लेखक रचना तिवारी को बनाया गया जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जायसवाल को बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचीव डा बृजेश सिंह ने कहा कि सनातन धर्म के रक्षा के लिए संगठन पूरी तरह से गंभीर है लगातार कार्यक्रम किये जा रहे हैं जिससे लोगो मे अपने धर्म के प्रति जागरूकता आ सके आगे उनहोंने नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि संगठन के विचारों को जन जन तक पहुचाये और अधिक से अधिक लोगों को जोडने का का कार्य करें वहीँ जिलाध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने कहा कि जल्द ही संगठन का विस्तार पूरा करके जिला मुख्यालय पर महत्वपूर्ण कार्यक्रम किया जायेगा` इस मौके पर दिनेश पाण्डेय, अमरनाथ सिंह, विजेंद्र सिंह, श्याम सुन्दर मिश्रा, मनीष प्रताप सिंह, संतोष सिंह, प्रियांशु चौबे आदि रहे। संचालन मिडिया प्रभारी मनोज चौबे ने किया।

रचनाओं में जीवित समाज की संवेदनाएं ही रचनाकार का वास्तविक सम्मान : आरुषि मिश्रा

मनीषा कुलश्रेष्ठ को मिला ठाकुर प्रसाद सिंह स्मृति साहित्य सम्मान-2026 विंध्य कन्या पीजी कॉलेज में साहित्यिक गोष्ठी एवं भव्य सांस्कृतिक समारोह रहा गुलजार

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी



सोनभद्र। किसी रचनाकार का वास्तविक सम्मान उसके नाम के साथ जुड़ने वाले पुरस्कारों में नहीं, बल्कि उसकी रचनाओं में जीवित समाज की संवेदनाओं और मानवीय सरोकारों में निहित होता है। साहित्य की सार्थकता तभी है, जब वह समाज के सुख-दुःख, संघर्ष और जीवन-मूल्यों को अभिव्यक्ति दे। यह विचार मिजार्पुर की प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) आरुषि मिश्रा ने विंध्य कन्या पीजी कॉलेज, राबर्ट्सगंज में आयोजित ठाकुर प्रसाद सिंह स्मृति साहित्य सम्मान-2026 समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। समारोह में सारस्वत अतिथि प्रख्यात साहित्यकार मनीषा कुलश्रेष्ठ को ठाकुर प्रसाद सिंह स्मृति साहित्य सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। मुख्य ट्रस्टी डॉ. अजय कुमार सिंह एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजली विक्रम सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य मंच पर उन्हें सम्मान प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं साहित्यकार ठाकुर प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक एवं साहित्यिक गरिमा से भर दिया। गोष्ठी में प्रो. उमेश प्रसाद सिंह ने विषय प्रवर्तन किया। अध्यक्षता सोच-विचार पत्रिका के संपादक डॉ. नरेंद्र मिश्र ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में बिलासपुर विश्वविद्यालय (छत्तीसगढ़) के पूर्व कुलपति प्रो. सदानंद शाही उपस्थित रहे। महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. वी. सिंह, मुख्य ट्रस्टी डॉ. अजय कुमार सिंह तथा प्राचार्य डॉ. अंजली विक्रम सिंह ने मंचासीन साहित्यकारों एवं अतिथियों का सारस्वत सम्मान किया। इनमें प्रख्यात कवि जगदीश पंथी, गुप्त काशी सेवा ट्रस्ट के अधिष्ठाता आलोक चौबे, देवगढ़ के डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. संजय सिंह सहित अन्य गणमान्य साहित्यकार एवं विशिष्टजन शामिल रहे। इस अवसर पर पंडित पारसनाथ मिश्र का भी स्वागत एवं सत्कार किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने गणेश वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। मां शारदा शिक्षा एवं सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित विंध्य कन्या पीजी कॉलेज, विंध्य तक्षशिला एकेडमी एवं विंध्य लॉ कॉलेज की छात्राओं ने भारतीय संस्कृति पर आधारित विविध रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन, वादन, नृत्य, समूह नृत्य एवं युगल नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। साहित्य, संस्कृति और शिक्षा के इस अनूठे संगम ने महाविद्यालय परिसर को पूरे दिन उत्सवमय बनाए रखा। गोष्ठी का कुशल संचालन भोलानाथ मिश्र ने किया तथा अंत में प्राचार्य डॉ. अंजली विक्रम सिंह ने सभी अतिथियों, साहित्यकारों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वैदिक मंत्रोच्चार डॉ शिवकुमार शास्त्री और श्री रंजन देव पाण्डेय ने किया । विंध्य कन्या पीजी कॉलेज का यह आयोजन साहित्यिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत और नारी शिक्षा के समन्वय का उल्लेखनीय उदाहरण बना। अपने उद्देश्य की सार्थकता के साथ ही यह समारोह सोनभद्र के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक इतिहास में एक यादगार आयोजन के रूप में दर्ज हुआ।

बीजपुर पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को दबोचा, बैटरी और सिंचाई पंप मोटर बरामद

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार



बीजपुर/ सोनभद्र। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सक्रिय बीजपुर पुलिस को मंगलवार को सफलता हाथ लगी। पुलिस टीम ने चोरी के एक मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की बैटरी और सिंचाई में इस्तेमाल होने वाली 1.5 एचपी की मोनोब्लॉक पंप मोटर बरामद की है।पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र में गश्त के दौरान बस स्टैंड के समीप संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान चोरी के मुकदमे में तलाश किए जा रहे दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी की एक बैटरी तथा 1.5 एचपी की मोनोब्लॉक सिंचाई पंप मोटर मिली। पकड़े गए आरोपियों की पहचान उत्तम कुमार पुत्र रामनगीना गुर्जर (24 वर्ष) और बबलू कुमार पुत्र शिव प्रसाद वैशवार (26 वर्ष) निवासी ग्राम नेमना, थाना बीजपुर, सोनभद्र के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ थाना बीजपुर में मुकदमा अपराध संख्या 116/2026 के तहत धारा 303(2) और 317(2) बीएनएस में मामला दर्ज है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को 18 नवंबर 2026 को न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी भानु प्रताप यादव तथा आरक्षी अखिलेश कुमार और संजय कुमार शामिल रहे।

सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य भंडारे का आयोजन, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

समाज जागरण



महुली/ सोनभद्र। दुद्धी ब्लॉक के महुली-फुलवार स्थित मलिया नदी के पावन तट पर छठ पूजा घाट पर नवनिर्मित भव्य सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत मंगलवार, 17 नवंबर को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के बीच विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान महुली अरविंद जायसवाल के नेतृत्व में सायं तीन बजे से शुरू हुए भंडारे में क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भगवान सूर्यदेव के दर्शन-पूजन के साथ प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजित इस भव्य भंडारे ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। मलिया नदी के पावन तट पर स्थित छठ घाट पर श्रद्धालुओं का लगातार पहुंचना जारी रहा। आयोजन में महिला, पुरुष, बुजुर्ग एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की विशेषता यह रही कि सभी लोगों ने धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता के भाव के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। भंडारे के सफल आयोजन में छठ पूजा सेवा समिति महुली के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार कन्नौजिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार कन्नौजिया, कोषाध्यक्ष योगेंद्र यादव उर्फ पप्पू, अमित कुमार कन्नौजिया, श्याम बिहारी कन्नौजिया , राजकिशोर कन्नौजिया, वीरेंद्र चौधरी, पंकज गोस्वामी, पंकज कन्नौजिया, ग्राम प्रधान फुलवार दिनेश यादव, समिति के सचिव डॉ. राकेश कुमार कन्नौजिया एवं उप सचिव मुलायम यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य पूरे उत्साह के साथ प्रसाद वितरण की व्यवस्था में जुटे रहे। ग्राम प्रधान अरविंद जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम ने एक बार फिर क्षेत्र में सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और धार्मिक सद्भाव की सुंदर मिसाल प्रस्तुत की। सूर्य मंदिर की स्थापना के बाद आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने आयोजन की भव्यता और लोगों की अटूट आस्था को प्रदर्शित किया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोटा पिण्डारी में लटका मिला ताला, चारों शिक्षक नदारद, बच्चों की पढ़ाई पर उठे सवाल

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार



बीजपुर/ सोनभद्र। म्योरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत पिण्डारी स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोटा पिण्डारी में शिक्षकों की अनुपस्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में चार शिक्षक तैनात हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान चारों नदारद मिले। विद्यालय का गेट खुला था, जबकि कार्यालय में ताला लटका हुआ था। वहीं बच्चे विद्यालय परिसर के बाहर घूमते नजर आए। ग्रामीणों के मुताबिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक हिरीश कुमार साह, सहायक अध्यापक संगीता चौधरी, रूची सिंह तथा अनुदेशक रंजना सिंह की तैनाती है। इसके बावजूद विद्यालय में शिक्षकों की अनुपस्थिति से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में शिक्षकों की गैरहाजिरी का मामला लगातार बना रहता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस दौरान विद्यालय में रसोइया मौजूद मिली, जो निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों के लिए खिचड़ी बना रही थी। शिक्षकों की अनुपस्थिति के संबंध में पूछे जाने पर रसोइया ने बताया कि उनका काम भोजन बनाना है, जिसे वह कर रही हैं। शिक्षक विद्यालय क्यों नहीं आए, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। मामले में प्रधानाध्यापक हिरीश कुमार साह से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि वह आज आकस्मिक अवकाश (CL) पर हैं। हालांकि, विद्यालय में तैनात अन्य शिक्षकों की अनुपस्थिति को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या एक ही दिन में विद्यालय के सभी शिक्षक अवकाश पर थे और क्या इसके लिए विभागीय स्तर पर नियमानुसार अनुमति ली गई थी? ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षकों की मनमानी के चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, शिक्षकों की उपस्थिति का रिकॉर्ड खंगालने तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि विद्यालय में नियमित पढ़ाई सुनिश्चित हो सके।

विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से सम्मानित हुए चन्द्र शेखर पाण्डेय

धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की स्मृति में व भारतीय गौभक्त गोपाष्टमी पर विविध कार्यक्रम हुए आयोजित

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी



सोनभद्र। काशी हिन्दी विद्यापीठ - वाराणसी, उ.प्र. द्वारा संचालित अखिल भारतीय लेखक, कवि, कलाकार परिषद् द्वारा लखनऊ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गो भक्त सन्त स्वामी श्री करपात्री जी महाराज की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय गौ भक्त काव्य / कला संगम, अखिल भारतीय गौभक्त कवि सम्मेलन एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम / संगम - देर शाम तक मंगलवार को सैनिक नगर लखनऊ में आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को विशेष मानद सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि - डॉ. विद्यासागर उपाध्याय वेद मूर्ति / शास्त्रमूर्ति, अंतरराष्ट्रीय चिंतक व आयोजन अध्यक्ष - डॉ. कर्नल आदि शंकर मिश्र आदित्य, विद्या वाचस्पति, विद्या-सागर व प्रमुख संयोजक / संचालक -* कवि इन्द्रजीत तिवारी निर्भीक प्रमुख संरक्षक कवि सुखमंगल सिंह मंगल संरक्षक -* डॉ. ओम प्रकाश द्विवेदी ओम द्वारा सोनभद्र जिले के घोरावल तहसील क्षेत्र के महुआंव पाण्डेय गांव निवासी चन्द्र शेखर पाण्डेय को विद्या वाचस्पति की मानक उपाधि देकर सम्मानित किया गया। यह उपाधि सम्मान उनके हिन्दी सेवा, सारस्वत साधना, कला व सेवा कार्य व समाजसेवी आदि को देखते हुए देकर सम्मानित किया गया।इसके अलावा चंद्र शेखर पाण्डेय को एक और सम्मान अखिल भारतीय गौ भक्त काव्य कला संगम सम्मान दो हजार छब्बीस से भी मंचासींन अतिथियों द्वारा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में कई प्रतिष्ठित कवि, लेखक और साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काव्य पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पुस्तक विमोचन, पत्रिका विमोचन व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान में अंग वस्त्र, पट्टिका, मोमेंटो, मेडल व प्रमाण पत्र पत्रिका आदि देकर सम्मानित किया गया।

वहीं चन्द्र शेखर पाण्डेय द्वारा मुख्य अतिथि विद्या सागर उपाध्याय को अंग वस्त्र व भगवान राम लला की प्रतिमा भेंट किया।इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख इन्द्र जीत तिवारी,व राम अनुज धर द्विवेदी सहित तमाम क्षेत्रों से आए हुए कवि, साहित्यकार, लेखक आदि लोग मौजूद रहे।

रेजंगला के अमर शहीदों की याद में मनाया गया शौर्य दिवस, वीर सैनिकों को किया गया नमन

समाज जागरण

दुद्धी/ सोनभद्र। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश जनपद सोनभद्र के तत्वावधान में बुधवार को स्थानीय सिविल बार सभागार, दुद्धी में 'रेजंगला शौर्य दिवस' श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजंगला की पहाड़ियों पर अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर अहीर सैनिकों की शौर्यगाथा को याद कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।संक्षिप्त गोष्ठी के बाद कैन्डील जलाकर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अमर शहीदों के



चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए और उनके बलिदान से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष जगतनारायण यादव ने कहा कि रेजंगला का युद्ध भारतीय सैन्य इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों में दर्ज है, जहाँ मुट्ठी भर वीर जवानों ने अंतिम सांस तक लड़ते हुए मातृभूमि की रक्षा की। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से दुद्धी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, जगतनारायण यादव, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद यादव, मनोज यादव, उपाध्यक्ष रामचन्द्र यादव, सचिव अभिनाथ यादव, दिनेश कुमार यादव, बृज किशोर यादव, चंद्रमणि यादव, अनिल यादव, रमेश कुमार यादव, सुदामा यादव, रविरंजन यादव, तरुण यादव, रंजीत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रजधन गांव के पास अनियंत्रित होकर पोल से भिड़ी बाइक, गंभीर रूप से घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

रिश्तेदार के घर सगाई समारोह में शामिल होने आया था युवक, हादसे की खबर मिलते ही परिवार में मचा कोहराम

समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के रजधन गांव के पास देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 23 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मझगाई निवासी अंकित शर्मा (23), पुत्र राजेश कुमार शर्मा, वेलकप गांव में अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित सगाई समारोह में शामिल होने आया था। बताया जाता है कि देर रात करीब 12 बजे वह बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान रजधन गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, युवक की असमय मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस दर्दनाक हादसे से गांव और रिश्तेदारी में शोक की लहर है।

नवागत बीडीओ ने संभाला कार्यभार

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी।। नवागत खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने मंगलवार को आजमगढ़ जिले के पल्हनी ब्लाक में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।



पहले ही दिन अपने संपूर्ण अमले के साथ कार्यालय आए और जनहित में रुके हुए कार्यों का निपटाने के हेतु जरूरी कार्य पूरे किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी मेरा मूल मंत्र है। किसी भी कीमत पर मैं पारदर्शिता और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करूंगा। शासन के निदेर्शानुसार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना मेरा लक्ष्य होगा। राजेश कुमार सिंह 2024 बैच के पीसीएस अधिकारी है। उनकी वाराणसी जिले बड़ागांव खंड विकास अधिकारी के पद पर पहली तैनाती है।

प्राचार्य पद के पांच वर्ष पूर्ण होने पर हुआ सम्मान

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। जिले में आज महाराज बलवंत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय गंगापुर वाराणसी में यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर पुरुषोत्तम सिंह के प्राचार्य पद के कार्यकाल के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों



द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

श्री सिंह के अकादमिक गतिविधियों,शोध कार्यों एवं सेमिनार, कांफ्रेंस आदि आयोजित करवाने की प्रेरक भूमिका के लिए आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया गया। अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में विधि विभाग में एक राष्ट्रीय एवं एक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार (दो दिवसीय) समाजशास्त्र विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का सेमिनार का सफलता पूर्वक आयोजन की जो प्रेरक भूमिका से सम्पन्न हुआ है। समाजशास्त्र विभाग में एक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार फरवरी में प्रस्तावित है। इसके अलावा विभागीय सिम्पोजियम,कांफ्रेंस एकल व्याख्यान अनवरत चलते रहते है। उतर प्रदेश उच्च शिक्षा द्वारा प्रमाण पोर्टल में महाविद्यालय का मासिक रिपोर्ट में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान बना हुया है। महाविद्यालय को पहली बार पूर्ण रूप से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने का श्रेय भी प्राचार्य को जाता है। आपकी सक्रियता के कारण प्राध्यापकों की प्रोन्नति ससमय होती रही है।

इस अवसर पर प्रोफेसर शैलेंद्र सिंह(मनोविज्ञान विभाग), प्रोफेसर आलोक कश्यप (समाजशास्त्र विभाग), डॉ0 संजीत कुमार (विधि विभाग) एवं परिसर प्रभारी राजातालाब परिसर, डॉ उमेश (परिसर प्रभारी गंगापुर), डॉ0अंगद प्रसाद, डॉ0 अभिषेक अग्निहोत्री, डॉ0 दुर्गेश पांडेय, शिव शंकर सरोज अस्सिटेंट प्रोफेसर चंद्र प्रकाश शुक्ल, डॉ0 शिव कैलाश, डॉ0 अखिलानंद, डॉ0 मृत्युंजय राय ,डॉ0 अर्चना ,डॉ0आशा एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं ने प्राचार्य को माला पहनाकर स्वागत किया। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

हॉर्टमन इण्टर कॉलेज, हॉर्टमनपुर, गाजीपुर में स्काउट और गाइड का शुभारंभ

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण

हॉर्टमन इण्टर कॉलेज, हॉर्टमनपुर, गाजीपुर में स्काउट और गाइड का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक फादर पी० विक्टर के द्वारा



स्काउट-गाइड का झंडारोहण करके किया गया। उसके बाद झंडे को सलामी दी गई तथा झंडा गीत गाया गया। स्काउट गाइड शिविर में स्काउट गाइड आंदोलन का इतिहास, प्रतिज्ञा, नियम, ध्वजगीत, प्रार्थना, सैल्यूट, रिपोर्टिंग, विभिन्न प्रकार के तालियो आदि के बारे में स्काउट प्रशिक्षक लालू यादव (H.W.B.) व गाइड प्रशिक्षिका खुशी गोड़ (ट्रेनिंग काउंसलर) के द्वारा बताया गया। शिविर का संचालन स्काउट गाइड मास्टर अजीत कुमार द्वारा किया गया।

दीपावली एवं छठ पर 2 करोड़ से अधिक यात्रियों ने किया परिवहन निगम की बसों में सफर

समाज जागरण

लखनऊ, 18 नवम्बर: दीपावली एवं छठ के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में 02 करोड़ से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर निगम की इस विशेष व्यवस्था के तहत 12 दिन में सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि पर्वों के दौरान यात्रियों की ज्यादा आवक से 06 नवम्बर से 17 नवम्बर तक विशेष परिवहन व्यवस्था लागू की गई। इस अवधि में यात्रियों की आवश्यकता एवं आवागमन के दबाव के अनुरूप अधिक से अधिक बसों का संचालन सुनिश्चित किया गया।

छह से 17 नवंबर तक इतने यात्रियों ने की यात्रा

परिवहन मंत्री ने बताया कि 06 नवम्बर को 18.06 लाख से अधिक, 07 नवम्बर को 16.72 लाख से अधिक, 08 नवम्बर को 17.36 लाख से अधिक, 09 नवम्बर को 14.12 लाख से अधिक, 10 नवम्बर को 16.42 लाख से अधिक, 11 नवम्बर को 19.45 लाख से अधिक, 12 नवम्बर को 19.26 लाख से अधिक, 13 नवम्बर को 22.40 लाख से अधिक, 14 नवम्बर को 20.07 लाख से अधिक, 15 नवंबर को 20.13 लाख से अधिक 16 नवम्बर को 17.15 लाख से अधिक तथा 17 नवम्बर को 31.27 लाख से अधिक यात्रियों ने परिवहन निगम की बसों से यात्रा की।

घर जाने वालों को मिली बड़ी सहूलियत

उन्होंने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान विशेष रूप से पूर्वांचल क्षेत्र में यात्रियों का आवागमन काफी बढ़ जाता है। प्रदेश के विभिन्न महानगरों एवं अन्य प्रदेशों के औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग त्योहार मनाने बड़ी संख्या में अपने घर जाते हैं।

रास्ते पर बारजा बनाने को लेकर मारपीट तीन घायल

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र के महाराजपुर गांव में मंगलवार को रास्ते पर बारजा बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस घटना में दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल कबीरचौरा रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी गुलाम मदार मंगलवार की सुबह गांव के सार्वजनिक रास्ते पर बारजा का निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि इस निर्माण के कारण रास्ते पर अतिक्रमण हो रहा था, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में परेशानी होने की आशंका थी। इसी बात को लेकर नसरुन और मुस्ताक शाह ने विरोध जताया। उन्होंने रास्ते से गांव के लोगों और मैयत (शवयात्रा) को आने-जाने में होने वाली परेशानी का हवाला देते हुए निर्माण कार्य रोकने की बात कही।

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों ओर से मारपीट होने लगी। घटना में दोनों पक्षों के कुल तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें नसरुन और मुस्ताक शाह की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल कबीरचौरा रेफर कर दिया। इस संबंध में कपसेठी थाना प्रभारी विकास मौर्य का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

असिस्टेंट प्रोफेसर की पत्नी बनी वैज्ञानिक अधिकारी

समाज जागरण शिव तिवारी

बड़ागांव वाराणसी- बलदेव पीजी कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में प्रवक्ता डॉ. रामजी दुबे की पत्नी डॉ. प्रज्ञा वर्मा का चयन उत्तर प्रदेश विधि विज्ञान प्रयोगशाला में वैज्ञानिक अधिकारी के पद पर हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

डॉ. प्रज्ञा वर्मा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के विज्ञान संस्थान से जुड़ी रही हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से प्राणी



विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उनके शोध कार्य राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से वर्ष 2025 में महिला वैज्ञानिक सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा वर्ष 2024 में इमर्जिंग रिसर्चर इन क्रोनोमेडिसिन अवार्ड तथा दिसंबर 2025 में सरदार पटेल ग्लोकल अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। डॉ प्रज्ञा वर्मा की मैकेनिक अधिकारी बनने पर बलदेव कॉलेज में भी जश्न का माहौल रहा कॉलेज के प्रबन्धक डॉ0 एसडी अग्रवाल,प्राचार्य डॉ0 आनंद प्रकाश, कार्यालय अधीक्षक आलोक चौबे, अनामिका दुबे, डा0 बृजेश शुक्ल, अमरेंद्र वत्स, डा0 राकेश्वरी डा0 पंकज सिंह ने डॉ रामजी दुबे को उनकी पत्नी के वैज्ञानिक अधिकारी बनने पर शुभकामनाएं दी

देव दीपावली की तैयारी हुई तेज

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। देव दीपावली को ऐतिहासिक और अलौकिक बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां और तेज कर दी हैं। इस क्रम में बुधवार को सर्किट हाउस में नगर आयुक्त शाश्वत त्रिपुरारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गंगा के दोनों तरफ के घाटों, प्रमुख मार्गों और चौराहों पर की जाने वाली विद्युतीय सजावट और अस्थायी प्रकाश व्यवस्था की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान अपर नगर आयुक्त विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि आदमपुर, कोतवाली, दशाश्वमेध और भेलूपुर जोन के अंतर्गत आने वाले सभी छोटे-बड़े घाटों पर श्रद्धालुओं की सुगमता और प्रकाश व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। नमो



घाट, अहिल्याबाई घाट, दशाश्वमेध घाट, मणिकर्णिका घाट और हरिश्चंद्र घाट सहित तमाम घाटों पर एलईडी झालर, फ्लड लाइट, पार लाइट और जनरेटर आदि की अस्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी विभिन्न वेंडर्स और फर्मों को सौंपी गई है। घाटों के अलावा शहर के मुख्य मार्गों और चौराहों को भी रोशनी से नहलाया जाएगा। योजना के तहत सर्किट हाउस से पुलिस लाइन चौराहा, चौकाघाट, मकबूल आलम रोड और लकड़मंडी से नमो घाट वाया कज्जोखुरा चौराहा तक विशेष प्रकाश व्यवस्था और एलईडी पोल लाइट लगाने का कार्य किया जाएगा। नगर आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों और वेंडरों को समय रहते उच्च गुणवत्ता के साथ दो दिनों के भीतर कार्य पूरा करने के कड़े निर्देश दिए हैं, ताकि देव दीपावली पर काशी आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

19 नवंबर से शुरू होगी मंडल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी, लगेंगे 128 स्टाल

बीएलजे मैदान महुवरिया में 28 नवंबर तक चलेगी प्रदर्शनी, पांच विधायकों की मौजूदगी में होगा उद्घाटन

समाज जागरण

मीरजापुर। जनपद में खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 19 नवंबर से मंडल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। बीएलजे मैदान महुवरिया में 28 नवंबर तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में कुल 128 स्टाल लगाए जाएंगे। यहां खादी के वस्त्रों सहित विभिन्न ग्रामोद्योग उत्पादों की विविधता देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा।

जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन 19 नवंबर को नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, चुनार विधायक अनुराग सिंह, मझवां विधायक सुचिस्मिता मौर्य एवं छानबे विधायक रिंकी कोल द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ देश के अलग-अलग क्षेत्रों से खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े उद्यमी और संस्थाएं प्रतिभाग करेंगी। इनके द्वारा कुल 128 स्टाल लगाए जाएंगे, जिन पर विभिन्न प्रकार के खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जाएगा।

प्रदर्शनी में मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही, प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों के प्रतिनिधि अपने उत्पादों के साथ शामिल होंगे। यहां लोगों को खादी के कपड़ों के अलावा ग्रामोद्योग से तैयार विभिन्न उत्पादों की खरीदारी का अवसर मिलेगा।

जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय कारीगरों, बुनकरों, लघु उद्यमियों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है। इससे उनके उत्पादों को व्यापक पहचान मिलने के साथ रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि 19 से 28 नवंबर तक आयोजित इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की खरीदारी कर स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और उद्यमियों का उत्साहवर्धन करें।

सपा-कांग्रेस घोषित रामद्रोही, राम भक्तों के खून से सने हुए हैं इनके हाथ: सीएम योगी

समाज जागरण

लखनऊ, 18 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इनका इतिहास राम मंदिर का विरोध करने का रहा है। ये लोग अयोध्या को बदनाम करने और भारत की सनातन आस्था को बदनाम करने के लिए कुछ न कुछ स्वांग रचेंगे। ये लोग घोषित रामद्रोही हैं, राम भक्तों के खून से इनके हाथ सने हुए हैं। इन लोगों को अपने इस कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। निजी चैनल के कार्यक्रम राइजिंग भारत समिट में विभिन्न राजनीतिक और विकास से जुड़े सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश 2029-30 तक वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा और 2047 में विकसित भारत का विक-सित उत्तर प्रदेश देश के सामने होगा।

एसआईआर पात्र मतदाताओं को जोड़ने का पारदर्शी अभियान

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मतदाता सूची के शुद्धिकरण का अभिनंदनीय प्रयास है। दिवंगत मतदाताओं के नाम हटने चाहिए और जो भारत का नागरिक नहीं है, उसका नाम मतदाता सूची में नहीं होना चाहिए। हर वयस्क भारतीय नागरिक का नाम सूची में शामिल होना चाहिए। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने में योगदान देगा। वोट चोरी के विपक्षी आरोपों पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने नेतृत्व की विफलता और नाकामी को कभी ईवीएम, कभी वोट चोरी, कभी वोट अधिकार यात्रा और कभी एसआईआर के नाम पर डालने का प्रयास करती है। जीते तो इनका पुरुषार्थ, हारे तो ईवीएम गलत, हारे तो एसआईआर गलत, हारे तो वोट चोरी हो गई और हारे तो निर्वाचन आयोग दोषी। भारत निर्वाचन आयोग और न्यायपालिका संवैधानिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण अंग हैं। इन पर उंगली उठाना संविधान निमार्ताओं का अपमान है। कांग्रेस यही पाप कर रही है। 1975 में संविधान का गला घोंटने वाली और सर्वाधिक संवैधानिक संशोधन करने वाली कांग्रेस आज संविधान की दुहाई दे रही है। राहुल गांधी के संदर्भ में उन्होंने कहा कि वह उस हर मुहिम का पार्ट बनते हैं जो भारत विरोधी हो और भारत की संवैधानिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करने वाली हो। उन्हें हल्की बातों के बजाय तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर चर्चा करनी चाहिए।

सपा का वास्तविक चेहरा उसके नेताओं के बयानों में

अखिलेश यादव के पीडीए में पंडित जोड़ने संबंधी बयान पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी का वास्तविक चेहरा देखना हो तो दादरी में अखिलेश के कार्यक्रम में शामिल हुए उनकी ही पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी का बयान पढ़िए। प्रतापगढ़ के सपा सांसद शिवपाल सिंह पटेल और पूर्व सांसद राजाराम पाल के बयानों को भी देखिए। सपा का पूरा इतिहास प्रमाणित करता है कि उसका व्यवहार हिंदू समाज की विभिन्न जातियों के प्रति कैसा रहा है।

राम मंदिर ट्रस्ट की जांच में दोषियों पर हुई कार्रवाई

राम जन्मभूमि ट्रस्ट से जुड़े चंदे के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित स्वायत्त ट्रस्ट है। उसके कार्यों में केंद्र या राज्य सरकार का हस्तक्षेप नहीं होता। मामला सामने आने पर ट्रस्ट ने एफआईआर दर्ज कराई और सरकार ने तत्काल एसआईटी गठित की। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पूरी प्रक्रिया और तथ्यों पर संतुष्टि जताते हुए आगे की सजा संबंधी कार्रवाई निचली अदालत पर छोड़ दी है।

संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

- शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी बहुत जरूरी: शशि कांत सिंह
- छठ गीत की प्रस्तुति को लोगो ने सराहा

समाज जागरण रंजीत तिवारी



वाराणसी। नए सत्र में प्रवेश लेने वाली छात्राओं के स्वागत और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कॉलेज की परंपरा के अनुरूप आयोजित समारोह में छात्राओं ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ नवागंतुक छात्राओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में रैंप वॉक, नृत्य, गायन और विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सनबीम ग्रुप की निदेशक पूनम मधोक एवं कॉलेज के चेयरमैन शशिकांत सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। कॉलेज की वरिष्ठ छात्राओं ने कॉमेडी, ग्रुप डांस, बॉलीवुड और राधा-कृष्ण नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। वहीं नवागंतुक छात्राओं ने फैशनेबल रैंप वॉक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि पूनम मधोक ने कहा कि फ्रेशर्स पार्टी नए विद्यार्थियों को वरिष्ठ छात्राओं के साथ जुड़ने और कॉलेज की शैक्षणिक एवं अन्य व्यवस्थाओं को समझने का बेहतर अवसर प्रदान करती है। इससे उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उचित मार्गदर्शन मिलता है। चेयरमैन शशिकांत सिंह ने नवागंतुक छात्राओं का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रतियोगिताओं में कला वर्ग से प्रियांशी शर्मा को मिस फ्रेशर चुना गया। कला वर्ग में गायन के लिए सुहानु शुक्ला, नृत्य के लिए प्रियांशी शर्मा और मिस इवनिंग के लिए साक्षी सोनी को चुना गया। वहीं विज्ञान वर्ग में गायन के लिए रिया सिंह, नृत्य के लिए तनिष्का जायसवाल और मिस फ्रेशर के लिए शिवानी श्रीवास्तव का चयन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन फिरदौस आफरीमी एवं अदिति सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विष्णु प्रकाश, डायरेक्टर ओपी पांडेय, प्रबंधक अभिषेक सिंह, कार्दबिनी, डॉ. अतुल, सपना सहित कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

पराली जलाने पर 30 हजार रुपये तक जुमार्ना, पीएम किसान सम्मान निधि भी हो सकती है बंद

खेत में पराली जलाने वाले किसानों पर होगी कार्रवाई, खाद-बीज के अनुदान पर भी लगेगी रोक; कृषि विभाग ने किसानों से की अवशेषों का उचित प्रबंधन करने की अपील

समाज जागरण

मीरजापुर। खेतों में धान की पराली जलाना किसानों को महंगा पड़ सकता है। शासन के निदेर्शों के तहत पराली जलाने की पुष्टि होने पर किसानों पर 5 हजार से लेकर 30 हजार रुपये तक पर्यावरणीय प्रतिकर लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त पराली जलाने वाले किसानों की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा खाद और बीज पर मिलने वाली अनुदान राशि भी रोकी जा सकती है।

उप निदेशक कृषि विकेश पटेल ने बताया कि प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के 17 फरवरी 2026 के पत्र तथा मुख्य सचिव के 5 सितंबर 2024 के शासनादेश के तहत धान की पराली जलाने पर दंड का प्रावधान किया गया है। भारत सरकार द्वारा उपग्रह के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी की जा रही है। उपग्रह से प्राप्त सूचना के आधार पर कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर निरीक्षण कर घटना की पुष्टि करेंगे। इसके बाद संबंधित किसान पर नियमानुसार पर्यावरणीय प्रतिकर लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दो एकड़ से कम भूमि वाले किसानों पर पराली जलाने की प्रत्येक घटना के लिए पांच हजार रुपये, दो एकड़ से अधिक और पांच एकड़ से कम भूमि वाले किसानों पर दस हजार रुपये तथा पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों पर 30 हजार रुपये का पर्यावरणीय प्रतिकर लगाया जाएगा। इसके साथ ही संबंधित किसानों की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और खाद-बीज पर मिलने वाले अनुदान को भी रोका जा सकता है।

उप निदेशक कृषि ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में उपग्रह के माध्यम से पराली जलाने की कुल 24 घटनाएं सामने आई थीं। इनमें जांच के बाद दो किसानों द्वारा वास्तव में पराली जलाने की पुष्टि हुई थी। दोनों किसानों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया था। वहीं, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक कुल सात घटनाएं सामने आई हैं। इनमें छह घटनाएं कूड़े के अवशेष जलाने से संबंधित पाई गईं, जबकि एक घटना में मझवां विकास खंड के गड़ौली निवासी जय प्रकाश सिंह पुत्र जगत बहादुर द्वारा पराली जलाने की पुष्टि होने पर पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि धान की पराली को खेतों में न जलाएं। इसका उपयोग कम्पोस्ट खाद बनाने, गौशालाओं में दान करने तथा पशुओं के चारे के रूप में किया जा सकता है। किसान खेत में पराली को सड़ाकर खाद बनाने के लिए जैव अपघटक का भी प्रयोग कर सकते हैं।

इसके अलावा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे कृषि यंत्रों की सहायता से पराली का उचित प्रबंधन करते हुए अगली फसल की बुवाई की जा सकती है। बेलर और रेक मशीनों की मदद से पराली के गठ्ठर बनाकर भी उसका निस्तारण किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से पर्यावरण संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए पराली नहीं जलाने की अपील की।

यहां दंगाइयों का होता है उपचार, लॉ-लेस लैंड से लैंड ऑफ लॉ बना यूपी: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

समाज जागरण

लखनऊ, 18 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ पुलिस लाइंस में एनएसजी (ठरऋ) एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश, जो कभी दंगों की आग में झुलसता था और जहां अपराधियों के हौसले बुलंद थे, आज कानून के राज यानी ह्यरूल ऑफ लॉह्ल के लिए जाना जाता है। प्रदेश में अराजकता और अपराध का दौर समाप्त हुआ है। आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर केंद्र और राज्य सरकार की नीति स्पष्ट है, न अपराधियों को अभय, न आतंकियों को अवसर और न ही देश की सुरक्षा से कोई समझौता। मुख्यमंत्री ने बुधवार को लखनऊ पुलिस लाइंस में एनएसजी (ठरऋ) एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज पूरा देश यूपी पुलिस और एटीएस के पराक्रम पर गर्व करता है।

अदृश्य मोर्चे से वार कर रहा है दुश्मन

मुख्यमंत्री ने सुरक्षा चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि समय के साथ दुश्मन ने अपने तरीके बदले हैं। आज दुश्मन अदृश्य मोर्चे से वार कर रहा है। हवाला नेटवर्क, फेक करेंसी, अवैध कन्वर्जन, साइबर क्राइम और क्रिप्टो करेंसी के जरिए समाज के भीतर से पूरी व्यवस्था को खोखला करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यूपी पुलिस और एटीएस के जांबाजों ने हर ऐसी अदृश्य साजिश को बेनकाब किया है। आज एटीएस की 21 फील्ड यूनिट पूरे प्रदेश में तैनात हैं और 10 नई फील्ड यूनिट खड़ी करके सुरक्षा का अभेद्य किला बनाया गया है। एटीएस के पास अवैध धर्मांतरण सेल, क्रिप्टो एनालिसिस विंग और साइबर ऑप्स टीम मौजूद है।

पहले दंगे में झुलसता था यूपी आज है रूल ऑफ लॉ

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश दंगों की आग में झुलसता था और अपराधियों के हौसले बुलंद थे। आज प्रदेश में रूल ऑफ लॉ है और यह लॉलेस लैंड से लैंड ऑफ लॉ बन गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस भर्ती की पारदर्शी व्यवस्था के साथ ही पुलिस बजट को तीन से चार गुना किया गया है। साइबर थाने दो से बढ़ाकर 75 जनपदों तक ले जाए गए हैं। ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत 15 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और पीआरवी 112 का रिस्पॉन्स टाइम 65 मिनट से घटाकर 5 से 7 मिनट किया गया है। इसके अलावा 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त या ध्वस्त की गई है, जिससे प्रदेश में डकैती और लूट में भारी कमी आई है।

आतंकी हमले से निपटने की दिखाई लाइव ड्रिल

कार्यक्रम के दौरान एनएसजी और एटीएस के दक्ष कमांडो ने आतंकवादी हमलों, बंधकों को मुक्त कराने, विस्फोटकों को निष्क्रिय करने और वीआईपी सुरक्षा जैसे चुनौतीपूर्ण अभियानों का शानदार प्रदर्शन किया। हेलिकॉप्टर से उतरकर ऑपरेशन को अंजाम देने की वर्टिकल एनवेलपमेंट तकनीक की लाइव ड्रिल भी की गई। साथ ही काफिले के गुजरने के दौरान विस्फोट होने पर वीआईपी को सुरक्षित निकालने का जीवंत प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण एनएसजी की के9 यूनिट का एक्सप्लोसिव डिटेक्शन डॉग 'डॉनी' रहा, जिसने मुख्यमंत्री को पुष्पों की टोकरी भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

एनएसजी और यूपी पुलिस के बीच मजबूत होगा समन्वय: भृगु श्रीनिवासन

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के महानिदेशक भृगु श्रीनिवासन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आयोजित यह कार्यक्रम राज्य पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय और तैयारी बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। एक माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनएसजी के विशेषज्ञ प्रशिक्षक यूपी के चयनित जवानों को आतंकवाद निरोध, विमान अपहरण निरोध और ड्रोन निरोध समेत 13 विशेष पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने अयोध्या में एनएसजी टास्क फोर्स के लिए 8 एकड़ और मिल्कीपुर में एनएसजी केंद्र के लिए 65 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी का आभार जताया।

सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए प्रशिक्षण जरूरी: अमिताभ यश

एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में पुलिस आधुनिकीकरण और क्षमता संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जटिल सुरक्षा परिस्थिति में सफलता का आधार केवल संख्या बल नहीं, बल्कि प्रशिक्षण, आपसी समन्वय और पूर्ण तैयारी है। वहीं, एनएसजी के महानिदेशक भृगु श्रीनिवासन ने कहा कि एक माह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनएसजी के विशेषज्ञ प्रशिक्षक यूपी के जवानों को आतंकवाद और विमान अपहरण निरोध समेत 13 विशेष पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित करेंगे।

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ के शिक्षक डी.ए. प्रकाश खाण्डे को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

समाज जागरण

अनूपपुर - शिक्षा के क्षेत्र में गौरव के पल मे शासकीय माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर पुष्परा जगढ़, जिला- अनूपपुर मे माध्यमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत श्री डी.ए. प्रकाश खाण्डे को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी.एच.डी.) की उपाधि प्रदान की गई है। श्री खाण्डे जी परिसर में सामाजिक विज्ञान विषय का अध्यापन कराते हैं। आप न केवल एक शिक्षक हैं, बल्कि जन जातीय बालिकाओं की गुणवत्तायुक्त शिक्षा, अभिभावकों के साथ सहज संवाद और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरे क्षेत्र में जाने जाते हैं। आपकी विशेष रुचि राष्ट्रीय धरोहरों, सांस्कृतिक मूल्यों और पुरातत्व विज्ञान के अध्ययन में रही है।

शैक्षणिक यात्रा

श्री खाण्डे ने पुरातत्व विज्ञान में स्नातकोत्तर (M.A.) एवं विद्या वारिधि (M.Phil.) की उपाधि पहले ही प्राप्त कर ली थी। सामाजिक जीवन, इतिहास और संस्कृति के प्रति जिज्ञासा और निरंतर अनुसंधान की प्रवृत्ति ने उन्हें उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित किया जो आज साकार हुआ आपने सनराइज विश्वविद्यालय,



अलवर (राजस्थान) के इतिहास विभाग के प्रख्यात प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार जैन जी के कुशल मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया

शोध विषय -

आपका शोध विषय रहा -"कलचुरि कालीन मंदिर स्थापत्य एवं मूर्तिकला का विश्लेषणात्मक अध्ययन (मध्य प्रदेश के शहडोल संभाग के विशेष संदर्भ में)" इस शोध में आपने शहडोल संभाग (अनूपपुर, शहडोल, उमरिया) में स्थित कलचुरि कालीन प्राचीन मंदिरों, उनके स्थापत्य कला की विशेषताओं, शिल्प कौशल, मूर्तिकला में निहित धार्मिक और सांस्कृतिक भावों का गहन विश्लेषणा त्मक अध्ययन किया है यह शोध मध्यप्रदेश की विलुप्त होती पुराता त्विक धरोहरों के संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में देखा जा रहा है

बधाइयों का तांता

इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्राओं, पालकगणों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री खाण्डे जी को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिये विद्यालय परिवार ने कहा कि श्री खाण्डे जी की यह उपाधि जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को और मजबूती प्रदान करेगी

चार साल बाद खैरहा कोयला खदान की NOC पर उठे सवाल, पंच ने SDM से की शिकायत

18 जून 2022 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की निष्पक्ष जांच की मांग, तत्कालीन पंचायत सचिव की भूमिका भी जांच के दायरे में

समाज जागरण जितेंद्र शर्मा

शहडोल/खैरहा। ग्राम पंचायत खैरहा क्षेत्र में संचालित भूमिगत कोयला खदान की उत्पादन क्षमता विस्तार से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) चार साल बाद विवादों में आ गया है। ग्राम पंचायत के पंच एवं वार्ड क्रमांक 07 के निर्वाचित प्रतिनिधि नीलेश कुमार शर्मा ने 18 नवंबर 2026 को SDM सोहागपुर अमृता गर्ग को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, 18 जून 2022 को ग्राम पंचायत के लेटरहेड पर खदान की उत्पादन क्षमता



0.585 एमटीपीए से बढ़ाकर 0.819 एमटीपीए करने के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया था। शिकायतकर्ता ने सवाल उठाया है कि पंचायत चुनाव की प्रक्रिया के दौरान यह NOC किस आधार पर और किसकी अनुमति से जारी की गई थी। उन्होंने तत्कालीन पंचायत सचिव अरुण मिश्रा की भूमिका की जांच कराने के साथ पंचायत प्रस्ताव रजिस्टर, बैठक की कार्यवाही, उपस्थिति रजिस्टर और NOC की मूल प्रति तलब करने की मांग की है। इसके अलावा पर्यावरणीय जनसुनवाई, ग्रामीणों की सहमति और खदान विस्तार से जुड़े दस्तावेजों की जांच कराने की मांग भी की गई है। पंच ने कहा कि यदि जांच में नियमों का उल्लंघन या अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। अब प्रशासनिक कार्रवाई पर ग्रामीणों की निगाहें टिकी हैं।

नीट की तैयारी कर रहे युवाओं के लिये सुनहरा अवसर

एसईसीएल की सराहनीय पहल

समाज जागरण विजय तिवारी

उमरिया --- देश की महारत्न कंपनी कोल इंडिया की सहायक कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह सिर्फ कोयला उत्पादन करने वाली कंपनी ही नहीं बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाने वाली एक जिम्मेदार संस्था भी है क्योंकि एसईसीएल ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान निभाते हुए नीट मेडिकल परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा छात्रों के लिये अपने द्वार खोल दिये हैं और सीएसआर के तहत उनके सुनहरे सपनों को सजाने का बीड़ा उठाया है। इस संदर्भ में एसईसीएल जोहिला क्षेत्र के अधिकारी अरिहंत पगडिया व अजय दास ने बताया कि जोहिला क्षेत्र के महाप्रबंधक सुरेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में उमरिया जिले के युवा छात्रों के लिये नीट मेडिकल परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग, रहने-खाने की व्यवस्था और आवश्यक नोट्स उपलब्ध कराने के साथ बिलासपुर में कोचिंग कराई जायेगी, चयन प्रक्रिया के तहत बायोलॉजी से बारहवीं पास छात्रों को 29 नवम्बर को केन्द्रीय विद्यालय नौरोजाबाद में प्रातः 10 बजे आयोजित चयन परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया गया है, इसके लिये नीट की तैयारी कर रहे छात्रों को 28 नवम्बर तक दिये गये लिंक https: //f orms.g le/CKy66pX bDNSt2UgW8 में अपना पंजीयन कराना होगा, चयनित छात्र-छात्राओं को बिलासपुर में कोचिंग सुविधा प्रदान की जायेगी जिसमें अनुभवी श्रेष्ठ शिक्षकों के द्वारा उन्हें कोर्स से संबंधित जानकारी दी जायेगी। यह सुनहरा अवसर कोयलांचल क्षेत्र के युवाओं को ही दिया जा रहा है, गौरतलब है कि उमरिया जिले में जोहिला क्षेत्र की खदानें उमरिया, पिपरिया, पिनौरा, बिरसिंहपुर पाली, नौरोजाबाद में कोयला उत्पादन का कार्य कर रही हैं, इसी कारण एसईसीएल के सुश्रुत योजना के अंतर्गत परियोजना प्रभावित परिवारों के बच्चों को व एसईसीएल के खनन क्षेत्रों में लगे कोयलांचल के निवासियों को निःशुल्क आवासीय नीट कोचिंग हेतु चयन परीक्षा आयोजित की जा रही है, सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत उमरिया जिले के युवाओं के लिये दिया गया यह सुनहरा अवसर वाकई काबिले तारीफ है जिसका अधिक से अधिक लाभ युवाओं को उठाना चाहिये क्योंकि ऐसी पहलें ही गांव-गरीब के बच्चों को डॉक्टर बनने का सपना देखने और उसे पूरा करने की ताकत देती हैं।

इसके लिये एसईसीएल जोहिला क्षेत्र में अजय दास के नंबर 8770 133568 संपर्क कर किसी भी तरह की असुविधा से बचा जा सके और छात्र-छात्राएं व अभि भावक सीधे संपर्क कर सही जानकारी प्राप्त कर सकें।

माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के आदेश के पालन में श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने पुनः संभाला मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कार्यभार

समाज जागरण

शहडोल, दिनांक 18 नवंबर 2026। नगर पालिका परिषद शहडोल में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी द्वारा आज दिनांक 18 नवंबर 2026 को माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में पुनः विधिवत कार्यभार ग्रहण किया गया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल द्वारा दिनांक 05 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के माध्यम से श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी का स्थानांतरण मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद शहडोल के पद से सहायक संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल के पद पर किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में दिनांक 06 अक्टूबर 2026 को उन्हें मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद से भारमुक्त किया गया था। उक्त आदेशों के विरुद्ध श्रीमती भंडारी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में याचिका प्रस्तुत की गई थी। प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 09 अक्टूबर 2026 को पारित आदेश के माध्यम से संबंधित आदेशों पर स्थगन प्रदान किया गया था। इसी क्रम में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने आज नगर पालिका परिषद शहडोल में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर अपनी उपस्थिति प्रस्तुत करते हुए विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद शहडोल के अध्यक्ष श्री घनश्याम जायसवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। नगर पालिका परिषद शहडोल में नगरीय प्रशासन, विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं तथा स्वच्छता व्यवस्था से संबंधित समस्त कार्य शासन के नियमों, दिशा-निर्देशों एवं माननीय न्यायालय के आदेशों के अनुरूप संपादित किए जाएंगे।

जंगल की कटाई से गरमाई सियासत, उमंग सिंघार ने उठाए आदिवासी अधिकारों पर सवाल

समाज जागरण उमरिया

उमरिया। जिले के पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत धुनघुटी के जंगलों में पेड़ों की कटाई और आदिवासी ग्रामीणों के साथ कथित विवाद का मामला अब स्थानीय दायरे से निकलकर सियासी बहस का विषय बन गया है। जंगल, जमीन और आदिवासी अधिकारों से जुड़े इस मामले को लेकर मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आवाज उठाई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर पूरे घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए सरकार और प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े किए हैं।

जंगल बचाने की लड़ाई या ग्रामीणों की आवाज दबाने का आरोप?नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपने पोस्ट में कहा कि धुनघुटी के जंगलों में पेड़ों की कटाई को लेकर ग्रामीणों और महिलाओं ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि जंगल बचाने की मांग करने वाले ग्रामीणों के साथ कथित तौर पर मारपीट और अभद्रता की गई। सिंघार ने इस घटनाक्रम को केवल जंगलों की कटाई का मामला नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के अधिकारों और सम्मान से जुड़ा सवाल बताया है।

2 अक्टूबर की घटना से शुरू हुआ विवाद

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत धुनघुटी के नजदीक जंगल में पेड़ों की कटाई को लेकर ग्रामीणों और कंपनी से जुड़े लोगों के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि विरोध के दौरान ग्रामीणों के साथ मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। बताया गया है कि 19 ग्रामीणों



के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जबकि ग्रामीणों की ओर से भी शिकायत किए जाने की बात सामने आई है।

कंपनी के कामकाज और प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल

मामले को लेकर जनपद पंचायत अध्यक्ष पाली मनमोहन सिंह ने भी ग्रामीणों के पक्ष में आवाज उठाते हुए एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत और कार्रवाई की मांग किए जाने का उल्लेख किया है। वहीं नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया है कि जंगल और पर्यावरण की रक्षा के लिए आवाज उठाने वाले ग्रामीणों को ही यदि कार्रवाई का सामना करना पड़े, तो आदिवासी अधिकारों और वन संरक्षण के दावों का क्या अर्थ रह जाता है?

अब ग्रामीणों को जांच और न्याय का इंतजार

धुनघुटी का यह मामला अब जंगलों की सुरक्षा, ग्रामीणों के अधिकार, कथित पेड़ कटाई और प्रशासनिक जवाबदेही जैसे कई सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों की शिकायतों पर निष्पक्ष जांच, पेड़ों की कटाई की वास्तविक स्थिति और पूरे घटनाक्रम में जिम्मेदार लोगों की भूमिका स्पष्ट होना जरूरी है।

फिलहाल इस मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और प्रशासन का आधिकारिक पक्ष सामने आना शेष है। ऐसे में निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन ग्रामीणों की शिकायतों पर क्या कार्रवाई करता है और जंगलों की सुरक्षा को लेकर आगे कौन से ठोस कदम उठाए जाते हैं।

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडोली कला के आईटी विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

बहल, 18 नवंबर। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडोली कला, बहल के नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क (NSQF) के तहत आईटी विषय के विद्यार्थियों को आज शैक्षणिक टूर के लिए भिवानी पॉलिटेक्निक कॉलेज रवाना किया गया।



इस शैक्षणिक दौरे का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आईटी लैब, कंप्यूटर नेटवर्किंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और तकनीकी शिक्षा की बारीकियों से रूबरू करवाना है, ताकि वे किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान भी प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय से विद्यार्थियों को सीआरसी सुनील पघाल, विद्यालय प्रभारी राजेश पहाड़ी, कंप्यूटर अध्यापक राजेश चौहान और NSQF टीचर सरिता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीआरसी सुनील पघाल ने कहा कि NSQF के तहत इस तरह के शैक्षणिक टूर बच्चों के कौशल विकास के लिए बहुत जरूरी हैं। इससे बच्चों में तकनीकी क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं बढ़ती हैं। विद्यालय प्रभारी राजेश पहाड़ी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाना ही हमारा लक्ष्य है। इस टूर में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के आईटी ट्रेड के विद्यार्थी शामिल रहे।

ग्राम चौपाल में प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा एवं सदर विधायक भूपेश चौबे ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, एक सप्ताह में निस्तारण के दिए निर्देश

हर पात्र परिवार तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ, ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। ग्रामीणों की समस्याओं को गांव में ही सुनकर उनका प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज पंचायत भवन चुर्क परिसर में माननीय प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा जी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय सदर विधायक श्री भूपेश चौबे जी भी उपस्थित रहे। ग्राम चौपाल में प्रभारी मंत्री एवं सदर विधायक ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम चौपाल के दौरान किसान सम्मान निधि से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रभारी मंत्री ने उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया



कि पात्र कृषक बंधुओं की समस्याओं के समाधान हेतु गांव में विशेष कैंप आयोजित किए जाएं तथा एक सप्ताह के भीतर सभी प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम सभा में ऐसे परिवारों की सूची तैयार कराई जाए, जिनके घरों में अभी तक शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है। ऐसे पात्र परिवारों को शौचालय योजना से लाभान्वित करने के लिए नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। हर घर नल से जल योजना की पेयजल आपूर्ति की होगी जांच माननीय प्रभारी मंत्री ने हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत चुर्क ग्राम सभा में हो रही पेयजल आपूर्ति की स्थिति पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर स्थलीय जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए कि ग्राम सभा में कितने घरों में नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति हो रही है तथा किन घरों में आपूर्ति बाधित अथवा अनियमित है। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

प्रभारी मंत्री एवं सदर विधायक ने अधिकारियों से कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। ग्राम चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान गांव में ही सुनिश्चित करना है, इसलिए अधिकारी प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयसीमा में प्रभावी कार्यवाही करें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर आशीष कुमार त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, संबंधित अधिकारीगण, जन प्रति निधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

गोद भराई के साथ दीक्षा महोत्सव शुरू, कल होगी जैनेश्वरी दीक्षा

समाज जागरण

बड़ौत। आचार्य श्री आर्जव सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में दो दिवसीय दीक्षा महोत्सव शुरू हो गया। पहले दिन बड़ौत और दिल्ली के भक्तों ने ब्रह्मचारी प्रदीप भैया की गोद भराई की। हल्दी-मेहंदी, मंगलाचरण, भजन और भक्ति नृत्य के साथ दीक्षा की खुशियां मनाई गईं।श्री अजितनाथ पाठशाला के बच्चों ने दीक्षा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्याद्वाद महिला संगठन की महिलाओं ने भक्ति नृत्य किया। संतोष म्यूजिकल ग्रुप ने भजनों से माहौल भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मुकेश जैन, मंत्री प्रदीप जैन, कोषाध्यक्ष नवीन जैन, संयोजक राकेश जैन, वरदान जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आज गुरुवार को दोपहर 12:15 बजे दीक्षार्थी की शोभायात्रा निकलेगी। दोपहर 1:30 बजे ऋषभदेव सभागार, मानस्तंभ परिसर, गांधी रोड पर पिच्छिका परिवर्तन एवं जैनेश्वरी दीक्षा समारोह होगा। इसी अवसर पर अभिनंदन ग्रंथ 'आर्जवालोक' का लोकार्पण और 'ज्ञानवीर चक्र-2026' व 'अहिंसा वीर चक्र अवार्ड-2026' प्रदान किए जाएंगे।

मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि प्रदीप भैया मूल रूप से सहारनपुर के हैं, दिल्ली के कबूल नगर में रहते हैं। उन्होंने 10 वर्ष से ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया है और सात प्रतिमा धारण की हुई हैं। कल वे दिगंबर मुनि दीक्षा धारण करेंगे।

अखिल भारतीय गौ भक्त काव्य कला संगम सम्मान से गोपाष्टमी पर सम्मानित हुए राम अनुज धर द्विवेदी

धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की स्मृति में काशी हिन्दी विद्यापीठ द्वारा लखनऊ में आयोजित हुआ कार्यक्रम,

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। काशी हिन्दी विद्यापीठ - वाराणसी, उ.प्र. द्वारा संचालित अखिल भारतीय लेखक, कवि, कलाकार परिषद् द्वारा लखनऊ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम गो भक्त सन्त स्वामी श्री करपात्री जी महाराज की स्मृति में गोपाष्टमी पर आयोजित अखिल भारतीय गौ भक्त काव्य / कला संगम, अखिल भारतीय गौभक्त कवि सम्मेलन एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम / संगम - 2026 हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को विशेष मानद सम्मान - 2026 से सम्मानित किया गया।यह कार्यक्रम मंगलवार को देर शाम तक श्री जनकल्याणेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण, सैनिक नगर, लखनऊ, उत्तर



प्रदेश में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विद्यासागर उपाध्याय वेद मूर्ति / शास्त्रमूर्ति, अंतरराष्ट्रीय चिंतक रहे व विशिष्ट अतिथि आगरा विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति जी रहे व आयोजन अध्यक्ष - डॉ. कर्नल आदि शंकर मिश्र आदित्य, विद्या वाचस्पति, विद्या-सागर व प्रमुख संयोजक / संचालक कवि इन्द्रजीत तिवारी निर्भीक रहे।

सम्मानकर्ता प्रमुख संरक्षक कवि सुखमंगल सिंह मंगल

संरक्षक - डॉ. ओम प्रकाश द्विवेदी ओमव चन्द्र शेखर पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष हिन्दू संघर्ष समिति व प्रदेश प्रभारी नई पीढ़ी व अन्य मंचासींन अतिथि रहे। इस समारोह में देश/प्रदेश के कई प्रतिष्ठित कवि, लेखक और साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काव्य पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पुस्तक विमोचन, पत्रिका विमोचन व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसी क्रम में अखिल भारतीय लेखक कलाकार परिषद व काशी हिन्दी विद्यापीठ द्वारा जिले के घोरावल तहसील क्षेत्र के महुआंव पाण्डेय गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी अधिवक्ता साहित्यकार, पत्रकार व कवि राम अनुज धर द्विवेदी को उनके लेखन, कविता संग्रह, साहित्यिक कार्यक्रमों में शामिल होने व उनके उत्तम कार्यों को देखते हुए अखिल भारतीय गौ भक्त काव्य कला संगम सम्मान से सम्मानित किया गया।।

बताते चलें कि इसके पूर्व में श्री द्विवेदी जी को सोन रत्न, सोन गौरव, समाज शिरोमणि, कर्मवीर योद्धा, कोरोना योद्धा, पत्रकार गौरव, हिन्दी गौरव रत्न सम्मान, पूर्वांचल एकता सम्मान, स्वामी विवेकानंद युवा सम्मान, दिव्य गंगा सेवी सम्मान, टीजीटी सम्मान व विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि सहित तमाम सम्मान पत्र प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर तमाम क्षेत्रों से आए हुए कवि, साहित्यकार, पत्रकार लेखक आदि लोग मौजूद रहे।

यातायात जागरूकता रैली को एसपी अभिषेक वर्मा ने दिखाई हरी झंडी, सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। यातायात माह नवम्बर-2026 के तहत बुधवार को सोनभद्र पुलिस ने यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया। रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के बढ़ौली चौराहे से निकाली गई रैली को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान आमजन को यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल, क्षेत्राधिकारी यातायात सुधीर कुमार सिंह, यातायात प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। रैली में यातायात पुलिस, डायल-112 और मिशन शक्ति की टीम ने स्कूटी एवं मोटरसाइकिल के माध्यम से प्रतिभाग किया।रैली के माध्यम से वाहन चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय मानक हेलमेट लगाने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की गई। इसके साथ ही नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने से बचने तथा यातायात संकेतों और सड़क चिह्नों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता सड़क दुर्घटनाओं में कमी



लाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सभी नागरिक स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में आमजन की सहभागिता बेहद जरूरी है। यातायात माह के दौरान सोनभद्र पुलिस की ओर से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालकों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सोनभद्र पुलिस ने अपील की कि हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा तेज गति और लापरवाही से वाहन न चलाएं। आपकी सुरक्षा आपके परिवार की खुशियों से जुड़ी है।



भारत में गेहूँ एक मुख्य फसल है। गेहूँ का लगभग 97% क्षेत्र सिंचित है। गेहूँ का प्रयोग मनुष्य अपने जीवनयापन हेतु मुख्यत रोटी के रूप में प्रयोग करते हैं, जिसमे प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पायी जाती है। भारत में पंजाब, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश मुख्य फसल उत्पादक क्षेत्र हैं।

गेहूँ की खेती

प्रमुख प्रजातियाँ

गेहूँ की प्रजातियों का चुनाव भूमि एवं साधनों की दशा एवं स्थित के अनुसार किया जाता है, मुख्यत : तीन प्रकार की प्रजातिया होती है सिंचित दशा वाली, असिंचित दशा वाली एवं उसरीली भूमि की, आसिंचित दशा वाली प्रजातियाँ निम्न हैं–

असिंचित दशा

इसमें मगहर के 8027, इंद्रा के 8962, गोमती के 9465, के 9644, मन्दाकिनी के 9251, एवं एच डी आर 77 आदि हैं।

सिंचित दशा

सिंचित दशा वाली प्रजातियाँ सिंचित दशा में दो प्रकार की प्रजातियाँ पायी जाती हैं, एक तो समय से बुवाई के लिए–

इसमें देवा के 9107, एच पी 1731, राजश्य लक्ष्मी, नरेन्द्र गेहूँ1012, उजियार के 9006, डी एल 784–3, (वैशाली) भी कहतें हैं, एचयूडब्लू468, एचयूडब्लू510, एच डी2888, एच डी2967, यूपी 2382, पी बी डब्लू443, पी बी डब्लू 343, एच डी 2824 आदि हैं। देर से बुवाई के लिए त्रिवेणी के 8020, सोनाली एच पी 1633 एच डी 2643, गंगा, डी वी डब्लू 14, के 9162, के 9533, एचपी 1744, नरेन्द्र गेहूँ1014, नरेन्द्र गेहूँ 2036, नरेन्द्र गेहूँ1076, यूपी 2425, के 9423, के 9903, एच डब्लू2045,पी बी डब्लू373,पी बी डब्लू 16 आदि हैं।

उसरीली भूमि के लिए–

के आर एल 1–4, के आर एल 19, लोक 1, प्रसाद के 8434, एन डब्लू 1067, आदि हैं, उपर्युक्त प्रजातियाँ अपने खेत एवं दशा को समझकर चयन करना चाहिए।

जलवायु एवं भूमि की आवश्यकता

गेहूँ की खेती के लिए समशीतोषण जलवायु की आवश्यकता होती है, इसकी खेती के लिए अनुकूल तापमान बुवाई के समय 20–25 डिग्री सेंटीग्रेट उपयुक्त माना जाता है, गेहूँ की खेती मुख्यत सिंचाई पर आधारित होती है गेहूँ की खेती के लिए दोमट भूमि सर्वोत्तम मानी जाती है, लेकिन इसकी खेती बलुई दोमट,भारी दोमट, मटियार तथा मार एवं कावर भूमि में की जा सकती है। साधनों की उपलब्धता के आधार पर हर तरह की भूमि में गेहूँ की खेती की जा सकती है।

बीजदर और बीज शोधन

गेहूँकि बीजदर लाइन से बुवाई करने पर 100 कि0ग्रा0 प्रति हैक्टर तथा मोटा दाना 125 कि0ग्रा0 प्रति हैक्टर तथा छिड़काव से बुवाई कि दशा से 125 कि0ग्रा0 सामान्य तथा मोटा दाना 150 कि0ग्रा0 प्रति हैक्टर कि दर से प्रयोग करते हैं, बुवाई के पहले बीजशोधन अवश्य करना चाहिए बीजशोधन के लिए बाविस्टिन, काबेन्डाजिम कि 2 ग्राम मात्रा प्रति कि0ग्रा0 कि दर से बीज शोधित करके ही बीज की बुवाई करनी चाहिए।

बुवाई विधि

गेहूँ की बुवाई समय से एवं पर्याप्त नमी पर करनी चाहिए अंन्यथा उपज में कमी हो जाती है। जैसे–जैसे बुवाई में बिलम्ब होता है वैसे–वैसे पैदावार में गिरावट आती जाती है, गेहूँ की बुवाई सीड्रिल से करनी चाहिए तथा गेहूँ की बुवाई हमेशा लाइन में करें। सयुंक्त प्रजातियों की बुवाई अक्तूबर के प्रथम पक्ष से द्वितीय पक्ष तक उपयुक्त नमी में बुवाई करनी चाहिए, अब आता है सिंचित दशा इसमे की चार पानी देने वाली हैं समय से अर्थात 15–25 नवम्बर, सिंचित दशा में ही तीन पानी वाली प्रजातियों के लिए 15 नवंबर से 10 दिसंबर तक उचित नमी में बुवाई करनी चाहिए और सिंचित दशा में जो देर से बुवाई करने वाली प्रजातियाँ हैं वो 15–25 दिसम्बर तक उचित नमी में बुवाई करनी चाहिए, उसरीली भूमि में जिन प्रजातियों की बुवाई की जाती है वे 15 अक्टूबर के आस पास उचित नमी में बुवाई अवश्य कर देना चाहिए, अब आता है किस विधि से बुवाई करें गेहूँ की बुवाई देशी हल के पीछे लाइनों में करनी चाहिए या फर्टीसीड्रिल से भूमि में उचित नमी पर करना लाभदायक है, पंतनगर सीड्रिल बीज व खाद सीड्रिल से बुवाई करना अत्यंत लाभदायक है।

गेहूँ की फसल में खरपतवार नियंत्रण

गेहूँ की फसल में रबी के सभी खरपतवार जैसे बथुआ, प्याजी, खरतुआ, हिरनखुरी, चटरी, मटरी, सैंजी, अंकरा, कृष्णनील, गेहुंसा, तथा जंगली जई आदि खरपतवार लगते हैं। इनकी रोकथाम निराई गुड़ाई करके की जा सकती है, लेकिन कुछ रसायनों का प्रयोग करके रोकथाम किया जा सकता है जो की निम्न है जैसे की पेंडामेथेलिन 30 ई सी 3.3 लीटर की मात्रा 800–1000 लीटर पानी में मिलकर फ़्लैटफैन नोजिल से प्रति हैक्टर की दर से छिड़काव बुवाई के बाद 1–2 दिन तक करना चाहिए। जिससे की जमाव खरपतवारों का न हो सके, चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों को नष्ट करने के लिए बुवाई के 30–35 दिन बाद एवं पहली सिंचाई के एक सप्ताह बाद 24डी सोडियम साल्ट 80% डब्लू.पी. की मात्रा 625 ग्राम 600–800 लीटर पानी में मिलकर 35–40 दिन बाद बुवाई के फ़्लैटफैन नीजिल से छिड़काव करना चाहिए। इसके बाद जहाँ पर चौड़ी एवं संकरी पत्ती दोनों ही खरपतवार हों वहां पर सल्फोसल्फ्युरान 75% 32 म.एल. प्रति हैक्टर इसके साथ ही मेटासल्फ्युरान मिथाइल 5 ग्राम डब्लू जी. 40 ग्राम प्रति हैक्टर बुवाई के 30–35 दिन बाद छिड़काव करना चाहिए, इससे खरपतवार नहीं उगते हैं या उगते हैं तो नष्ट हो जाते हैं।

गेहूँ की फसल में रोग और उनका नियंत्रण

खड़ी फसल में बहुत से रोग लगते हैं,जैसे अल्टरनेरिया, गेरुई या रतुआ एवं ब्लाइट का प्रकोप होता है जिससे भारी नुकसान हो जाता है इसमे निम्न प्रकार के रोग और लगते हैं जैसे काली गेरुई, भूरी गेरुई, पीली गेरुई सेंहू, कण्डुआ, स्टाम्प ब्लाच, करनालबंट इसमें मुख्य रूप से झुलसा रोग लगता है पत्तियों पर कुछ पीले भूरे रंग के लिए हुए धब्बे दिखाई देते हैं, ये बाद में किनारे पर कत्थई भूरे रंग के तथा बीच में हल्के भूरे रंग के हो जाते हैं- इनकी रोकथाम के लिए मैन्कोजेब 2 किग्रा0 प्रति हैक्टर की दर से या प्रापिकोनाजोल 25 % ई सी. की आधा लीटर मात्रा 1000 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए, इसमे गेरुई या रतुआ मुख्य रूप से लगता है,गेरुई भूरे पीले या काले रंग के, काली गेरुई पत्ती तथा तना दोनों में लगती है इसकी रोकथाम के लिए मैन्कोजेब 2 किग्रा0 या जिनेब 25% ई सी. आधा लीटर, 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टर छिड़काव करना चाहिए। यदि झुलसा, रतुआ, कर्नालबंट तीनो रोगों की संका हो तो प्रोपिकोनाजोल का छिड़काव करना अति आवश्यक है।

गेहूँ की फसल में कीट और उनका नियंत्रण

गेहूँ की फसल में शुरू में दीमक कीट बहुत ही नुकसान पहुंचता है इसकी रोकथाम के लिए दीमक प्रकोपित क्षेत्र में नीम की खली 10 कुंतल प्रति हैक्टर की दर से खेत की तैयारी के समय प्रयोग करना चाहिए तथा पूर्व में बोई गई फसल के अवशेष को नष्ट करना अति आवश्यक है, इसके साथ ही माहू भी गेहूँ की फसल में लगती है, ये पत्तियों तथा बालियों का रस चूसते हैं, ये पंखहीन तथा पंखयुक्त हरे रंग के होते हैं, सैनिक कीट भी लगता है पूर्ण विकसित सुंडी लगभग 40 मि0मी0 लम्बी बादामी रंग की होती है। यह पत्तियों को खाकर हानि पहुंचाती है, इसके साथ साथ गुलाबी तना बेधक कीट लगता है ये अण्डो से निकलने वाली सुंडी भूरे गुलाबी रंग की लगभग 5 मिली मीटर की लम्बी होती है, इसके काटने से फल की वानस्पतिक बढ़वार रुक जाती है, इन सभी कीट की रोकथाम के लिए कीटनाशी जैसे क्यूनालफास 25 ई सी. की 1.5–2.0 लीटर मात्रा 700–800 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टर की दर से छिड़काव करना चाहिए, या सैपरमेथ्रिन 750 मी0ली0 या फेंवेलेरेट 1 लीटर 700–800 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिए। कीटों के साथ साथ चूहे भी लगते हैं, ये खड़ी फसल में नुकसान पहुँचाते हैं, चूहों के लिए जिंक फास्फाइट या बेरियम कार्बोनेट के बने जहरीले चारे का प्रयोग करना चाहिए, इसमे जहरीला चारा बनाने के लिए 1 भाग दवा 1 भाग सरसों का तेल तथा 48 भाग दाना मिलाकर बनाया जाता है जो कि खेत में रखकर प्रयोग करते हैं।

कटाई

फसल पकते ही बिना प्रतीक्षा किये हुए कटाई करके तुरंत ही मड़ाई कर दाना निकाल लेना चाहिए, और भूसा व दाना यथा स्थान पर रखना चाहिए, अत्यधिक क्षेत्री वाली फसल कि कटाई कम्बाईन से करनी चाहिए इसमे कटाई व मड़ाई एक साथ ही जाती है जब कम्बाईन से कटाई कि जाती है।

भण्डारण

मौसम का बिना इंतजार किये हुए उपज को बखारी या बोरो में भर कर साफ सुथरे स्थान पर सुरक्षित कर सूखी नीम कि पत्ती का बिछावन डालकर करना चहिए या रसायन का भी प्रयोग करना चाहिए।

उपज

असिंचित दशा में 35–40 कुंतल प्रति हैक्टर होती है, सिंचित दशा में समय से बुवाई करने पर 55–60 कुंतल प्रति हैक्टर पैदावार मिलती है, तथा सिंचित देर से बुवाई करने पर 40–45 कुंतल प्रति हैक्टर तथा उसरीली भूमि में 30–40 कुंतल प्रति हैक्टर पैदावार प्राप्त होती है।

खेत की तैयारी

गेहूँ की बुवाई अधिकतर धान की फसल के बाद ही की जाती है, पहली जुताई मिटटी पलटने वाले हल से तथा बाद में डिस्क हैरो या कल्टीवेटर से 2–3 जुताईयां करके खेत को समतल करते हुए भुरभुरा बना लेना चाहिए, डिस्क हैरो से धान के ढूंठे कट कर छोटे छोटे टुकड़ों में हो जाते हैं- इन्हें शीघ्र सड़ाने के लिए 20–25 कि0ग्रा0 यूरिया प्रति हैक्टर कि दर से पहली जुताई में अवश्य दे देनी चाहिए। इससे ढूंठे, जड़ें सड़ जाती हैं ट्रैक्टर चालित रोटावेटर से एक ही जुताई द्वारा खेत पूर्ण रूप से तलैयार हो जाता है।



उर्वरकों का प्रयोग

किसान भाइयों उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना चाहिए, गेहूँ की अच्छी उपज के लिए खरीफ की फसल के बाद भूमि में 150 कि0ग्रा0 नत्रजन, 60 कि0ग्रा0 फास्फोरस, तथा 40 कि0ग्रा0 पोटाश प्रति हैक्टर तथा देर से बुवाई करने पर 80 कि0ग्रा0 नत्रजन, 60 कि0ग्रा0 फास्फोरस, तथा 40 कि0ग्रा0 पोटाश, अच्छी उपज के लिए 60 कुंतल प्रति हैक्टर सड़ी गोबर की खाद का प्रयोग करना चाहिए। गोबर की खाद एवं आधी नत्रजन की मात्रा तथा पोटाश की पूरी मात्रा खेत की तैयारी के समय आखिरी जुताई में या बुवाई के समय खाद का प्रयोग करना चाहिए, शेष नत्रजन की आधी मात्रा पहली सिंचाई पर तथा बची शेष मात्रा दूसरी सिंचाई पर प्रयोग करनी चाहिए।



तिलहन की खेती

भारत में तिल की खेती पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु,महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश एवम उत्तर प्रदेश में की जाती हैढ्ढ भारत के कुल उत्पादन 20 प्रतिशत उत्पादन अकेले गुजरात से होता हैढ्ढ उत्तर प्रदेश में तिल की खेती मुख्यत : बुंदेलखंड के राकर भूमि में तथा मिर्जापुर, सोनभद्र, कानपुर, इलाहाबाद, फतेहपुर, आगरा एवम मैनपुरी में शुद्ध एवम मिश्रित रूप से की जाती हैढ्ढ तिल की उत्पादकता बहुत ही कम है सघन पद्धतियाँ अपनाकर उत्पादन बढाया जा सकता हैढ्ढ

जलवायु

तिल की खेती के लिए किस प्रकार की जलवायु और भूमि की आवश्यकता पड़ती है

तिल के लिए शीतोषण जलवायु उपयुक्त होती है मुख्यत : बरसात या खरीफ में इसकी खेती की जाती है यह बहुत ही ज्यादा बरसात या सूखा पड़ने पर फसल अच्छी नहीं होती हैढ्ढ इसके लिए हल्की भूमि तथा दोमट भूमि अच्छी होती हैढ्ढ यह फसल पी एच 5.5 से 8.2 तक की भूमि में उगाई जा सकती हैढ्ढ फिर भी यह फसल बलुई दोमट से काली मिट्टी में भी उगाई जाती हैढ्ढ

प्रजातियां

तिल की जो उन्नतशील प्रजातियाँ है उनके बारे में जाने किसान भाईयो को बताईये उन उन्नतशील प्रजातियों के बारे में

तिल की कई प्रजातियाँ पाई जाती है जैसे की टाईप 4, टाईप12, टाईप13, टाईप78, शेखर, प्रगति, तरुण, कृष्णा, एवम बी.63 प्रजातियाँ हैढ्ढ

भूमि की तैयारी

फसल की तैयारी के लिए अपने खेतों की तैयारी किस प्रकार करनी चाहिए

खेत की तैयारी के लिए पहली जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से तथा दो–तीन जुताई कल्टीवेटर या देशी हल से करके खेत में पाटा लगाकर भुरभुरा बना लेना चाहिएढ्ढ इसके पश्चात ही बुवाई करनी चाहिएढ्ढ 80 से 100 कुंतल सड़ी गोबर की खाद को आख़िरी जुताई में मिला देना चाहिएढ्ढ

बीज और बुआई

तिल की फसल में बीज की मात्रा प्रति हेक्टेयर कितनी लगती है और बीज का शोधन हमारे किसान भाई किस प्रकार करे

एक हेक्टेयर क्षेत्र के लिए तीन से चार किलोग्राम बीज पर्याप्त होता हैढ्ढ बीज जनित रोगों से बचाव के लिए 2.5 ग्राम थीरम या कैप्टान प्रति किलोग्राम बीज की दर से शोधन करना चाहिएढ्ढ

तिल की बुवाई किस समय और किस विधि द्वारा करनी चाहिए

तिल की बुवाई का उचित समय जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई का दूसरा पखवारा माना जाता हैढ्ढ तिल की बुवाई हल के पीछे लाइन से लाइन 30 से 45 सेंटीमीटर की दूरी पर बीज को कम गहराई पर करते हैढ्ढ

पोषण प्रबंधन

फसल में खाद एवम उर्वरको का प्रयोग कब करना चाहिए और कितनी मात्रा में करना चाहिए

उर्वरको का प्रयोग भूमि परीक्षण के आधार पर करना चाहिएढ्ढ 80 से 100 कुंतल सड़ी गोबर की खाद खेत तैयारी करते समय आख़िरी जुताई में मिला देना चाहिएढ्ढ इसके साथ ही साथ 30 किलोग्राम नत्रजन, 15 किलोग्राम फास्फोरस तथा 25 किलोग्राम गंधक प्रति हेक्टेयर प्रयोग करना चाहिएढ्ढ रकार तथा भूड भूमि में 15 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर प्रयोग करना चाहिएढ्ढ नत्रजन की आधी मात्रा तथा फास्फोरस,पोटाश एवम गंधक की पूरी मात्रा बुवाई के समय बेसल ड्रेसिंग में तथा नत्रजन की आधी मात्रा प्रथम निराई–गुडाई के समय खड़ी फसल में देना चाहिएढ्ढ

सिंचाई प्रबंधन – सिंचाई प्रबंधन तिल की फसल में कब होना चाहिए किस प्रकार होना चाहिए इस बारे में बताईये

वर्षा ऋतू की फसल होने के कारण सिंचाई की कम आवश्यकता पड़ती हैढ्ढ यदि पानी न बरसे तो आवश्यकतानुसार सिंचाई करनी चाहिएढ्ढ फसल में 50 से 60 प्रतिशत फलत होने पर एक सिंचाई करना आवश्यक हैढ्ढ यदि पानी न बरसे तो सिंचाई करना आवश्यक होता है

टेढ़ागाछ में नवनिर्मित जीविका भवन का हुआ उद्घाटन, महिलाओं को मिलेगा बेहतर मंच

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



टेढ़ागाछ (किशनगंज)। टेढ़ागाछ प्रखंड मुख्यालय परिसर में नवनिर्मित जीविका भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करने के साथ फीता काटकर भवन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत संचालित जीविका से जुड़ी महिलाओं के लिए यह भवन एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेगा। यहां 'दीदी अधिकार केंद्र' एवं 'विश्वास जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, हाटगांव, टेढ़ागाछ' से संबंधित गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

भवन के शुरू होने से जीविका समूहों से जुड़ी महिलाओं को बैठक, प्रशिक्षण, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा स्वरोजगार से संबंधित गतिविधियों के संचालन के लिए व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। इससे विभिन्न पंचायतों की जीविका दीदियों को अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं को रखने में भी सहूलियत मिलेगी।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जीविका स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। महिलाएं बचत, रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। ऐसे में प्रखंड मुख्यालय में जीविका भवन की शुरूआत से महिला सशक्तीकरण से जुड़ी गतिविधियों को और गति मिलने की उम्मीद है।

शादी से तीन दिन पहले मंगेतर ने की युवती की हत्या, खेत में गड्ढा खोदकर छिपाया शव

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र में 23 वर्षीय युवती की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। इस हत्याकांड में युवती का मंगेतर बासिद आलम (24) मुख्य आरोपी निकला। दोनों की शादी 16 नवंबर को तय थी, लेकिन शादी से महज तीन दिन पहले युवती की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बासिद आलम को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुदाल भी बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, 14 नवंबर को युवती के पिता जितालु ने पहाड़कट्टा थाना में अपनी बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी रात में परिवार के साथ घर में सोई थी, लेकिन सुबह करीब चार बजे उठाने पर वह बिस्तर पर नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पहाड़कट्टा थाना कांड संख्या 297/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने 15 नवंबर को गांव के एक खेत में गड्ढे से युवती का शव बरामद किया। घटनास्थल पर एफएसएल टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल किशनगंज भेजा गया।

अनुसंधान के दौरान तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि युवती के मंगेतर बासिद आलम ने घटना की रात करीब 10:30 बजे फोन कर उसे घर के पास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के समीप बुलाया था। पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच करीब एक वर्ष से संबंध थे। हालांकि, बासिद और उसके परिवार के सदस्य इस शादी के लिए राजी नहीं थे। इसी विवाद में युवती की हत्या की साजिश रची गई।

पुलिस ने 17 नवंबर को पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे रतनपुर गांव से बासिद आलम को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर घर के पीछे बांसबिट्टा के पास से हत्या में प्रयुक्त कुदाल बरामद की गई। पुलिस अन्य आरोपियों की संलिप्तता की जांच कर रही है तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। छापेमारी दल में एसडीपीओ-1 खुसरो सिराज, ठाकुरगंज के पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार पंत, जिला आसूचना इकाई के प्रभारी मो. मुश्ताक सहित पहाड़कट्टा थाना एवं जिला आसूचना इकाई के पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

कोचाधामन में नकली खाद बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 110 बोरा नकली खाद जब्त

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



किशनगंज जिले के कोचाधामन थाना क्षेत्र के चकंद्रा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर नकली खाद बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 110 बोरा नकली खाद बरामद किया है। इसके साथ ही खाद बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों को भी जब्त किया गया है। यह कार्रवाई कोचाधामन थानाध्यक्ष मो. इजहार आलम के नेतृत्व में की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। नकली खाद के कारोबार से किसानों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

ओबीसी कन्या आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, 29 नवंबर तक मिलेगा मौका

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कन्या आवासीय प्लस-टू उच्च विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कक्षा छह, सात, आठ और नौ में रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए छात्राएं 29 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। इस संबंध में विभाग के अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार ने सभी जिलाधिकारियों, उप विकास आयुक्तों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया है।

विभागीय निर्देश के अनुसार, नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेबसाइट bcebconline.bihar.gov.in के माध्यम से करना होगा। बिहार के सभी जिलों में संचालित 39 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस-टू उच्च विद्यालयों में कुल 1560 सीटें उपलब्ध हैं। इनमें कक्षा छह में 1560, कक्षा सात में 16, कक्षा आठ में 12 और कक्षा नौ में 16 रिक्त सीटें निर्धारित की गई हैं। नामांकन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 नवंबर 2026 है। प्रवेश पत्र 11 जनवरी 2027 से डाउनलोड किया जा सकेगा, जबकि परीक्षा 17 जनवरी 2027 को आयोजित होगी। परीक्षा का परिणाम 5 फरवरी 2027 और मेधा सूची 12 फरवरी 2027 को जारी की जाएगी। इसके बाद 15 से 27 फरवरी 2027 तक नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत 1 अप्रैल 2027 से होगी।

नामांकन के लिए छात्राओं को जाति प्रमाण-पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, अभिभावक के आधार कार्ड की प्रति, एक फोटो और उम्र संबंधी प्रमाण-पत्र अपलोड करना होगा। आवेदन के लिए अभिभावक की वार्षिक आय अधिकतम तीन लाख रुपये निर्धारित की गई है। कक्षा छह के लिए पांचवीं, कक्षा सात के लिए छठी, कक्षा आठ के लिए सातवीं और कक्षा नौ के लिए आठवीं उत्तीर्ण अथवा संबंधित कक्षा में अध्ययनरत होना आवश्यक है।

इन आवासीय विद्यालयों में चयनित छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा के साथ आवास, भोजन, पाठ्य-पुस्तकें और अन्य शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही स्मार्ट क्लास, आईसीटी आधारित शिक्षा, खेलकूद, पुस्तकालय, व्यावसायिक प्रशिक्षण और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की सुविधा भी मिलेगी। आईआईटी कानपुर के सहयोग से रअळल्एए के माध्यम से जेईई और नीट की तैयारी तथा आईआईटी पटना के सहयोग से करियर मार्गदर्शन की व्यवस्था भी की गई है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, किशनगंज ने जिले के सभी प्रारंभिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि अधिक से अधिक योग्य छात्राओं को इस योजना की जानकारी दें और ऑनलाइन आवेदन कराने में सहयोग करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल ऑनलाइन आवेदन करने से नामांकन सुनिश्चित नहीं होगा, बल्कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन पोर्टल पर सफलतापूर्वक दर्ज होना अनिवार्य है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक, 4 जनवरी को होगा अंतिम प्रकाशन

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



फोटोयुक्त निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को लेकर बुधवार को समाहरणालय में जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम, दावा-आपत्ति की प्रक्रिया और मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाने को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।

बैठक में बताया गया कि एक जनवरी 2027 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जा रहा है। इसके तहत एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को किया जा चुका है। मतदाता 11 दिसंबर 2026 तक नाम जोड़ने, हटाने और प्रविष्टियों में सुधार के लिए दावा एवं आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निष्पादन 28 दिसंबर तक किया जाएगा, जबकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।

जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में कुल 11 लाख 56 हजार 444 मतदाता हैं। इनमें 6 लाख 14 हजार 890 पुरुष, 5 लाख 41 हजार 521 महिला तथा 33 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार बहादुरगंज में 2,99,313, ठाकुरगंज में 3,12,212, किशनगंज में 2,89,207 तथा कोचाधामन में 2,55,712 मतदाता हैं। जिले में कुल 1,366 मतदान केंद्र हैं, जो 671 भवनों में संचालित हैं। ये मतदान केंद्र जिले की 126 पंचायतों के अंतर्गत आते हैं।

बैठक में विशेष श्रेणी के मतदाताओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 5,384 युवा मतदाता, 85 वर्ष से अधिक आयु के 7,775 वरिष्ठ मतदाता तथा 12,413 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र-6, विदेश में रहने वाले भारतीय मतदाताओं के लिए प्रपत्र-6क, नाम विलोपन के लिए प्रपत्र-7 तथा नाम, पता एवं अन्य विवरणों में सुधार के लिए प्रपत्र-8 के उपयोग की जानकारी दी गई। इसके अलावा 21 एवं 22 नवंबर तथा 5 एवं 6 दिसंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान संबंधित मतदान केंद्रों पर पदाधिकारी एवं कर्मी निर्धारित प्रपत्रों के साथ उपस्थित रहकर मतदाताओं से आवेदन एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

मतदाता ऑनलाइन माध्यम से वोटर सर्विस पोर्टल एवं ECINET ऐप के जरिए भी आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने बूथों पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति सुनिश्चित करने तथा उनकी अद्यतन सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर करने और सूची को अद्यतन बनाने में बीएलए की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग करने तथा पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक करने का अनुरोध किया। बैठक में अपर समाहर्ता (राजस्व), अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी किशनगंज सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

पटना में हॉस्टल के कमरे में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

धुएं से मची अफरातफरी; छात्राओं ने सूझबूझ से टाला बड़ा हादसा

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ इलाके के एक हॉस्टल में मंगलवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब अचानक एक कमरे में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। घटना के वक्त हॉस्टल के अंदर करीब 60 छात्राएं मौजूद थीं। जिस कमरे में यह हादसा हुआ, उसमें तीन छात्राएं रहती थीं। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कमरे में लगे बिजली के बोर्ड के पास अचानक स्पार्क हुआ, जिससे शॉर्ट सर्किट हो गया। बोर्ड के पास टंगी मच्छरदानी ने तुरंत आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग की लपटें पास रखे बिस्तर तक पहुँच गईं और कुछ ही पलों में पूरे कमरे में घना धुआं भर गया। धुआं फैलते ही कमरे में मौजूद तीनों छात्राएं घबरा गईं, लेकिन उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए तुरंत शोर मचाकर मदद मांगनी शुरू कर दी। शोर सुनकर हॉस्टल की अन्य छात्राएं और वहाँ तैनात सुरक्षाकर्मी तुरंत मौके पर दौड़े। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस और अग्निशमन (फायर ब्रिगेड) विभाग को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक यूनिट तत्काल घटनास्थल पर पहुँची और आग बुझाने के अभियान में जुट गई। अग्निशमन कर्मियों ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

रहमानी 30 मैनेजमेंट के प्रभारी अतुल कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बिजली बोर्ड में शॉर्ट सर्किट होने से यह हादसा हुआ था। उन्होंने राहत की बात बताते हुए कहा कि कुछ दिन पहले ही हॉस्टल की छात्राओं को अग्निशमन सुरक्षा और आपदा प्रबंधन से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया गया था। इस प्रशिक्षण का सकारात्मक परिणाम मौके पर देखने को मिला। छात्राओं ने बड़ी घबराने के बजाय पूरी तत्परता दिखाई और तत्काल सुरक्षा गार्ड व हॉस्टल प्रबंधन को इसकी सूचना दी, जिससे समय रहते दमकल विभाग की मदद से आग को फैलने से रोक लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया।

ऑनलाइन सट्टेबाजी के अंतरराष्ट्रीय गिरोह पर एसटीएफ का बड़ा प्रहार

पटना समेत 5 राज्यों में छापेमारी, सरगना समेत 38 गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ बिहार एसटीएफ ने ऑनलाइन सट्टेबाजी वेबसाइटों के जरिए संचालित होने वाले एक अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय संगठित आर्थिक अपराध गिरोह के खिलाफ बुधवार को एक बहुत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। बिहार सहित पांच राज्यों में एक साथ ताबड़तोड़ छापेमारी कर पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत 38 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इस हाई-प्रोफाइल गिरोह का जाल झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और बिहार तक फैला हुआ था।

पटना साइबर थाना कांड संख्या 1529/26 के तहत बिहार एसटीएफ ने पटना जिला पुलिस, रांची, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और कोलकाता पुलिस तथा विभिन्न बैंकों के साथ मिलकर यह संयुक्त अभियान चलाया। इसके तहत पटना, कोलकाता, रांची और दिल्ली समेत कई प्रमुख ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। अब तक पटना में सात, कोलकाता में दो, दिल्ली में तीन, गाजियाबाद में एक और रांची में एक स्थान पर कार्रवाई की जा चुकी है। एसटीएफ की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यह संगठित गिरोह [www.Baliexch.com] (https://www.Baliexch.com) और इससे जुड़ी अन्य ऑनलाइन सट्टेबाजी वेबसाइटों के माध्यम से अवैध आर्थिक अपराध को अंजाम दे रहा था। इस व्यापक छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध सामान और नगदी बरामद की है। इनमें 22 लाख रुपये नकद, विभिन्न बैंकों के 300 से अधिक एटीएम कार्ड, 100 से ज्यादा मोबाइल फोन, 5 लैपटॉप और 6 टैब शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, छापे में महंगी घड़ियां और करीब 500 ग्राम सोने-चांदी के जेवरात भी जब्त किए गए हैं। एसटीएफ के अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कई का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है। फिलहाल पुलिस गिरोह के आर्थिक लेनदेन, सट्टेबाजी के इस विशाल नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य संदिग्धों की संलिप्तता की गहराई से जांच कर रही है। नेटवर्क से जुड़े अन्य ठिकानों पर लगातार तलाशी अभियान जारी है और इस पूरी कार्रवाई की निगरानी वरीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है। मामले में आगे की विस्तृत रिपोर्ट जल्द ही जारी की जाएगी।

पटना में साइबर ठगी के नेटवर्क पर एसटीएफ का बड़ा प्रहार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ राजधानी पटना में सक्रिय साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए बिहार एसटीएफ, साइबर पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को शहर के तीन अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ ताबड़तोड़ छापेमारी की। राजा बाजार, बोरिंग रोड और पत्रकार नगर स्थित पॉश अपार्टमेंट्स में की गई इस बड़ी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लगभग 32 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। साथ ही मौके से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं। हालांकि, हिरासत में लिए गए लोगों की आधिकारिक पहचान और उनकी संलिप्तता को लेकर पुलिस की ओर से अभी विस्तृत पुष्टि की जानी बाकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस मुख्यालय को गुप्त सूचना मिली थी कि साइबर अपराधियों का एक संगठित गिरोह इन अपार्टमेंट्स में फ्लैट किराए पर लेकर गुप्त रूप से ठगी का बड़ा नेटवर्क चला रहा है। इनपुट के आधार पर पुलिस अधिकारियों ने एक सुनियोजित रणनीति के तहत तीनों स्थानों पर एक साथ रेड करने का फैसला किया। इस संयुक्त ऑपरेशन में एसडीपीओ स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों समेत 30 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस की एक टीम ने राजा बाजार में मछली गली स्थित सुशीला रेजिडेंसी अपार्टमेंट में दबिश दी, जहाँ भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दस्तावेजों की छानबीन की गई। दूसरी टीम बोरिंग रोड के मोंटेसरी गली स्थित मेरिडियन अपार्टमेंट पहुँची और वहाँ संदिग्ध गतिविधियों की जांच की। तीसरी टीम ने पत्रकार नगर के साईं कुसुम इनफिनिटी अपार्टमेंट को घेरकर तलाशी अभियान चलाया। तीनों जगहों पर पुलिस संदिग्धों से गहन पूछताछ करने के साथ-साथ उनके लैपटॉप, मोबाइल और अन्य वित्तीय दस्तावेजों को खंगाल रही है। पुलिस का मानना है कि इन दस्तावेजों की तकनीकी जांच से देश के अन्य राज्यों से जुड़े इस ठगी के अंतरराज्यीय नेटवर्क और अवैध लेन-देन का पदार्फाश हो सकेगा। फिलहाल सभी ठिकानों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है और आधिकारिक बयान आने के बाद इस पूरे मामले से जुड़े कई और बड़े खुलासे होने की संभावना है।

पटना के दानापुर में मालवाहक ऑटो और बाइक की आमने-सामने टक्कर

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की मौत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के रूपसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चूल्हाई चक के पास मंगलवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार छात्र की मौत हो गई। तेज रफ्तार मालवाहक ऑटो और बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

मृतक की पहचान मूल रूप से आरा जिले के बखरिया गांव निवासी सतेंद्र सिंह के 23 वर्षीय पुत्र युवराज सिंह के रूप में की गई है। युवराज वर्तमान में रूपसपुर थाना क्षेत्र के रामजयपाल स्थित अर्पणा बैंक कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। घटना के संबंध में मृतक के भाई अर्जुन सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात युवराज अपनी मोटरसाइकिल से रामजयपाल से दानापुर रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहा था। इसी दौरान चूल्हाई चक के समीप सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मालवाहक ऑटो ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ऑटो समेत मौके से फरार होने की कोशिश करने लगा, जबकि युवराज सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गया।

परिजनों को फोन के माध्यम से हादसे की सूचना मिलने पर वे तुरंत मौके पर पहुँचे और साँस चल रही हालत में उसे इलाज के लिए सगुना मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहाँ जाँच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस आकस्मिक त्रासदी से परिवार की सारी खुशियां उजड़ गईं और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना मिलते ही रूपसपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुँची और बुधवार को शव को अपने कब्जे में लेकर दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। रूपसपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि मृतक के भाई के लिखित बयान पर मालवाहक ऑटो चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं, यातायात प्रभारी थानाध्यक्ष सुमन प्रसाद ने कार्रवाई करते हुए दुर्घटना में शामिल मालवाहक ऑटो को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

पटना में छठ के बाद घर लौट रहे लोगों को मिल रहा चोरी का झटका

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ लोक आस्था के महापर्व छठ को मनाने के लिए अपने घरों में ताला लगाकर शहर से बाहर गए लोगों के लौटने पर चोरी की सनसनीखेज वारदातों का खुलासा लगातार हो रहा है। पर्व संपन्न होने के बाद जैसे-जैसे लोग अपने फ्लैटों और घरों में वापस लौट रहे हैं, वैसे-वैसे चोरी की नई घटनाएं सामने आ रही हैं। ताजा मामला बुधवार को राजधानी के जक्कनपुर थाना क्षेत्र का है, जहाँ अजीज लेन स्थित प्रकाशपुंज अपार्टमेंट में चोरों ने एक साथ दो फ्लैटों को अपना निशाना बनाया। यहाँ चार शातिर चोरों ने फ्लैट नंबर 101 और 103 के ताले काटकर लगभग 10 लाख रुपये मूल्य के कीमती आभूषण और नगदी चोरी कर ली और आराम से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों फ्लैटों में हुई इस चोरी की घटना का पता तब चला जब पर्व मनाकर परिजन अपने घर वापस लौटे। उन्होंने देखा कि फ्लैटों के मुख्य दरवाजों के ताले टूटे हुए हैं। जब वे अंदर गए तो कमरों का सारा सामान अस्त-व्यस्त बिखरा हुआ था और अलमारियों में रखे महंगे आभूषण व नगदी गायब थे। इस बड़ी चोरी की जानकारी मिलते ही पूरे अपार्टमेंट में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। फौरन इसकी सूचना जक्कनपुर थाने की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही जक्कनपुर थाने की पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुँची और स्थिति का जायजा लेते हुए छानबीन शुरू की। शुरूआती जांच में सामने आया है कि चार चोरों के एक गिरोह ने इस पूरी वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस अब अपार्टमेंट और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाल रही है, ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। गौरतलब है कि छठ पर्व के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने घरों में ताला लगाकर पैतृक गांवों और अन्य शहरों में गए हुए थे। अब पर्व के बाद जब लोग लौट रहे हैं, तो उन्हें अपने घरों में चोरी का पता चल रहा है। इससे पहले भी राजधानी पटना में पर्व के दौरान कई जगहों पर बड़ी चोरियों के मामले सामने आ चुके हैं। लगातार आ रही इन वारदातों ने शहरी रिहायशी इलाकों और अपार्टमेंटों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल, पुलिस के सामने इन गिरोहों का पदार्फाश करने और चोरी गए सामान को बरामद करने की बड़ी चुनौती है।

पटना के मनेर में गंगा नदी के घाट पर मिला अज्ञात युवक का शव

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरेया स्थान-दरवेशपुर स्थित गंगा नदी घाट के समीप बुधवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह-सुबह शव मिलने की खबर जैसे ही आसपास के गांवों में फैली, भारी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। इस दर्दनाक और रहस्यमयी घटना के बाद से स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और भय का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक युवक की उम्र करीब 20 से 22 वर्ष के बीच आंकी जा रही है और उसने टी-शर्ट तथा जींस पहन रखी थी। हालांकि, काफी प्रयास के बावजूद खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटनास्थल पर जुटे ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि अपराधियों ने युवक की कहीं और हत्या करने के बाद उसकी पहचान छिपाने और साक्ष्य को पूरी तरह मिटाने की नीयत से शव को लाकर गंगा नदी के किनारे फेंक दिया होगा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत इसकी जानकारी मनेर थाना पुलिस को दी। सूचना पाते ही पुलिस दल-बल के साथ तत्काल मौके पर पहुँची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की और उसे पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में और कैसे हुई है, इसका वास्तविक खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

अक्षय नवमी पर भक्ति के रंग में रंगा सूरजपुरा, गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण

पदमा। प्रखंड क्षेत्र के सूरजपुरा गांव में मंगलवार, 18 नवंबर को कार्तिक उद्यापन एवं अक्षय नवमी के पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष, बच्चे एवं



बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच निकली कलश यात्रा से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा।

कलश यात्रा में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और भक्ति के साथ शामिल हुईं। भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु नदी तट पहुंचे, जहां विधि-विधान से गंगा मैया की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद सभी श्रद्धालु परतन शिव मंदिर पहुंचे। यहां अक्षय नवमी के अवसर पर आंवला वृक्ष की विधिवत पूजा की गई। महिलाओं ने धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की।

आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। धार्मिक अनुष्ठान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच पूरे क्षेत्र में आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर पुरोहित रंजित पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, अविनाश पाण्डेय, मुकेश पाण्डेय, उज्ज्वल पाण्डेय, मुख्य पुजारी टिकेश्वर मेहता, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि परमेश्वर मेहता, अमरजीत कुमार, चंद्रकांत पटेल, विनोद मेहता सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

पूर्व विधायक स्वर्गीय श्याम बिहारी राम के निधन की खबर सुन लोग स्तब्ध।

समाज जागरण संवाददाता। पारस नाथ दुबे। डेहरी। रोहतास।

चेनारी विधानसभा के पूर्व जदयू विधायक स्वर्गीय श्याम बिहारी राम के निधन की खबर सुनकर राज्य महादलित आयोग के सदस्य व राष्ट्रीय वंचित दलित समाज अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन राम (पत्रकार) आश्चर्यचकित रह गए।

उक्त नेताओं ने कहा कि स्वर्गीय श्याम बिहारी राम धरातल से जुड़े व्यक्ति थे, जिनके निधन से समाज के दबे-कुचले वर्गों में काफी शोक व्याप्त है।

मोहन राम ने अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि स्वर्गीय श्याम बिहारी राम बचपन के मित्र रहे। स्वर्गीय श्याम बिहारी राम के विधायक बनने के पूर्व काफी समय हम दोनों का साथ बीता।

वहीं दूसरी तरफ श्री तूफानी राम ने कहा कि स्वर्गीय श्याम बिहारी राम एक नेक दिल इंसान थे, जो मधुर भाषी एवं काफी मिलनसार व्यक्ति थे। इनके निधन से जदयू को काफी नुकसान पहुंचा है। तूफानी राम एवं मोहन राम ने स्वर्गीय श्याम बिहारी राम की आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को साहस व धैर्य रखने हेतु ईश्वर से कामना की है शोक व्यक्त करने वाले में अधिवक्ता उमाशंकर पांडेय हरेंद्र मिश्रा ओमकार पांडे अधिवक्ता सुधीर तिवारी मुन्ना पांडे मुनमुन पांडे जितेंद्र पांडे इत्यादि।

अक्षय नवमी पर आंवला वृक्ष की पूजा को लेकर महिलाओं में दिखा उत्साह, सुख-समृद्धि की कामना।

समाज जागरण संवाददाता। पारस नाथ दुबे। डेहरी। रोहतास।

अक्षय नवमी के अवसर पर आज सुबह से ही आंवला वृक्ष के पास महिलाओं की भारी भीड़ लगी हुई है इस आवल पेड़ के नीचे विष्णु भगवान एवं मां



लक्ष्मी का पूजा होता है पूजा करने के बाद वृक्ष नीचे महिलाएं भोजन करती है अपने परिवार के साथ इसका एक महत्व है की इस दिन भगवान विष्णु का आशीर्वाद मिलता है और विष्णु भगवान का वास होता है।

महिलाएं आंवला के वृक्ष में धागा बांधकर अपने बाल-बच्चों, परिवार के सुख-समृद्धि एवं विकास के लिए भगवान विष्णु से प्रार्थना कर रही हैं।

मान्यता है कि अक्षय नवमी के दिन आंवला वृक्ष की पूजा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के साथ महिलाएं सुबह से ही पूजा-अर्चना में जुटी हुई हैं।

पटना के दानापुर में मूर्ति विसर्जन जुलूस में पिस्टल लहराने वाला एक बालक गिरफ्तार हथियार और पांच जिंदा कारतूस बरामद

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:-वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा के दौरान हथियार लहराने वाले एक नाबालिग बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल और पाँच जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दानापुर पुलिस को मंगलवार की रात गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में निकाली जा रही मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा के दौरान एक युवक खुलेआम हाथ में पिस्टल लेकर प्रदर्शन कर रहा है और माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी अजीत कुमार ने प्रेस वार्ता कर घटना की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भट्ठी मोड़ स्थित आर्य समाज मंदिर के पास छापेमारी की और संदिग्ध हालत में घूम रहे एक बालक को दबोच लिया। तलाशी के दौरान पकड़े गए बालक के पास से एक लोडेड पिस्टल और पाँच जिंदा गोलियां बरामद की गईं। पुलिस ने हथियार और कारतूस को अपने कब्जे में ले लिया है। पूछताछ के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए गिरफ्तार बालक को बाल सुधार गृह (जुवेनाइल होम) भेज दिया गया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि बालक के पास यह अवैध हथियार कहाँ से आया था और इस कृत्य में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे।

निखिल डे हत्याकांड के बाद परिजनों ने टाटा-कांड्रा रोड जाम करने की किए कोशिश, पुलिस के साथ हुई झड़प

अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 18 नवंबर 2026: निखिल कुमार डे हत्याकांड को लेकर बुधवार को आदित्यपुर में सड़क पर विरोध और हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई। मृतक के परिजन न्याय की मांग को लेकर शव के साथ टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर पहुंचे, जहां कुछ लोगों ने सड़क जाम कर यातायात बाधित करने का प्रयास किया।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जब आदित्यपुर पुलिस ने हत्या की सूचना मिलते ही चंद घंटों के भीतर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, तो फिर मुख्य मार्ग पर शव रखकर आम नागरिकों की आवाजाही बाधित करने का औचित्य क्या था?

जानकारी के अनुसार, इस विरोध प्रदर्शन के दौरान मानगो क्षेत्र से पहुंचे कुछ बाहरी लोग भी भीड़ में शामिल हो गए और सड़क जाम करने के लिए लोगों को उकसाने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आदित्यपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने पहले परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब कुछ उपद्रवी तत्वों ने हंगामा तेज करते हुए यातायात अवरुद्ध करने की कोशिश की, तो पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए उन्हें मौके से खदेड़ दिया और मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह सुचारू कराया।

पुलिस की ओर से प्रदर्शनकारियों से स्पष्ट रूप से उनकी मांगें पूछी गईं, ताकि कानून के दायरे में रहकर उनका उचित समाधान किया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परिजनों को न्याय मांगने का पूरा लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और आम जनता को परेशान करने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती। फिलहाल, पुलिस की टीम फरार चल रहे मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और मामले से जुड़े अन्य ठोस साक्ष्य जुटाने में जुटी है।

आरटीआई मामले में अंचलाधिकारी पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना, डीएम को कार्रवाई का आदेश

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



विनय कुमार मुख्य सूचना आयुक्त राज्य सूचना आयोग पटना बिहार।

किशनगंज। राज्य सूचना आयोग, पटना में बुधवार 18 नवंबर 2026 को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य सूचना आयुक्त ने सूचना देने में लापरवाही बरतने के मामले में लोक सूचना पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी, किशनगंज पर 25 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया है। साथ ही अगली सुनवाई में जुमार्ने की राशि जमा कर चालान के साथ उपस्थित होने तथा आवेदक को मांगी गई प्रमाणित सूचना उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

यह मामला वाद संख्या 248/2024, हसीबुर रहमान बनाम लोक सूचना पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी, किशनगंज से संबंधित है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय आरटीआई कार्यकर्ता हसीबुर रहमान ने आरटीआई के माध्यम से किशनगंज के वार्ड पार्षद जमशेद आलम के जाति प्रमाण पत्र से संबंधित चार बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। आरोप है कि निर्धारित प्रक्रिया के बावजूद लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा रही थी।

बुधवार को निर्धारित सुनवाई में हसीबुर रहमान ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। सुनवाई के बाद मुख्य सूचना आयुक्त ने लोक सूचना पदाधिकारी पर 25 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाने के साथ ही प्रथम अपीलीय प्राधिकार को भी कड़ी चेतावनी दी। इसके अलावा जिला पदाधिकारी, किशनगंज को लोक सूचना पदाधिकारी के विरुद्ध प्रपत्र 'क' गठित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

हसीबुर रहमान ने इसे सूचना के अधिकार की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय बताया।

19 दिसंबर को जमशेदपुर में सजेगा फैशन और ग्लैमर का मंच, होगा झारखंड कॉउचर वीक का आयोजन

द अल्कोर होटल में देशभर के फैशन डिजाइनर, मॉडल और सौंदर्य विशेषज्ञ होंगे शामिल, स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की पहल

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

लौहनगरी जमशेदपुर में आगामी 19 दिसंबर को फैशन, ग्लैमर और सौंदर्य की दुनिया का भव्य आयोजन होने जा रहा है। शहर के द अल्कोर होटल में झारखंड कॉउचर वीक एवं फॉवेल सौंदर्य प्रदर्शनी का संयुक्त आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में देशभर के फैशन डिजाइनर, मॉडल, मेकअप कलाकार, सौंदर्य विशेषज्ञ और उद्यमी शामिल होंगे। इसका उद्देश्य जमशेदपुर को फैशन और सौंदर्य उद्योग के उभरते केंद्र के रूप में पहचान दिलाने के साथ स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर का मंच उपलब्ध कराना है।

आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन केवल फैशन प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि झारखंड के उभरते डिजाइनरों, मॉडलों और सौंदर्य क्षेत्र से जुड़े युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी प्रदान करेगा। इसके माध्यम से उन्हें अनुभवी विशेषज्ञों से जुड़ने और रोजगार एवं व्यवसाय के नए अवसर तलाशने का मौका मिलेगा।



पारंपरिक परिधानों के साथ दिखेगी आधुनिक फैशन की झलक

झारखंड कॉउचर वीक में स्थापित और नवोदित फैशन डिजाइनर अपने विशेष परिधानों और रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगे। मंच पर भारतीय पारंपरिक परिधानों, सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक फैशन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। झारखंड सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले डिजाइनर अपनी कलात्मक सोच प्रस्तुत करेंगे।

सौंदर्य और प्रसाधन उद्योग को मिलेगा प्रोत्साहन

फॉवेल सौंदर्य प्रदर्शनी में मेकअप कलाकारों, त्वचा देखभाल विशेषज्ञों, सौंदर्य पेशेवरों और प्रसाधन कंपनियों को अपने उत्पादों एवं सेवाओं के प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। इसके जरिए व्यवसायिक संपर्क, उत्पादों के प्रचार और नए कारोबारी संबंधों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।

फॉवेल प्रोडक्ट एंड सर्विस की पहल

इस संयुक्त आयोजन का संचालन फॉवेल प्रोडक्ट एंड सर्विस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड की पहल पर किया जा रहा है। आयोजन को आइकॉनिक फैशन अकादमी के साहबाज खान का विशेष सहयोग मिल रहा है। अकादमी युवाओं को फैशन एवं रचनात्मक क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर व्यावसायिक अवसरों के लिए तैयार करने की दिशा में कार्य कर रही है।

कमलजीत कौर के नेतृत्व में जुटी स्थानीय टीम

आयोजन की तैयारियों में जमशेदपुर की स्थानीय टीम सक्रिय है। टीम का नेतृत्व कमलजीत कौर कर रही हैं। उनके साथ पिंकी कुमारी, प्रीति कुमारी, निशा सिंह, युवराज सिंह, हर्षित अग्रवाल, पूजा कुमारी सिंह, सरनजीत कौर एवं हरम जोरा आयोजन की विभिन्न जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं।

जमशेदपुर को फैशन जगत में पहचान दिलाने का लक्ष्य

फॉवेल प्रोडक्ट एंड सर्विस के निदेशक संजोग पटनायक ने कहा कि झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। आवश्यकता उन्हें उचित मंच, मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराने की है। इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय डिजाइनरों, मॉडलों, सौंदर्य विशेषज्ञों और उद्यमियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि संस्था का प्रयास है कि जमशेदपुर की पहचान केवल औद्योगिक नगरी के रूप में ही नहीं, बल्कि फैशन, सौंदर्य, कला और रचनात्मकता के क्षेत्र में भी स्थापित हो। आयोजकों को उम्मीद है कि यह आयोजन स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, स्वरोजगार और करियर के नए रास्ते खोलने में सहायक साबित होगा।

झारखंड स्थापना दिवस पर 10 परिवारों का अपने पक्के घर का सपना हुआ साकार, विधायक संजीव सरदार ने सौंपी चाबी

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

पोटका झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर पोटका प्रखंड के ग्रामीण परिवारों को खुशियों की सौगात मिली। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना के तहत बुधवार को पोटका पंचायत भवन में गृह प्रवेश एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोटका के विधायक संजीव सरदार ने 10 लाभुक परिवारों को पक्के मकान का उपहार देते हुए परिग्रह पत्र, उपहार एवं सांकेतिक रूप से घर की चाबी सौंपी। अपने पक्के घर का सपना साकार होने पर लाभुकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इस दौरान विधायक ने एक अबुआ आवास का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन भी किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक संजीव सरदार ने लाभुकों को नए घर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और गरीब परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। अबुआ आवास योजना के माध्यम से वैसे जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है, जो अब तक आवास की सुविधा से वंचित थे। सरकार का संकल्प है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचे और हर जरूरतमंद परिवार को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिले।

दो ग्रामीण सड़कों की योजनाओं का शिलान्यास

गृह प्रवेश एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम के साथ ही पोटका पंचायत क्षेत्र में भीबीजी रामजी योजना के तहत दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया गया। विधायक संजीव सरदार ने दोनों योजनाओं की आधारशिला रखकर निर्माण कार्य की शुरूआत कराई। पहली योजना के तहत प्राथमिक विद्यालय टांगरसाई स्थित इमली पेड़ के नीचे से नदी पुलिया तक जीएसबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। वहीं दूसरी योजना में टुइली सरदार के घर के सामने से जाहेरथान तक जीएसबी सड़क बनाई जाएगी।

इन दोनों सड़क योजनाओं के पूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विशेषकर बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने भी इन योजनाओं के शिलान्यास पर प्रसन्नता जताई।



योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : संजीव सरदार

इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सरकार ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सौगात दे रही है। सरकार केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए भी लगातार काम कर रही है। उन्होंने प्रखंड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूरी तत्परता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की।

विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई ऐसे जरूरतमंद परिवार हैं, जिन्हें सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं मिल पाती है। ऐसे में अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे गांव-गांव तक पहुंचकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दें और पात्र लाभुकों को उनका अधिकार दिलाएं। जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा।

21 नवंबर तक पंचायतों में चलेगा गृह प्रवेश अभियान

प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा ने बताया कि झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 21 नवंबर तक पोटका प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में अबुआ आवास योजना के लाभुकों के लिए गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान की शुरूआत बुधवार को पोटका पंचायत से की गई है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत अलग-अलग पंचायतों में लाभुक परिवारों को उनके नवनिर्मित आवास में गृह प्रवेश कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रशासन का प्रयास है कि सभी पात्र लाभुकों को योजना का लाभ मिले और आवास निर्माण से संबंधित कार्यों को निर्धारित समय में पूरा कराया जाए।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीएम मुकेश मछुआ, पंचायत की मुखिया पानो सरदार एवं मुखिया सावित्री हांसदा उपस्थित रहीं। इसके अलावा पंचायत समिति सदस्य छबि दास, ग्राम प्रधान अमल रंजन सरदार, बीडीओ अरुण कुमार मुंडा, झामुमो नेता सुधीर सोरेन, प्रखंड समन्वयक गुरुचरण महतो, राजेश प्रसाद, लीला सोलंकी, गौतम मल्लिक, बीपीएम मंटू कुमार मुंडा सहित पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

सीएसपी संचालक से ढाई लाख रुपये की लूट का पदार्फाश, तीन अपराधी गिरफ्तार

रोहतास पुलिस ने देसी कट्टा, कारतूस, मोटरसाइकिल और मोबाइल किया बरामद, दो अन्य आरोपित फरार

समाज जागरण संवाददाता : पारसनाथ दुबे डेहरी, रोहतास

रोहतास। रोहतास पुलिस ने काराकाट थाना क्षेत्र में सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर ढाई लाख रुपये लूटने के मामले का पदार्फाश करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से एक देसी कट्टा, 315 बोर का एक जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक मोबाइल बरामद किया है। इस लूटकांड में शामिल दो अन्य आरोपित अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 28 अक्टूबर 2026 को सीएसपी संचालक भोलानाथ पाण्डेय, निवासी धनुछआ, थाना काराकाट, जिला रोहतास, पंजाब नेशनल बैंक की धवनी शाखा से ढाई लाख रुपये निकालकर बेलवाई स्थित सीएसपी जा रहे थे। इसी दौरान कर्मा नाहों गांव के बीच मुख्य सड़क पर दो मोटरसाइकिलों से पहुंचे अज्ञात अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर रुपयों से भरा बैग लूट लिया और फरार हो गए। इस संबंध में काराकाट थाना कांड संख्या 408/26, दिनांक 28 अक्टूबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने



अनुसंधान के दौरान गछई निवासी मुन्ना रजवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, उसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर घटना में प्रयुक्त हथियार उसके नए घर के पीछे मिट्टी में छिपाकर रखे गए स्थान से बरामद किया गया।

पुलिस ने इस मामले में मुन्ना रजवार के अलावा भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के जैसीडीह निवासी संतोष पासवान और जीतन पासवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में इस लूटकांड की साजिश में सुजीत पासवान और हिमांशु कुमार की संलिप्तता भी सामने आई है। दोनों फिलहाल फरार हैं।

ये सामान हुए बरामद

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर एक देसी कट्टा, 315 बोर का एक जिंदा कारतूस, पंजीकरण संख्या BR24AS4488 की एक मोटरसाइकिल तथा एक मोबाइल बरामद किया है।

गिरफ्तार आरोपितों का आपराधिक इतिहास

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार संतोष पासवान के विरुद्ध तरारी थाना, पीरो थाना, बिक्रमगंज थाना और नोखा थाना में हत्या, लूट तथा अन्य गंभीर धाराओं से संबंधित मामले दर्ज हैं। वहीं मुन्ना रजवार के विरुद्ध पीरो थाना में लूट और चोरी का सामान रखने से संबंधित मामला दर्ज है।

रोहतास पुलिस ने बताया कि मामले में फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि अपराध और अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

पटना के बेऊर में शेयर बाजार में नुकसान से तनाव में युवक ने की आत्महत्या

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के बेऊर थाना क्षेत्र के 70 फीट रोड स्थित सरिस्ताबाद में एक दर्दनाक मामला सामने आया है। यहाँ किराये के मकान में रहने वाले 40 वर्षीय संदीप कुमार का शव उनके कमरे से बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच और पुलिस के अनुसार, शेयर बाजार में भारी नुकसान और 15 से 20 लाख रुपये डूबने के कारण वह गहरे तनाव और अवसाद में थे। मृतक की पहचान गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जनकपुर निवासी स्वर्गीय देवशरण प्रसाद के पुत्र संदीप कुमार के रूप में हुई है। वह पटना में रहकर शेयर बाजार में कारोबार और निवेश करते थे। घटना के समय उनके परिवार के लोग छठ पर्व मनाने अपने पैतृक गांव गए हुए थे, और संदीप कमरे में अकेले थे। जानकारी के अनुसार, संदीप के परिवार के लोग और रांची में रहने वाले उनके मंझला भाई संकेत कुमार लगातार उनसे फोन पर संपर्क करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन फोन रिसीव नहीं हो रहा था। कई दिनों तक बात न होने पर संकेत ने पटना में रह रहे संदीप के दोस्तों से संपर्क साधा और उनका हालचाल लेने का आग्रह किया। इसके बाद मंगलवार की रात संदीप के दोस्त मनीष वर्मा उनके किराये के मकान पर पहुंचे। उन्होंने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया और आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। मोबाइल लगातार बजने के बावजूद फोन नहीं उठाया गया। इसके बाद मकान मालिक और आसपास के लोगों को सूचना दी गई, जिन्होंने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को बुलाया। बेऊर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा खुलवाया और कमरे से शव बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि संदीप तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके बड़े भाई संजय जमीन के कारोबार से जुड़े हैं, जबकि मंझले भाई संकेत प्लाईवुड का व्यवसाय करते हैं। संदीप अपने पीछे पत्नी अनुपमा वर्मा उर्फ नेहा, 11 वर्षीय बेटा और नौ वर्षीय बेटी को छोड़ गए हैं। इस दुखद घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। गया से पटना पहुंचे परिजनों ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को अपने पैतृक गांव ले जाकर गया के विष्णुपद घाट पर अंतिम संस्कार किया। बेउर थानाध्यक्ष ने बताया कि शुरूआती छानबीन में यह बात सामने आई है कि शेयर बाजार में भारी वित्तीय नुकसान और बड़ी रकम फंसने की वजह से वह गंभीर मानसिक तनाव में थे। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है।